रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

* *

www.lagatar.in | रांची, रविवार 22 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 164 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	34.7	26.7
जमशेदपुर	35.5	26.4
डालटनगंज	34.2	25.6

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

सर्राफा

सोना (विक्री)	70,150
चांदी (किलो)	91,000

झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस बने एमएस रामचंद्र राव

रांची। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस नियुक्त किए गए हैं. सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया था. जिसपर राष्ट्रपति ने मुहर लगा दी है. जस्टिस एमएस राव की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी गई है.

ब्रीफ खबरें

आतिशी ने ली दिल्ली के सीएम पद की शपथ

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने दिल्ली के सीएम पद की शपथ ले ली है. एलजी विनय सक्सेना ने शनिवार को राज निवास में आयोजित कार्यक्रम में आतिशी को सीएम पद की शपथ दिलाई. इसी के साथ आतिशी दिल्ली की तीसरी और सबसे कम उम्र की महिला सीएम बन गई हैं. उनके साथ विधायक गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने मंत्री पद की शपथ ली.

अमरप्रीत सिंह होंगे वायुसेना के प्रमुख

नयी दिल्ली। एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को वायुसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है. एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह वर्तमान में वायुसेना के उप-प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं. वह 30 सितंबर की दोपहर से अगले वायुसेना प्रमुख के रूप में एयर चीफ मार्शल का पद संभाल लेंगे. वर्तमान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी 30 सितंबर को पदमुक्त होंगे.

खाई में गिरी बस, 4 बीएसएफ जवान शहीद

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में चुनाव ड्यूटी के लिए बीएसएफ के जवानों को ले जा रही एक बस शुक्रवार रात दुर्घटना का शिकार हो गई. दूसरे चरण के लिए चुनाव ड्यूटी पर 36 बीएसएफ जवानों को ले जा रही बस बडगाम जिले के वतरहाल के ब्रेल के पास खाई में गिर गई. जिसमें बीएसएफ के चार जवान शहीद हो गए तथा 28 अन्य घायल हो गए.

गुजरात में परिवार के नौ लोगों ने खाया जहर

राजकोट। गुजरात के राजकोट शहर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां पर एक ज्वेलर परिवार के नौ सदस्यों ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की. खबरों के मुताबिक इस ज्वेलर को मुंबई के कुछ व्यापारियों से करीब 2 करोड़ रुपए वापस लेना है, लेकिन वे चुका नहीं रहे हैं. ऐसे में यह परिवार आर्थिक संकट में आ गया है. जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि एक ही परिवार के नौ सदस्यों ने खुदकुशी करने की असफल कोशिश की.

क्या तत्कालीन खेल मंत्री को बचाने के लिए सीबीआई बनी पिंजरे का तोता!

संडे खास

14 सितंबर: रांची की कोर्ट ने राष्ट्रीय खेल घोटाले के मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया

13 सितंबर: शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी से पता चलता है सीबीआई अब भी 11 साल पहले की उस छवि से बाहर नहीं निकल पाई है

विनीत आभा उपाध्याय । रांची

बीते 13 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस भुइयां ने अरविंद केजरीवाल को जमानत देते हुए कहा कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि से बाहर आना होगा और दिखाना होगा कि वह अब पिंजरे में बंद तोता नहीं रहा.

14 सितंबर को रांची की सीबीआई कोर्ट ने 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले के एक मामले में सीबीआई की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया. कोर्ट ने कहा कि इस मामले की दुबारा जांच करें. 13 सितंबर की टिप्पणी से पता चलता है कि सीबीआई अब भी 11 साल पहले की उस छवि से बाहर नहीं निकल पाई है. और 14 सितंबर के फैसले से यह पता चलता है कि 34वें नेशनल गेम्स घोटाले की जांच सही तरीके से नहीं हुई. किसी को बचाने की कोशिश की गई. क्या वह व्यक्ति तत्कालीन खेल मंत्री सुदेश महतो हैं ! यहां यह उल्लेख जरूरी है कि विपक्ष यह आरोप लगाता रहता है कि एनडीए में शामिल लोगों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियां कार्रवाई नहीं करती हैं.

सुदेश महतो के खिलाफ क्या है रिपोर्ट में

34वें नेशनल गेम्स को लेकर खेलगांव में मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण कराया गया है. इस कांप्लेक्स के निर्माण के लिए प्राक्कलित राशि 206 करोड़ से बढ़ा कर 450 करोड़ रुपए कर दी गई थी. इसे लेकर विधानसभा में चर्चा हुई थी. चर्चा के बाद सरकार ने इस आरोप की जांच विधानसभा की विशेष समिति से कराने का फैसला लिया था. जिसके बाद 26 अगस्त 2006 को विधायक सरयू राय के नेतृत्व में सात सदस्यीय कमेटी बनाई गई. इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को दी थी. साथ में 11 अनुशंसाएं भी की थीं. पहली अनुशंसा में समिति ने कहा है कि मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के निर्माण की लागत में 150 प्रतिशत की वृद्धि सरकार व शासन का गैर-जिम्मेदाराना फैसला है. इसकी जांच जरूरी है. इसके लिए टेंडर प्रक्रिया में शामिल सभी लोगों को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी. आठवें बिंदु में लिखा है कि मंत्री और उनके आप्त सचिव ने विदेश भ्रमण किया और उसका बिल जमा नहीं किया. यह एक गंभीर मामला है. यह मामला विदेशी मुद्रा के उपयोग-दुरुपयोग से भी जुड़ा है. इसके लिए मंत्री से स्पष्टीकरण पूछा जाए और उनके आप्त सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाए. साथ ही इस मामले की सूचना तत्काल एजी (लेखा एवं अंकेक्षण महानिरीक्षक) को दी जाए. यहां उल्लेखनीय है कि उस वक्त खेल मंत्री सिल्ली के विधायक सुदेश महतो थे.

नौवीं अनुशंसा में लिखा है कि निर्माण कार्य में मान्य नियमों, परिनियमों तथा प्रावधानों का पालन करने के लिए सभी विभागीय प्रमुखों को निर्देश दिया जाना चाहिए और टेंडर कमेटी के निर्णयों को खेल विभाग के सचिव और मंत्री के हस्तक्षेप से मुक्त रखने के लिए ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए. इस तरह कमेटी ने तत्कालीन मंत्री को इस मामले में कटघरे में खड़ा किया.

मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स निर्माण में कथित घोटाले को लेकर पहले एसीबी ने जांच की. बाद में हाई कोर्ट के आदेश पर इस मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया गया.

सीबीआई ने एक मामले में आरोपियों को खिलाफ चार्जशीट दाखिल की, जबकि दूसरे मामले, जिसमें तत्कालीन खेल मंत्री फंस सकते थे, उसमें क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई. इस कारण ही यह सवाल उठने लगा है कि क्या तत्कालीन खेल मंत्री सुदेश महतो की वजह से ही सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की. और एजेंसी को अदालत में फजीहत झेलनी पड़ी.

पीएम मोदी अमेरिका पहुंचे, क्वाड सम्मेलन में करेंगे शिरकत

नयी दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर देर रात वाशिंगटन पहुंच गए. वहां वे क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. साथ ही संयुक्त राष्ट्र के भविष्य के शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे. इसके अलावा मोदी एक सामुदायिक कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे और वहां भारतीय प्रवासियों से बात करेंगे.

पीएम मोदी अपनी यात्रा के दौरान द्विपक्षीय बैठकें करेंगे. अमेरिका जाने से पहले मोदी ने एक्स पर लिखा कि वो अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं, जहां कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे. राष्ट्रपति जो बाइडन के गृहनगर विलमिंगटन में क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडेन, ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बानीज, जापान के पीएम फुमियो किशिदा के साथ शामिल होने के लिए उत्सुक हैं.

सीजीएल परीक्षा | **राज्य में जनजीवन रहा प्रभावित**

आज फिर कटेगा इंटरनेट

संवाददाता । रांची

जेएसएससी (सीजीएल) परीक्षा खत्म होने के साथ ही शनिवार को राज्य भर में इंटरनेट सेवा को बहाल कर दिया गया. लेकिन रविवार को सुबह 7 बजे से दिन के 3 बजे तक के लिए फिर इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया जाएगा. रविवार को दिन के 3 बजे के बाद ही इंटरनेट सेवा पूरी तरह बहाल को पाएगी. उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार ने पर्चा लीक को रोकने के लिए यह कदम उठाया है. शुक्रवार को सरकार ने मोबाइल कंपनियों को पत्र लिख कर परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा को बंद करने का निर्देश दिया था. शनिवार की सुबह पांच से सात बजे के बीच राज्य भर में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी थी. लेकिन दिन के तीन बजे के बाद ही इंटरनेट सेवा बहाल कर दी गई. इसकी वजह से शनिवार को झारखंड में जन जीवन प्रभावित रहा.

ऑनलाइन काम करने वालों को दिक्कत हुई. सोशल मीडिया पर सक्रिय लोग दिन भर निराश दिखे. जिन घरों में स्मार्ट टीवी लगे हैं, उन घरों के बच्चे परेशान रहे. शहरी क्षेत्र में लोगों को आने जाने में भी परेशानी हुई. क्योंकि तमाम तरह के कैब इंटरनेट पर ही बुक होते हैं. कार और बाइक राइड की बुकिंग लोग नहीं कर सके. परीक्षा देने वालों को भी परेशानी झेलनी पड़ी. इंटरनेट सेवा बंद होने का असर जोमेटो, स्विगी पर भी पड़ा. नेट बहाल होने के बाद भी कई घंटों तक ऑनलाइन खाना ऑडर नहीं हो पा रहा था. आम से लेकर खास लोगों तक दिन भर इंटरनेट सेवा बाधित होने को लेकर ही चर्चा होती रही.

आईं तमाम दिक्कतें, ऑनलाइन काम करने वाले रहे परेशान

- राज्य सरकार ने परीक्षा में पर्चा लीक रोकने के लिए उठाया था ये सख्त कदम

हाईकोर्ट पहुंचा इंटरनेट बंद करने का मामला

हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा 4 हफ्ते में जवाब

रांची। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के कारण राज्य में इंटरनेट सुविधा बंद किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है. जिसपर शनिवार को हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सुनवाई की. सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि इंटरनेट बंद करने के लिए क्या पॉलिसी है. क्या सभी परीक्षाओं में इसी तरह इंटरनेट बंद कर दीजिएगा. हाईकोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है.

क्या सभी परीक्षाओं बंद कर देंगे इंटरनेट : खंडपीठ ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि परीक्षा के कारण 6 घंटे झारखंड में इंटरनेट सेवा क्यों बंद की गई. इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, व्यावसायिक सेवा, बैंकिंग सेवा, परिवहन सेवा आदि प्रभावित हुई है. इंटरनेट सेवा लोगों की मौलिक जरूरत में आती है. एक माह में अगर पांच परीक्षाएं होंगी, तो क्या पांच बार इंटरनेट सेवा बंद कर दी जाएगी. खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट इस विषय को देखेगी. किन परिस्थितियों में झारखंड में इंटरनेट सेवा बंद की जा सकती है, इस पर कोर्ट निर्णय लेगी.

कोर्ट ने नहीं माना प्रार्थी का आग्रह : दरअसल, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने समाचार पत्रों में शनिवार और रविवार को 6 घंटे इंटरनेट सेवा बंद होने की खबर पढ़ी थी. इसके आलोक में उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल के माध्यम से एक्टिंग चीफ जस्टिस को पत्र लिखा था जिस पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्णा ने पक्ष रखा. उन्होंने अदालत से इंटरनेट सुविधा बंद किए जाने पर रोक का आग्रह भी किया. लेकिन कोर्ट ने उनके आग्रह को नहीं मानते हुए सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. - शेष पेज 7 पर

टेस्ट में पंत ने की धौनी बराबरी

चेन्नई। चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शतक बनाया. यह ऋषभ पंत के टेस्ट करियर का छठा शतक है. ऋषभ पंत ने 128 गेंदों पर 109 रन बनाए. साथ ही ऋषभ पंत पूर्व भारतीय कप्तान और विकेटकीपर महेन्द्र सिंह की बराबरी पर पहुंच गए हैं. दरअसल, माही ने अपने टेस्ट करियर में 6 बार शतक का आंकड़ा पार किया था. वहीं, अब तक ऋषभ पंत अपने करियर में 6 शतक जड़ चुके हैं. -पेज 10 भी देखें

42 दिन बाद काम पर लौटे जूनियर डॉक्टर

एजेंसी । कोलकाता

ममता सरकार को दिया सात दिनों का अल्टीमेटम

पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों में जूनियर डॉक्टर्स ने 42 दिन के बाद शनिवार से आंशिक रूप से काम करना शुरू कर दिया. आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर मौजूद महिला चिकित्सक से बलात्कार और हत्या की घटना हुई थी. इसके खिलाफ जूनियर डॉक्टर्स ने काम बंद कर दिया था.

शनिवार से उन्होंने अस्पतालों में आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं में काम करना शुरू कर दिया, लेकिन उन्होंने ओपीडी में अब भी काम शुरू नहीं किया है. प्रदर्शनकारी चिकित्सकों में शामिल अनिकेत ने कहा, हमने काम पर लौटना शुरू कर दिया. हम केवल आवश्यक और इमरजेंसी सेवाओं में काम पर लौटना शुरू कर चुके हैं, मगर ओपीडी में काम शुरू नहीं किया गया है. यह नहीं भूलें कि हम केवल आंशिक रूप से काम पर लौटे हैं. उन्होंने बताया कि उनके अन्य सहयोगी बाढ़ प्रभावित जिलों में पहले ही जा चुके हैं, जहां वे लोगों के लिए प्रतिबद्धता दिखाते हुए अभया क्लीनिक शुरू करेंगे.

प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स की चेतावनी : डॉक्टरों ने कहा, वे घटना में प्रशासन से न्याय करने और राज्य के स्वास्थ्य सचिव को हटाए जाने की अपनी मांगों को पूरा करने के लिए अगले सात दिनों तक इंतजार करेंगे. अगर ऐसा नहीं हुआ, तो फिर काम बंद करेंगे. आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को महिला चिकित्सक का शव मिला था. ये डॉक्टर्स तभी से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. उनकी मांग है कि इस घटना में जान गंवानेवाली महिला चिकित्सक को न्याय मिले. उन्होंने इस मामले में प्रमुख अधिकारियों की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की भी मांग की है. सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है.

राज्य के सुरक्षा सलाहकार ने किया दावा

म्यांमार से '900 कुकी उग्रवादियों' के भारत में घुसने की खुफिया रिपोर्ट सही

एजेंसियां । इंफाल

मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार ने एक बड़ा खुलासा किया है. उन्होंने शनिवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से इस बात की पुष्टि की कि उन्हें एक खुफिया रिपोर्ट मिली है, जिसमें पड़ोसी म्यांमार से मणिपुर में जंगल युद्ध और हथियारबंद ड्रोन के इस्तेमाल में प्रशिक्षित 900 कुकी उग्रवादियों के प्रवेश के बारे में चेतावनी दी गई है.

मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस खुफिया रिपोर्ट को हल्के में नहीं लिया जा सकता. वहीं, एनडीटीवी ने शीर्ष खुफिया सूत्रों के हवाले से बताया है कि खुफिया रिपोर्ट दक्षिणी मणिपुर में भारत-म्यांमार सीमा से लगे जिलों के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को भेजी गई है. गुरुवार को भेजी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 900 कुकी उग्रवादियों ने हाल ही में ड्रोन-आधारित बम, प्रोजेक्टल, मिसाइल और जंगल युद्ध का प्रशिक्षण लिया है और म्यांमार से मणिपुर में प्रवेश किया है. खुफिया सूत्रों ने बताया कि कुकी उग्रवादियों को 30-30 सदस्यों की इकाइयों में बांटा गया है और फिलहाल वे अलग-अलग हिस्सों में बिखरे हुए हैं. उन्होंने कहा कि वे सितंबर के आखिरी सप्ताह में मैतेई गांवों पर कई समन्वित हमले कर सकते हैं. कुलदीप सिंह ने कहा कि उन्हें लगता है कि रिपोर्ट 100 प्रतिशत सही है. - शेष पेज 7 पर

म्यांमार से भाग कर भी आ रहे कुकी

म्यांमार के चिन और अन्य राज्यों में जातीय सशस्त्र समूह जुंटा से लड़ रहे हैं और देश के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है, जिस पर पहले जुंटा का नियंत्रण था. कुछ लड़ाइयां भारत की सीमा के नजदीक हुई हैं, जिसमें कुछ सैनिक चिन राज्य के विद्रोहियों की ओर से उन पर कब्जा कर लेने के बाद भारत भाग गए हैं. मणिपुर सरकार लंबे समय से कहती रही है कि राज्य में जातीय हिंसा दक्षिणी मणिपुर में अवैध अप्रवासियों की आबादी में भारी वृद्धि का प्रत्यक्ष परिणाम है.

अमित शाह का विपक्ष पर वार

तीन परिवारों ने रोकी थी कश्मीर में जम्हूरियत, हमने सुधार दिया

मेंढर (पुंछ)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पुंछ जिले के मेंढर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस तथा पीडीपी पर निशाना साधा. कहा कि ये चुनाव, जम्मू-कश्मीर में तीन परिवारों का शासन समाप्त करने वाला है. शाह ने कहा कि अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार, इन तीनों परिवारों ने यहां जम्हूरियत को रोक कर रखा था.

उन्होंने कहा कि अगर 2014 में मोदी जी की सरकार न आती तो पंचायत, ब्लॉक, जिले के चुनाव नहीं होते. शाह ने कहा, जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला, मुफ्ती और नेहरू-गांधी परिवार ने 90 के दशक से लेकर अब तक दशहतगर्दी फैलाई. आज मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू-कश्मीर से दशहतगर्दी को समाप्त किया है. यहां के युवाओं के हाथ में पत्थर की जगह लैपटॉप दिया है. उन्होंने विपक्ष दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने कहा है कि हम आरक्षण समाप्त करेंगे, जबकि हम (भाजपा) कह रहे हैं कि हम प्रमोशन में भी गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण देंगे. - शेष पेज 7 पर

मल्लिकार्जुन खरगे का पलटवार

ये कैसा प्यार, मोहब्बत हमारे साथ और शादी पाकिस्तान से

जम्मू। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधाते हुए आरोप लगाया कि यह गठबंधन आतंक के आका पाकिस्तान के उसी एजेंडे को जम्मू-कश्मीर में लागू करना चाहता है, जिसने यहां पीढ़ियां बर्बाद की और खून बहाया. अब इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कड़ा पलटवार किया है. खरगे ने इन आरोपों को झूठा बताते हुए कहा, भाजपा भले ही भारत से मोहब्बत करती हो, लेकिन उसने शादी पाकिस्तान से की है. जम्मू में शनिवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस प्रमुख खरगे ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारी पार्टी पाकिस्तान जाकर बिरयानी नहीं खाती और न गले मिलती है. उनकी

यह टिप्पणी पीएम मोदी की दिसंबर 2015 में पाकिस्तान की आश्चर्यजनक यात्रा के संदर्भ में की गई, जब उन्होंने अपने तत्कालीन समकक्ष नवाज शरीफ से मुलाकात की थी. खरगे ने कहा, पीएम मोदी और अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का एजेंडा पाकिस्तान से जुड़ा हुआ है. -शेष पेज 7 पर

नितिन गडकरी ने किसे दी नसीहत

शासक को अपनी आलोचना पर आत्ममंथन करना चाहिए

मुंबई। राजा (शासक) को ऐसा होना चाहिए कि यदि कोई उसके खिलाफ बात करे, तो उसे बर्दाश्त करे. आलोचनाओं पर आत्मचिंतन करे. यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा होती है. ये विचार केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हैं. गडकरी इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. गडकरी पुणे में एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे. मंत्री ने कहा, इस समय हमारा देश मतभेदों की नहीं, बल्कि मतभेदों की कमी की समस्या से जूझ रहा है. कहा कि अगर विचारकों, दार्शनिकों और लेखकों को लगता है कि उनके विचार देश और समाज के हित में हैं, तो उन्हें अपनी राय बेहिचक रखनी चाहिए. गडकरी ने संविधान का हवाला देते हुए कहा कि संविधान सभी को अभिव्यक्ति की आजादी देता है. हमें लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, जो विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका और मीडिया के चार स्तंभों पर खड़ा है. यही संविधान विचारकों को बिना किसी डर के राष्ट्रहित में अपनी राय रखने की अनुमति देता है. -शेष पेज 7 पर

सिख विवाद पर राहुल ने तोड़ी चुप्पी

क्या मैंने जो कहा है, उसमें कुछ गलत है? भाजपा भ्रम फैला रही

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से अमेरिका में सिखों पर दिए गए बयान को लेकर भाजपा हमलावर है. भाजपा के नेताओं ने इसे लेकर देश के कई राज्यों में राहुल गांधी के खिलाफ मामले भी दर्ज करवाया है. इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में दिए अपने भाषण का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सफाई दी है. राहुल गांधी ने कहा, भाजपा अमेरिका में मेरे बयान के बारे में झूठ फैला रही है. मैं भारत और विदेश में रहने वाले हर सिख भाई-बहनों से पूछना चाहता हूं... क्या मैंने जो कहा है, उसमें कुछ गलत है? क्या भारत ऐसा देश नहीं होना चाहिए, जहां हर सिख और हर भारतीय बिना किसी डर के अपने धर्म का पालन कर सके? राहुल गांधी ने आगे कहा, भाजपा हमेशा की तरह झूठ का सहारा ले रही है. वे मुझे चुप कराने के लिए बेताब हैं क्योंकि वे सच बर्दाश्त नहीं कर सकते, लेकिन मैं हमेशा उन मूल्यों के लिए बोलूंगा, जो भारत को परिभाषित करते हैं...विविधता में हमारी एकता, समानता और प्रेम. - शेष पेज 7 पर

वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश को दी गयी अंतिम विदाई, सीएम हेमंत ने अर्पित की श्रद्धांजलि

संवाददाता। रांची

वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश का अंतिम संस्कार शनिवार को हरमू मुक्तिधाम में किया गया. पुत्र प्रतीक ने मुखाग्नि दी. इससे पहले मुंबई से सुबह में उनका पार्थिव शरीर रांची लाया गया. उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को दिन के 12 बजे से ढाई बजे तक रांची प्रेस क्लब में भी रखा गया, जहां सीएम हेमंत सोरेन भी उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे.

सीएम ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. दुःख की इस घड़ी में मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकार रवि प्रकाश जी का निधन काफी पीड़ादायक है. यह पत्रकारिता जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है. उनके बारे में जितना कुछ कहा जाए, वह कम होगा. पत्रकारिता के प्रति समर्पित रवि जी जैसे युवा पत्रकार ने पत्रकारिता के क्षेत्र में जो मिसाल कायम की हैं, उन्हें आगे भी जिंदा रखा जाए. शोक की इस घड़ी में उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं.

सीएम हेमंत सोरेन रविप्रकाश के पिता, पत्नी संगीता व पुत्र प्रतीक को ढांढ़स बंधाते नजर आये. मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सीटी एसपी राज कुमार मेहता, समाजसेवी और पत्रकारों ने रवि प्रकाश को श्रद्धांजलि दी. रांची प्रेस क्लब कमेटी के अध्यक्ष, सचिव सहित संपूर्ण कार्यकारिणी और अन्य सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी. रवि प्रकाश को श्रद्धांजलि देने के लिए पत्रकारिता जगत सहित सामाजिक संगठनों के कई लोग हरमू मुक्तिधाम भी पहुंचे थे.

ई बड़की पार्टिया में अजबे-गजबे नेताजी
एगो पद मिला, लेकिन ढीढ़े न भर रहल है

संजय सिंह

देश की एगो बड़की पार्टिया के अपन राज्य में बड़िए बुरा हाल है. ई पार्टिया के नेताजी लोग को पार्टी केतनो दे दे, ढीढ़ें न भर रहल है. मानें, सबकुछ ईहे गिनल-चुनल नेताजी लोग के चाही, बाकी सब झोलटंगवा बनल रहे, झाल बजाईते फिरे. गजबे है सब भाई. ई नेताजी लोग आयोग-बोर्ड में बड़का पदवा तो हथियाईए लीहिस है, तईयो मन न भरा है. रांची से दिल्ली तक एक कईले है. अब ई लोग विधानसभा चुनाउवा में भी पंजा लड़ावेला हाफ-डीप कईले है. बड़का नेताजी के आगे-पीछे परिक्रमा कईले, भजन-कीर्तन भी गाईले है. चरण बंदना तो अईसे कईले हैं ई नेताजी लोग कि पूछिए मत. एगो फाटक बाबा तो अईसन सेटर हैं कि पूछिए मत. मतलब रहता है तो ऊपरे से (दिल्लीए से) पद और चुनाउवा में टिकटवा लेले-देले लैंड कर जाते हैं और मतलब निकल गया, तो फिर से दिल्ली प्रवास. लेकिन जब-जब झारखंड में पद का मजा मारे लगी मौका आता है, तो ई फाटक बाबा टपक जाते हैं. दु बेर पंजा लड़ावे के मौका भी मिला, न तो बरकट्ठा में सके और न हजारीबाग में. दुनों दपा फेंका गिया. बहकुनिए पटकाए थे, मुंहों-नाक थुराया था, लेकिन अभी फाटक बाबा हैं पूरा ढीठे, एगो पद मिलिए गेले है, तइयो पंजा लड़ावेला हाथ-पैर मारले हैं. दरअसल ई फाटक बाबा के आम लोग या झारखंड से कभी कोइयों मतलबे न रहा है, तो लोगबाग भी इन्हें सबकवा सिखाइए देते हैं. फिर आयेंगे, टिकटवा मिला, तो सौ प्रतिशत हार कर अपना व पाटिया के फजीहत कराके फिर से दिल्ली में हवा खाए चल जाएंगे.अभी फाटक बाबा हांफले ही हैं, तले दुगो और पदधारी (राज्यमंत्री का मजा मारेवाला) नेताजी लोग भी पंजा लड़ावे ला हांफले हैं. ई दुनों लोग भी सेटिंग-गेटिंग में लगल हैं. ई लोग तो अईसन सेटिंग में लगल है कि बिना फील्ड में घूमले पार्टी और गंठबंदन के भरोसे जीते के सपना देख रहिस है. लेकिन ई लोग के मालूम है कि पांच साल जनता के बीच से आउट रहे, तो भला जनका कइसे उनके नाम पर गंभीरता से विचार करेगी. अब देखिए न पंजा लड़ावे ला एगो घर ब्रांड बोर्डवा में कोटा बेसिस पर पद तो हथिया लीहिन हैं, लेकिन पंजवा लड़ावे ला कीड़वा इनका काटले है. ई भाई जी के भी तरह-तरह के करतूत के कारण खूबे चर्चा में रहल हैं. एक बेर तो छात्र लोग के संगठनवा के हांके लगी मौका मिलल था, लेकिन नेताजी कुछो करिए न सके. खाली हाफ-डीप करे में ही बिजी रहे. कोटावाले नेताजी है, तो तनिका ज्यादा ही फायदा उठा लेते हैं. एग बार विधानसभा चुनाउवा में टिकटवा तो हथिया लीहिन, बिना क्षेत्र में घूमले ही सोचे थे कि चुनावी वैतरणी पार लग जाएगा, लेकिन साहिब चतरा वाला लोगबाग अइसन धूल चटाइस कि बेचारे मुंह-नाक संभारले भागे कि कहीं फूट न जाए.

चुनावी चकल्लस

वईसे ई नेताजी के बोर्ड संभाले ला मिलल है, लेकिन ऊहां भी कुछो करिए नहीं पा रहे हैं. बैठक कर तरह-तरह के आदेश पारित कईले रहते हैं, तनिका डरावेवाला भी निर्णय भी ले लेते हैं, अपने न लिए, तो और मेंबरवन लोग से भी कुछो पैसला करवाइए लेते हैं ताकि कुछ माल-पत्तर के भी जोगाड़ हो जाए. ई नेताजी के एगो वीडियो भी एग बार खूबे वायरल हुआ था. सोमरस के मजा मारवे नेताजी अंडबंड का-का तो बोलले थे. लेकिन बाद में सभे कुछ मैनेज हो गईल था. एक बेर तो नेताजी लोह अईसन करतूत कीहिस था कि पूछिए मत. एगो हटिया देने कोई हेस्ट हाउस टाइप का चीज था, उहां तो नेताजी व उनके साथ लोग एतना केचाहिन कईले था कि पूछिए मत. तरह-तरह का रस के पान कईले लोग तो खूब हंगामा कीहिस था. बरतन पटका-पटकीवाला रंगदबाजी भी कईले थे. नेताजी के करतूत से पार्टी के बड़कन नेताजी लोगन को भी अवगत कराया गया था. लेकिन बड़का नेताजी लोग गलती-सलती माफ कर दीहिन थे. खाली एगो नोटिस देके माफ कर दीहिन थे. अब भला बताइए न, कही बार-बार चूल्हवा पर काठ के हांडी कही चढ़ते देखे-सुने हैं का. नहीं ना. लेकिन ई नेजाती के ढीढ़ अभी न भरल है. सबकुछ इनको ही चाहिए. बाकी जे नेताजी लोग है, ओकरा ई नेताजी बड़ा हेय दृष्टि से देखते हैं. बुझते हैं कि ई सब तो जोलटंग हइए है. ई सब के काम तो झारे ढोवेवाला है न. वईसे ई नेताजी हैं बड़की शातिर और चतुरे चलहाक. भाईजी सेटिंग करे ला प्रभारी महोदय के आगे-पीछे पैडल मारले हैं. पैडल मारते-मारते भाईजी ठंडा होवे ला कश्मीर तक भी पहुंच गिये. अब कश्मीर तक गिये थे, तो प्रभारी महोदय की कितनी कृपा बरसती है, ई तो आवेवाला समय ही बताएगा, लेकिन नेतन नेताजी कांके ब्रांड के एगो नेताजी के बइठाए के चक्कर में लगल है. सेटिंग पूरा कईले हैं, लेकिन गेटिंग में सक्सेसफुल होते है कि नही, ई तो आवेवाला वक्त ही बताएगा, लेकिन नेताजी के पइडल मार-मार के हंफनी तो धईले है. वईसे भी नेताजी के पैरवा आजकल घरतिया पर नहीं पड़ रहिस है. ऊपरे-ऊपरे ताकले हैं, लेकिन जानिए न रहे हैं कि कहीं ऊपरे ताके के चक्कर में नीचे गढ़हिया में न घुसिया जाएं.

ब्रीफ खबरें

ग्रामीण विकास को बीडीओ के रूप में मिले 18 अफसर

रांची । ग्रामीण विकास विभाग को झारखंड सरकार ने 18 प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की सेवा प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के पद पर पदस्थापन किया है. 18 पदाधिकारियों में प्रमोद कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार, नितेश कुमार गौतम, कांचन मुखर्जी, ललित नारायण तिवारी, कलिंद्र साहू, शिवबालक प्रसाद, लक्ष्मण यादव, रवि नंदन उरांव, श्रवण कुमार भगत, विजय उरांव, रंजन तिर्की, सुनील कुमार मुरमू, विजय राम, प्रधान हांसदक, देवलाल करमाली, नेमन कुजूर, सोमनाथ उरांव हैं.

मानव तस्करी रोकने के लिए टोल फ्री नंबर जारी

रांची/सिमडेगा। सिमडेगा पुलिस ने मानव तस्करी रोकने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया है. सिमडेगा पुलिस ने आईजी प्रोविजन को पत्र लिख कर इस बात की जानकारी दी है. लिखे पत्र में कहा गया है कि सिमडेगा जिला मानव तस्करी से अत्यधिक प्रभावित है. यहां से सबसे अधिक कमाने के नाम पर बाहर जाने और ले जाने की शिकायत मिलती है. कई बार इस प्रकार का मामला सामने आया है कि यहां के लड़के और लड़कियों को कमाने और नौकरी दिलाने के नाम पर बाहर ले जाकर विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जाता है. इसे गंभीरता से देखते हुए सिमडेगा जिला में टोल फ्री नंबर 1800 3 456256 जारी किया गया है. पीड़ित या अन्य व्यक्ति इस नंबर पर कॉल करके प्रताड़ना की सूचना पुलिस को दे सकें और शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके.

विधानसभा चुनाव : झारखंड में जल्द लगेगी आचार संहिता

चुनाव आयोग की टीम 23 सितंबर को आएगी रांची

संवाददाता। रांची

झारखंड में जल्द ही आगामी विधानसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होने के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता लागू होने वाली है. इसको लेकर तैयारी शुरू हो गयी है. विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने सोमवार 23 सितंबर को भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची आएगी. दो दिनों तक चलने वाले इस दौरे में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार समेत तीनों चुनाव आयुक्त शामिल होंगे. गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड और आईजी अभियान ने संयुक्त रूप से जिले के एसपी और डीसी के साथ निर्वाचन आयोग के आने से संबंधित तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक की थी. इस दौरान आयोग की समीक्षा के लिए पीटी की तैयारी, सुरक्षा बलों के रहने व मूलभूत सुविधा की तैयारी और लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान दायर वादों की स्थिति की समीक्षा की गयी.

एक ही जिले में तीन साल के अधिक समय से तैनात जवानों का हुआ तबादला : झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर एक ही जिले में तीन साल से पदस्थापित पुलिस कर्मियों का तबादला किया जा चुका है. राज्य पुलिस स्थापना परिषद

की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद बीते 18 अगस्त को एक ही जिले की इकाई में तीन वर्ष या उसके अधिक समय अवधि तक पदस्थापित पुलिस निरीक्षक और परिचारी प्रभारी की ट्रांसफर-पोस्टिंग हुई थी. इसके अलावा एक ही जिले में तीन साल अधिक समय से पदस्थापित एसपी का भी तबादला किया जा चुका है. पदाधिकारियों का यह तबादला भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ था. भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव से पूर्व स्थानांतरण-पदस्थापन कार्य पूरा करने संबंधित आदेश जारी किया था. उसी आदेश के आलोक में तबादले की यह कार्रवाई हुई है. अब संभावना जताई जा रही है कि आईपीएस और आईएएस रैंक के अफसरों का तबादला सरकार की ओर से नहीं किया जाएगा.

11 आईएएस का तबादला, कई जिलों के एसडीओ भी बदले

संवाददाता। रांची

झारखंड सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 11 पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है. कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है. अनुमंडल पदाधिकारी मधुपुर देवघर आशीष अग्रवाल को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण सरायकेला खरसावां के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी अनिकेत सचान को अगले आदेश तक अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद पीयूष सिन्हा को स्थानांतरित करते हुए अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था धनबाद के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है. अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर रीना हंसदा को स्थानांतरित करते हुए परियोजना निदेशक समेकित जनजातीय विकास अभिकरण गुमला के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है. अवर सचिव वित्त विभाग शताब्दी मजूमदार को स्थानांतरित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम के पद पर नियुक्त किया गया है. प्रतीक्षारत श्रुति राज लक्ष्मी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर के पद पर नियुक्त किया गया है. प्रतीक्षारत रवि कुमार को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी देवघर के पद पर नियुक्त एवं पद स्थापित किया गया है. प्रतीक्षारत दीपेश कुमारी को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी के पद पर नियुक्त किया गया है. प्रतीक्षारत कृष्णकांत कांवरिया को अगले आदेश तक हुसैनाबाद का अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है. सुलोचना मीणा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी मेदिनी नगर सदर के पद पर नियुक्ति एवं पदस्थापित किया गया है. प्रतीक्षारत प्रांजल ढाडा को अगले आदेश तक अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है.

जसवंत सिंह हत्याकांड

अमर, वंश नारायण व रणधीर को उम्रकैद

रांची । रांची सिविल कोर्ट ने ठाकुर जसवंत सिंह हत्याकांड के दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. इसके साथ ही अदालत ने दोषियों के पर पांच-पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है. अदालत ने इस केस में अमर सिंह, वंश नारायण सिंह और रणधीर सिंह को 11 सितंबर को दोषी करार दिया था. शनिवार को कोर्ट ने दोषियों की सजा की बिंदु पर सुनवाई की. बता दें कि 9 अक्टूबर 2015 को धुर्वा थाना क्षेत्र ठाकुर जसवंत सिंह की धुर्वा इलाके में दिनदहाड़े गोली कर हत्या कर दी गई थी.

छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर हुई सुनवाई

रांची । चेशायर होम रोड की ज़मीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम केस के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. शनिवार की सुनवाई के दौरान दोनों की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया. कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए क्रमशः 27 सितंबर और 5 अक्तूबर की तिथि निर्धारित की है. बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आइएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था.

सीजीएल परीक्षा पर इंटरनेट बैन को बाबूलाल ने बताया तुगलकी फरमान

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में दो दिनों के लिए इंटरनेट बैन को तुगलकी फरमान बताया है. इसे लेकर राज्य सरकार के फैसले की खिंचाई की है. एक्स पर पोस्ट करते कहा कि हेमंत सरकार द्वारा झारखंड में दो दिनों के लिए सुबह से दोपहर तक (8:00- 1:30 बजे दिन तक) इंटरनेट बंद किए जाने का निर्णय अव्यवहारिक और हास्यास्पद है. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की परीक्षा देने के लिए कई राज्यों के अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं. इंटरनेट बंद कर देने के फैसले दूसरे राज्यों से आए अभ्यर्थियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि इंटरनेट हमारी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है. बच्चों की पढ़ाई लिखाई

से लेकर बैंकिंग कार्यों तक, सरकारी दफ्तरों से लेकर गांवों के प्रज्ञा केंद्रों तकस्कूल, कचहरी, अस्पताल, मकान, दुकान सड़क यातायातरेल सेवा हवाई सेवाइंटरनेट हर जगह की जरूरत बन चुका है. आपके द्वारा इंटरनेट बंद किए जाने के निर्णय से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. लोगों के काम-धंधे प्रभावित हो रहे हैं, राज्य की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है.

बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन से कहा कि सिर्फ इंटरनेट पर ही पाबंदी क्यों लगा रहे हैं? लोगों के घरों से बाहर निकलने पर ही पाबंदी लगा दीजिए. बाजार बंद करा दीजिए. कर्फ्यू की घोषणा कर दीजिए. अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बिना पूर्व सूचना के अचानक से देर रात इंटरनेट बंद करने का मूर्खतापूर्ण फैसला वापस लीजिए. जनता समझ चुकी है कि आपके पास कदाचारमुक्त परीक्षा कराए जाने की क्षमता ही नहीं है. याद रखिए, जिन सलाहकारों की वजह से आप पांच माह के होटवार प्रवास से वापस आए हैं, वही सलाहकार आपको जगहंसाई का पात्र बनाने और आपसे एक के बाद तुगलकी फैसले करवा कर आपको रसातल में पंहुचाने पर तुले हुए हैं.

जीडी, ट्रेड्समैन, तकनीकी के लिए भर्ती रैली हुई थी

अग्निवीर भर्ती रैली का रिजल्ट जारी, कल से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

संवाददाता। रांची

रांची के खेलगांव में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों की सूची ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर देख सकते हैं. बता दें कि रांची में 27 जुलाई से 8 अगस्त तक जनरल ड्यूटी (जीडी), अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं और 8वीं) के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया गया था. सभी चयनित अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन को 23 से 25 सितंबर को सुबह आठ बजे रांची सेना भर्ती कार्यालय में रिपोर्ट करने को कहा गया है. 23 को बोकारो, चतरा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, खूंटी, पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, पश्चिमी

सिंहभूम और सरायकेला खरसावां, 24 को कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, धनबाद, ईस्ट सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, सिमडेगा, रामगढ़, 25 सितंबर को रांची, हजारीबाग, गिरिडीह और पलामू के अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा. अभ्यर्थियों को शिक्षा प्रमाण पत्र, निवास (जन्म) प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संबंधित दस्तावेज का दो सेट लाने को कहा गया है.

रांची। आठ अधिकारियों की सेवा मिली :आठ पदाधिकारियों की सेवा पदस्थापन के लिए राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को दी गई है. इनमें मनोज कुमार गोप, मनोज कुमार, मनोज कुमार चौरसिया, मो हुसैन, खोपलाल राम, संजय कुमार शुक्ला, मुरारी नायक, दीपक कुमार मिश्रा हैं.

कोलेबिरा अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है कोलेबिरा

भाजपा ने कभी जीत का स्वाद नहीं चखा

प्रवीण कुमार। रांची

आदिवासी आरक्षित कोलेबिरा विधानसभा सीट भाजपा के लिए दूर का कौड़ी बना हुई है. भाजपा इस सीट से कभी भी चुनाव नहीं जीत पायी है. हालांकि पिछले तीन आम चुनावों और एक उपचुनाव में भाजपा लगातार इस सीट पर दूसरे स्थान पर रही है.1957 में पहली बार कोलेबिरा विधानसभा का चुनाव कराया गया था. मुंडा व खड़िया जनजाति बहुल कोलेबिरा विधानसभा सीट पर लंबे समय से कांग्रेस और झारखंड पार्टी का कब्जा रहा है. कोलेबिरा क्षेत्र में जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा, आजीविका, पलायन, शिक्षा जैसे विषयों पर यहां के जनप्रतिनिधियों ने कभी संजीदगी से काम नहीं किया है. जिसका खामियाजा इलाके के आम जन उठा रहे हैं. कोलेबिरा विधानसभा झारखंड के अति पिछड़े इलाके में शुमार है. विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. क्षेत्र में गरीबी व पलायन की गंभीर स्थिति है. इलाके से लोग रोजी-रोटी के लिए पलायन करने को विवश होते हैं. विधानसभा का अधिकांश हिस्सा वन क्षेत्र से घिरा हुआ है, जिस कारण जंगली हाथी आबादी बहुल गांवों में घुसकर लोगों को परेशान करते हैं. आज भी इलाके के कई हिस्सों में मोबाइल नेटवर्क काम नहीं करता है.

एनोस और सुशील कुमार बागे तीन बार क्षेत्र से रहे विधायक : कोलेबिरा विधानसभा सीट से सबसे अधिक झारखंड पार्टी के प्रत्याशी सात बार विधायक चुने गये. झारखंड पार्टी ने 1957, 1962, 1972, 1977, 2005, 2009 और 2014 में जीत दर्ज की, वहीं कांग्रेस पार्टी ने 1980, 1990, 2000 और 2019 में जीत दर्ज की. सुशील कुमार बागे और एनोस एक्का दो ऐसे नेता हुए, जिन्होंने तीन-तीन बार कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया. इस सीट से एनोस एक्का ने 2005, 2009 और 2014 में लगातार झारखंड पार्टी के टिकट पर जीत दर्ज की थी. वीर सिंह मुंडा और थियोडोर किड़ो भी दो बार विधायक चुने गये. 1995 के विधानसभा चुनाव में पहली बार झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जीत दर्ज की थी. झामुमो के टिकट पर बसंत कुमार लोंगा ने चुनाव जीता था. 1967 में एनई होरो निर्दलीय चुनाव लड़े और विधायक चुने गये.

2005 का परिणाम

1. एनोस एक्का	झारखंड पार्टी	34067
2. थियोडर किड़ो	कांग्रेस	29781
3. चतुर बड़ाईक	निर्दलीय	6625

2009 का परिणाम

1. एनोस एक्का	झारखंड पार्टी	28834
2. महेंद्र भगत	भाजपा	21332
3. बेंजामिन लकड़ा	कांग्रेस	13499

2014 का परिणाम

1. एनोस एक्का	झारखंड पार्टी	48978
2. मनोज नगेशिया	भाजपा	31835
3. लुइस कुजूर	झामुमो	17083

2019 का परिणाम

1. नमन विक्सल कोंगाडी	कांग्रेस	48574
2. सुजन जोजो	भाजपा	36236
3. आइरिन एक्का	झापा	18700

झारखंड गठन के पूर्व कोलेबिरा विधानसभा से बने विधायक

वर्ष	पार्टी	विधायक
1957	झापा	सुशील कुमार बागे
1962	झापा	सुशील कुमार बागे
1967	निर्दलीय	एनई होरो
1972	झापा	सुशील कुमार बागे
1977	झापा	वीर सिंह मुंडा
1980	कांग्रेस	सुशील कुमार बागे
1985	निर्दलीय	वीर सिंह मुंडा
1990	कांग्रेस	थियोडर किड़ो
1995	झामुमो	बंसत कुमार लोंगा
2000	कांग्रेस	थियोडर किड़ो

क्लासिफाइड

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, रविवार 22 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 05 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 164 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की एक-एक चीज की जांच हुई, परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर रोक थी

कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर जेएसएससी सीजीएल परीक्षा संपन्न

लगातार न्यूज नेटवर्क

रांची। झारखंड में कड़ी निगरानी के बीच 823 केंद्रों पर शनिवार को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा संपन्न हुई. परीक्षा को लेकर बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी. परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी भी तैनात थे. सुबह 5:30 बजे से ही केंद्रों पर अभ्यर्थी पहुंचना शुरू हो गए थे. इस दौरान हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली. अभ्यर्थियों की एक-एक चीज की जांच की जा रही थी. केंद्र के अंदर मोबाइल ले जाने पर रोक थी. कड़ी सुरक्षा और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र के अंदर दाखिल कराया गया.

राजधानी रांची स्थित एक परीक्षा केंद्र में परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी.

सामान्य ज्ञान आसान, पर लैंग्वेज पेपर कठिन था

परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि फर्स्ट पेपर जो सामान्य ज्ञान का था, जिसका प्रश्न थोड़ा आसान था. वहीं सेकंड पेपर, जो लैंग्वेज का पेपर था, वो थोड़ा कठिन था. नॉवेल में भी कठिनाई हुई. पूरी तैयारी से आने के बाद भी पेपर कठिन रहा. वहीं कई छात्रों ने कहा, पिछली बार जो जनवरी में परीक्षा ली गई थी, उसके मुकाबले बहुत कठिन प्रश्न था. उनका कहना था कि यह समझ से परे था कि सवाल कहां से पूछा गया है.

पेपर लीक का एक संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी

रामगढ़। जिले की पुलिस को शुक्रवार देर शाम सूचना मिली कि शहर के बस स्टैंड के पास एक होटल में एक संदिग्ध युवक मौजूद है, जो जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक कर सकता है. इसके बाद रामगढ़ पुलिस सक्रिय हुई और युवक चंचल सिंह को हिरासत में लिया. जांच के दौरान पता चला कि उक्त युवक परीक्षार्थी भी है और वह रामगढ़ जिले में परीक्षा देने के लिए बिहार के आरा जिले से आया हुआ है. उसके पास जेएसएससी परीक्षा का प्रवेश पत्र भी मिला. उसका सेंटर भुरकुंडा जुबली कॉलेज था. पुलिस हिरासत में ही शनिवार को चंचल को परीक्षा दिलाने के लिए ले जाया गया.

परीक्षा केंद्र से भागने की नाकाम कोशिश

चंचल सिंह ने परीक्षा केंद्र से भागने की नाकाम कोशिश की. पुलिस ने उसे सुबह आठ बजे परीक्षा केंद्र के अंदर भेजा. लेकिन जैसे ही 11:30 बजे पहली पाली की परीक्षा खत्म हुई, भीड़ का लाभ उठा कर चंचल ने वहां से भागने की कोशिश की. पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर कुछ घंटे के बाद ही उसे पकड़ लिया. अब पुलिस उससे सख्ती से पूछताछ कर रही है.

परीक्षा प्रभावित करने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

- पुलिस को दोनों के पास 21 लड़कों की लिस्ट भी मिली

धनबाद। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को प्रभावित करने की साजिश का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है. लोहरदगा एसपी की सूचना पर धनबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परीक्षा को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे दो लड़कों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से 21 लड़कों की लिस्ट भी मिली है. साथ ही खाली चेक, एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है.

धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दन ने बताया कि लोहरदगा एसपी द्वारा सूचना मिली थी कि धनबाद में कुछ लड़के जेएसएससी परीक्षा को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं. एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र राउत के नेतृत्व में गठित टीम ने झरिया क्षेत्र में छापेमारी की. इस दौरान दो लड़कों को गिरफ्तार किया गया. इनमें से एक बिहार के जहानाबाद जिले का और दूसरा झारखंड के बोकारो जिले गोमिया का रहनेवाला है. एसएसपी ने बताया कि लड़कों के पास से तीन मोबाइल, तीन एटीएम, तीन बैंकों के खाली बैंक चेक बरामद किए गए हैं. एक लिस्ट भी बरामद की गई है, जिसमें कुछ लड़कों के नाम और परीक्षा केंद्र का नाम अंकित है.

ब्रीफ खबरें

मौर्य आज झुमरी तिलैया व गढ़वा में करेंगे सभा

रांची। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को हजारीबाग प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत दिन के 11 बजे से झुमरीतिलैया के ब्लॉक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे. इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, शिवेंद्र नारायण सिंह और कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी भी मौजूद रहेंगे. मौर्य पलामू प्रमंडल परिवर्तन यात्रा के तहत रंका के हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2:30 बजे से आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे.

प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की खुदकुशी

चतरा। जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दंतार ग्राम पंचायत के गारा गांव में एक महिला ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी कर ली. घटना शुक्रवार की है. इस बाबत महिला के पिता हंटरगंज थाना क्षेत्र के कुलेश्वरी डाहा निवासी राजेंद्र भुईयां ने वशिष्ठ नगर थाना में आवेदन देकर दामाद कपिल भारती के खिलाफ मामला दर्ज कराया है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है.

युवक की पीट-पीट कर हत्या, तीन गिरफ्तार

मझिआंव। थाना क्षेत्र अंतर्गत रपुरा गांव से शुक्रवार की देर रात स्व उपेंद्र पांडेय के पुत्र मनीष पांडेय (23) का शव झाड़ी से बरामद किया था. जानकारी के अनुसार, बिहार के औरंगाबाद निवासी संतोष शुक्ला उर्फ गोलू शुक्ला ने मनीष की बहन पर अश्लील टिप्पणी की थी. विरोध करने पर संतोष ने अपने दोस्तों के साथ मिल कर मनीष की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई. मामले में संतोष समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

परिवर्तन यात्रा में रक्षा मंत्री बोले- हेमंत को सत्ता से हटाने का वक्त आ गया है

झामुमो, कांग्रेस और राजद विकास की राह में रोड़े : राजनाथ सिंह

अभिमन्यु/प्रज्जवल। चतरा

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को मां भद्रकाली के प्रांगण से भाजपा की परिवर्तन यात्रा का आगाज किया. नेताओं ने इटखोरी पहुंचने पर सबसे पहले मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा वर्तमान झारखंड सरकार के विरुद्ध परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की. इस दौरान इटखोरी के हाई स्कूल मैदान में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विकास में कांग्रेस, झामुमो तथा राजद मुख्य रूप से तीन रोड़े हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं. उन्होंने कहा भारत का पवित्र लोकतंत्र किसी भी दागी व्यक्ति को कभी स्वीकार नहीं करेगा. झारखंड में हेमंत सोरेन को सत्ता से हटाने और भाजपा को सत्ता में लाने का वक्त आ गया है.

घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं करेगी भाजपा : राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस सांसद ने विदेश में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की और सिखों को उकसाया. कहा कि झारखंड में आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे घुसपैठियों को भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी. झारखंड के लोग मेहनत करने में कभी पीछे नहीं हटते. मैं रक्षा मंत्री हूं और मैं देखता हूं कि हमारे झारखंड के भाई-बहन सुरक्षाबलों में हैं. वह अत्यंत साहस के साथ देश की सेवा कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में विकास की काफी संभावनाएं हैं. उन्होंने वैश्विक रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 'तरंग शक्ति' अभ्यास की जमकर तारीफ भी की.

हमारा कोई सीएम भ्रष्टाचार के आरोप में जेल नहीं गया

रक्षा मंत्री ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास राज्य के सीएम रहे, लेकिन उन्हें झारखंड के विकास के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला. इनमें से किसी पर भी भ्रष्टाचार को लेकर कोई उंगली नहीं उठा सकता. हमारा कोई भी मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल नहीं गया.

हम जो कहते हैं, वो करते हैं : शिवराज

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा की तैयारी जोरों पर हैं. हम जो कहते हैं, वो करते हैं. हम 100 दिन के काम को जनता के सामने पेश कर रहे हैं. प्रधानमंत्री के दौरे से झारखंड की जनता में उत्साह है. उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा के साथ-साथ हम चुनाव अभियान की तैयारी भी कर रहे हैं. केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि झारखंड में इस बार भाजपा की सरकार बनेगी. कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास सहित कई गणमान्य मंच पर उपस्थित थे. सांसद कालीचरण सिंह ने रक्षा मंत्री को मां भद्रकाली की फोटो भेंट की.

सड़क मार्ग से रवाना हुए रक्षा मंत्री

गढ़वा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हेलीकॉप्टर टेक ऑफ नहीं कर सका. ईंधन खत्म हो जाने के कारण दोनों केंद्रीय मंत्री एक घंटा 10 मिनट तक अनुमंडल कार्यालय में बैठे रहे. रांची से ईंधन पहुंचने में देरी के कारण शाम 5 :54 बजे दोनों मंत्री सड़क मार्ग से वाराणसी के लिए रवाना हुए. विधायक भानु प्रताप शाही ने बताया कि मेदिनीनगर में जाम के कारण हेलीकॉप्टर का ईंधन समय पर नहीं आ पाया. रविवार को रक्षा मंत्री का जम्मू में कई कार्यक्रम है. इस कारण वे सड़क मार्ग से वाराणसी गये. रांची में मौजूद वायुसेना का एयर क्राफ्ट वाराणसी जाएगा.

झारखंड का नया अध्याय लिखेगी परिवर्तन यात्रा

गढ़वा के गोसाई बाग मैदान में परिवर्तन यात्रा सभा को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह.

श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)। झारखंड में शुरू हुई परिवर्तन यात्रा कोई साधारण यात्रा नहीं है. यह झारखंड में नया अध्याय लिखने का यात्रा है. उक्त बातें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कही. वे गोसाई बाग मैदान में परिवर्तन यात्रा के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मैं आह्वान करने आया हूं कि प्रदेश के विकास के लिए परिवर्तन जरूरी है. इसके लिए राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाएं.

रक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन 24 वर्ष पूर्व हुआ था. यह राज्य अब रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है. भाजपा को जनता ने तीन तीन बार मौका दिया, लेकिन जितना विकास के समय मिलना चाहिए था, उतना नहीं मिल पाया. वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाने के बाद भी सीना तान के खड़े हैं. उन्होंने कहा कि राजनीति लोक, लाज और मर्यादा के बिना नहीं चल सकती है. लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार ठीक इसके विपरित काम कर रही है. उन्होंने कहा कि हमलोग आपका वोट सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के लिए मांगने आए हैं.

बंग्लादेशी घुसपैठिया और परिवारवाद पर चोट

राजनाथ सिंह ने बांग्लादेशी घुसपैठिये और परिवारवाद पर जमकर हमला बोला. कहा कि आज झारखंड में बंग्लादेशी घुसपैठिया और रोहिंग्या प्रवेश कर रहे हैं. यहां की बेटियों से शादी कर डेमोग्राफी बदलने की कोशिश कर रहे हैं. वहीं, यहां के सीएम आंखें मूंद कर बैठे हैं. वहीं परिवारवाद पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, झामुमो और राजद परिवारवाद की पार्टी है. ये जनता की नहीं, बल्कि सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते हैं. ये लोग राज्य और देश का भला नहीं कर सकते. मौके पर राज्यसभा सांसद साधना सिंह, विधायक भानू प्रताप शाही, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, घूरन राम, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो समेत कई लोग मौजूद थे.

जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी

प्रथम पाली में परीक्षार्थियों को दूसरी पाली का प्रश्न पत्र मिला

संवाददाता। लातेहार

लातेहार में राजकीय पॉलिटेक्निक के बाहर खड़ीं महिला परीक्षार्थी.

- केंद्राधीक्षक ने प्रश्नपत्र पर व्हाइटर का प्रयोग करने को कहा
- परीक्षार्थियों को सता रही अयोग्य ठहाराये जाने की आशंका

राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान (सेंटर कोड 606) में जेएसएससी सीजीएल की प्रथम पाली में परीक्षा देने आये परीक्षार्थियों के समक्ष अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गयी. परीक्षार्थियों को प्रथम पाली की जगह दूसरी पाली का प्रश्न पत्र दे दिया गया. इसके बाद परीक्षार्थियों ने वीक्षक व केंद्राधीक्षक से इसकी शिकायत की. इस पर कहा गया गया कि गड़बड़ी हो गयी है, थोड़ा इंतजार करें.

कई परीक्षार्थियों ने बताया कि काफी देर बात उन्हें ओएमआर सीट मिला. उसके बाद परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र की गलती को सुधारने के लिए व्हाइटनर का इस्तेमाल करने को कहा गया. परीक्षार्थियों ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में व्हाइटर का प्रयोग या ओएमआर सीट पर किसी प्रकार की छेड़छाड़ करना गलत है. इस संबंध मे केंद्राधीक्षक और वीक्षक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ऊपर से ही ऐसा करने के लिए आदेश मिला है. परीक्षार्थियों ने आशंका है कि इस गड़बड़ी के कारण कहीं उन्हें अयोग्य न ठहरा दिया जाए.

पलामू में कैश बरामदगी मामला

दो लोगों से पूछताछ कर रही है झारखंड एटीएस की टीम

संवाददाता। मेदिनीनगर

- शुक्रवार को शहर के एक होटल से मिले थे 93 लाख

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा से एक दिन पहले शहर के एक होटल से कैश बरामदगी मामले में झारखंड एटीएस ने भी जांच शुरू कर दी है. एटीएस की एक टीम पलामू में कैंप कर रही है. वहीं एटीएस के अधिकारी हिरासत में लिये गये दोनों लोगों से पूछताछ कर रहे हैं. बता दें कि शहर थाना की पुलिस ने शुक्रवार की शाम पुलिस ने मुख्य बाजार स्थित होटल साईं इन में छापेमारी की थी. इस दौरान होटल के कमरा नंबर-204 से एक व्यक्ति के पास से 93 लाख नकद बरामद किये गये थे. पुलिस ने मौके से ही दो लोगों को हिरासत में लिया था.

बरामद कैश सोना कारोबार से जुड़ा होने की आशंका : पुलिस ने जिस व्यक्ति के पास से कैश बरामद किये थे, उसका नाम सदन यादव बताया गया है. वह औरंगाबाद के बिजुलिया का रहनेवाला है. हिरासत में लिये गये दूसरे व्यक्ति की पहचान नितिन कुमार के रूप में हुई है. पुलिस ने दोनों का मोबाइल जब्त कर लिया है. शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला है कि बरामद रुपया सोना कारोबार से जुड़ा है. हिरासत में लिये गये दोनों लोगों ने पुलिस को बताया है कि वह वाराणसी से नकद लेकर पलामू पहुंचे थे. इस पैसे को उन्हें किसी को देना था.

खुशखबरी : पलामू टाइगर रिजर्व में हुई है बाघिन की एंट्री

संवाददाता। मेदिनीनगर

- सीसीएमबी की रिपोर्ट में पीटीआर में बाघिन की पुष्टि
- पीटीआर इलाके में अब चार बाघ और एक बाघिन

पलामू टाइगर रिजर्व में एक बाघिन की एंट्री हुई है. पीटीआर इलाके में अब चार बाघ और एक बाघिन के होने की पुष्टि हुई है. पलामू टाइगर रिजर्व ने नवंबर 2023 में स्कैट की जांच के लिए हैदराबाद स्थित सेंटर सेल्यूलर मॉलिक्युलर बायोलॉजी (सीसीएमबी) भेजा था. सीसीएमबी ने पलामू टाइगर रिजर्व को जांच रिपोर्ट भेजी है, जिसमें बाघिन के मौजूद होने की पुष्टि की गई है.

इसके बाद पूरे पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है. पीटीआर प्रबंधन को उम्मीद है कि इलाके में बाघिन प्रजनन करने के लिए आई है. पीटीआर के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि सीसीएमबी की रिपोर्ट में बाघिन की मौजूदगी की पुष्टि हुई है. इसलिए, पूरे इलाके में नजर रखी जा रही है. यह पलामू टाइगर रिजर्व के लिए खुशखबरी है. बाघिन एक बार में चार से छह बच्चों को जन्म देती है. ऐसे में पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है.

पूरे पीटीआर क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी : पलामू टाइगर रिजर्व के पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है, ताकि बाघिन की सुरक्षा और उसके प्रजनन के प्रयासों पर नजर रखी जा सके.

इंटरनेट बंद | पांच घंटे के लिए दुनिया से कटे रहे लोग, मोबाइल बन गया बोझ

बैंक, व्यापारी, ऑनलाइन सेवाओं समेत हर वर्ग पर पड़ा असर

अभिषेक मिश्र। रांची

जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा को लेकर शनिवार को राज्यभर में पांच घंटे तक इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं. राज्य सरकार ने सुबह सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक मोबाइल इंटरनेट, मोबाइल डेटा और मोबाइल वाई-फाई सेवा बंद रखने का आदेश जारी किया था. इंटरनेट बंद होने का व्यापारी, छात्रों और नौकरी-पेशा लोगों के साथ ही समाज के हर वर्ग पर असर पड़ा. लोग ऑनलाइन कैब/बाइक की बुकिंग, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, यूपीआई ट्रांजेक्शन, इंटरनेट बैंकिंग आदि नहीं कर पाए. रील्स के आदी हो चुके युवाओं को पांच घंटे का वक्त काटना भारी पड़ा. वहीं, मोबाइल वाईफाई की मदद से स्मार्ट टीवी का उपयोग करनेवाले लोग भी इस अवधि तक इंटरनेट सेवा बहाल होने का इंतजार करते रहे. इसके अलावा ऐसे कॉमन सर्विस सेंटर, जो अभी ब्रॉडबैंड इंटरनेट से नहीं जुड़े हैं, वो भी काम नहीं कर पाए. इसकी वजह से बहुत-सी सरकारी योजनाओं और अन्य स्कीमों के लिए आवेदन भी नहीं हो पाया. दुखद स्थिति यह रही कि शनिवार को आधा दिन इंटरनेट से महरूम लोगों को रविवार को भी इसी तरह की दिक्कत का सामना करना पड़ेगा. रविवार को भी सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक इंटरनेट सेवा सरकारी आदेश से बंद रहेगी.

ऑनलाइन पेमेंट हुए प्रभावित

पूरे झारखंड में इंटरनेट सेवाएं बंद होने का सबसे ज्यादा असर ऑनलाइन पेमेंट पर पड़ा. शॉपिंग मॉल से लेकर चाय की दुकान तक पेमेंट करने के लिए लोग यूपीआई ऐप से ऑनलाइन पेमेंट करते हैं. मोबाइल इंटरनेट उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग ऑनलाइन पेमेंट नहीं कर पाए. मोबाइल इंटरनेट बंद होने का असर पेट्रोल पंप से लेकर हर छोटी-बड़ी दुकानों पर भी पड़ा.

ऑनलाइन बैंकिंग पर असर : मोबाइल इंटरनेट ठप होने के कारण व्यापारी ऑनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ नहीं उठा पाए. फास्ट मोबाइल इंटरनेट सेवा के दौरान पांच घंटे तक मोबाइल इंटरनेट बंद होने से व्यापारी ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल नहीं कर पाए.

ऑनलाइन डिलीवरी भी बाधित : मोबाइल इंटरनेट ठप होने के कारण ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से खरीदारी पर भी इसका असर पड़ा. ऑनलाइन खाने की डिलीवरी करने वालों को भी परेशानी हुई. मोबाइल इंटरनेट बंद होने से ऑनलाइन खरीदारी नहीं हुई और डिलीवरी बिजनेस पर भी प्रतिकूल असर पड़ा. बाहर से खाना मंगा कर खाने के शौकीन लोग भी परेशान रहे क्योंकि स्विगी और जोमैटो से ऑनलाइन बुकिंग बंद रही.

ऑनलाइन क्लास नहीं हो पाए : आजकल ऑनलाइन क्लास का भी काफी चलन है. ज्यादातर छात्र, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल ऑनलाइन क्लास करने के लिए करते हैं. ऐसे में झारखंड में मोबाइल इंटरनेट बंद होने से छात्रों को काफी परेशानी हुई और वे क्लास नहीं कर पाए.

सोशल मीडिया प्रेमी भी दिखे निराश : सोशल मीडिया पर एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलिग्राम और यूट्यूब के शौकीनों का तो सबसे बुरा हाल रहा. ऐसे लोग जितनी बार अपने मोबाइल फोन पर सोशल मीडिया की साइट खोलने की कोशिश करते, तुरंत मैसेज आ जाता... राज्य सरकार के निर्देश पर आप की इंटरनेट सेवा रोक दी गई है. अगली सूचना तक आप इंतजार करें.

ब्रीफ खबरें

केंद्रीय दुर्गा पूजा महा समिति की बैठक आज

मेदिनीनगर। केंद्रीय दुर्गापूजा महासमिति की वार्षिक बैठक 22 सितंबर को बुलायी गयी है. बैठक 11:30 बजे से शहर के दुर्गा मंडप में होगी. केंद्रीय दुर्गापूजा महासमिति-2024 के पदाधिकारियों का चुनाव और आगामी कार्ययोजना पर विमर्श किया जाएगा. बैठक की जानकारी देते हुए केंद्रीय दुर्गापूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी और उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने बताया कि बैठक में पिछले सत्र का आय-व्यय का ब्योरा भी प्रस्तुत किया जायेगा. शहर की सभी पूजा समितियों व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में नये पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा.

चिराग पासवान 23 को लातेहार में

लातेहार। केंद्रीय मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान आगामी का 23 सितंबर को लातेहार आयेंगे. लोजपा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने इस आशय की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि श्री पासवान खेल स्टेडियम में सभा को संबोधित करेंगे. पासवान ने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी चरम पर है. झारखंड सरकार बेरोजगारी और पलायन रोकने में पूरी रह फेल है. श्री पासवान ने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर अभी की गई है.

भू-अर्जन पदाधिकारी व बीडीओ का तबादला

लातेहार। भू-अर्जन पदाधिकारी, लातेहार राजेश कुमार का तबादला हो गया है. श्री कुमार को धनबाद के अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है. जबकि जिले के महुआडांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग का भी तबादला हो गया है. श्री डांग को उप नगर आयुक्त चाइबासा पदस्थापित किया गया है. जबकि विपिन कुमार दुबे को अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ के रूप में पदस्थापित किया गया है. श्री दुबे इससे पहले अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर-सरिया (गिरिडीह) में पदस्थापित थे.

एक को रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह

लातेहार। एक अक्टूबर को ब्लड बैंक लातेहार में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा. इस आशय की जानकारी ब्लड बैंक के तकनीकी सहायक विनय कुमार सिंह ने दी. उन्होंने इस रक्तदान शिविर में भाग लेने की अपील की है. कहा कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी की जान बच सकती है. हर बालिग स्वस्थ्य व्यक्ति प्रत्येक तीन महीने के बाद रक्तदान कर सकता है. श्री सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में रक्तदान करने वाले संस्था व व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जायेगा.

घायल शशि साब की इलाज के दौरान मौत

पाटन (पलामू)। पाटन प्रखंड के बरडीहा गांव निवासी 30 वर्षीय शशि साब की मौत इलाज के दौरान रांची में हो गई. बताते चले की 19 सितंबर को बरडीहा गांव स्थित पुल पर बैठा हुआ था. पु ल पर बैठने के क्रम में नहर में गिर जाने के कारण काफी चोट लगी. जिसके बाद परिजनों ने मेदिनीनगर में इलाज कराया. जहां पर चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा जहां इलाज के दौरान मौत हो गई . उसके तीन पुत्री और एक पुत्र हैं. जबकि उसकी मां किशनपुर पंचायत में वार्ड सदस्य है. जबकि उसके पिता पुरण साब वह भी पूर्व में वार्ड सदस्य थे .

पलामू में मासूम नाट्य प्रतियोगिता में 20 विद्यालयों ने भाग लिया, नगर आयुक्त ने कहा

विद्यालय के बच्चों के लिए नाट्य प्रतियोगिता जरूरी है

संवाददाता। मेदिनीनगर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में शनिवार को मासूम नाट्य प्रतियोगिता की शुरुआत की गई. मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन, संत मारियम्स स्कूल के निदेशक अविनाश देव, गुरुकुलम स्कूल के निदेशक गुरवीर सिंह गोलू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उदघाटन किया.

इस अवसर पर नगर आयुक्त ने कहा कि स्कूली बच्चों के बीच नाटक प्रतियोगिता होते रहना चाहिए. नाटक करने से बच्चों को मानसिक विकास तेजी से होता है. समाज को आइना दिखाने के लिए भी नाटक की जरूरत है. अविनाश देव ने कहा की नाटक के लिए पलामू की धरती हमेशा से उर्वरा रही है, यहां के

नाट्य प्रतियोगिता में नाटक का मंचन करते प्रतिभागी टीम.

रंगकर्मी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है. स्कूल के विद्यार्थियों के लिए नाटक प्रतियोगिता से उन्हें एक बेहतर मंच मिलेगा. गुरवीर सिंह गोलू ने नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं. इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक सह रांची के वरीय रंगकर्मी और सीने अभिनेता सुकुमार मुखर्जी, फजल इमाम, वरीय शिक्षिका रेणु शर्मा, कवि , साहित्यिक नवीन सहाय, रंगकर्मी मुनमुन चक्रवर्ती भी मौजूद थी. कार्यक्रम का संचालन अविनाश तिवारी ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर भांजा, गिरेंद्र यादव, राज प्रतीक पाल, मोहम्मद तालिब, मोहम्मद नसीम, अदनान कासिफ, उज्वल सिन्हा, आदर्श पांडेय, कनकलता तिर्की, आशना भेंगरा, सिकंदर कुमार, आनंद गुप्ता, आनंद कुमार, आदित्य कुमार, राहुल वर्मा,राजा खान आदि का सराहनीय सहयोग रहा .

आज पुरस्कार वितरण सम्मान समारोह

मासूम आर्ट ग्रुप के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया की शनिवार को हुए विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के बीच रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा . इसी दिन मासूम आर्ट ग्रुप के द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त नाटक राजपाट प्रस्तुत किया जायेगा . साथ ही सम्मान समारोह भी होगा जिसमें बिहार व झारखंड के साथ पलामू के जाने माने कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा . रविवार का कार्यक्रम शाम पांच बजे से प्रारंभ की जाएगी .

न्यूज अपडेट

प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

बालूमाथ (लातेहार)। बालूमाथ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य सह आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक, डॉ अमरनाथ प्रसाद व डॉ सुरेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि स्वास्थ्य निदेशालय के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य सह आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया. इस मेले में सभी तरह की बीमारियों की जांच एवं उसके पश्चात इलाज से संबंधित परामर्श दिया गया. जटिल रोगों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया गया.

रबदा पंचायत सचिवालय में लगा शिविर

सतबरवा (पलामू)। पिछले बार की तुलना में इस बार पदाधिकारी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं. पदाधिकारी इस कार्यक्रम से बकायदा नदारद रह रहे हैं. शनिवार को रबदा पंचायत सचिवालय में झारखंड सरकार के द्वारा चौथी बार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में एमओ अरविंद कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी धर्मेंद्र बैठा व पशु चिकित्सक एम के तिवारी की ही मौजूदगी देखी गई. शिविर में मुख्यमंत्री अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां योजना तथा पशु पालन के आवेदन अधिक आये. कार्यक्रम में मुखिया पति शंभू उरांव,पंसस पति अरविंद सिंह, रोजगार सेवक मो. सरवर,तथा सीएससी संचालक नवीन कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे,जो लोगों का फार्म भरने में मदद कर रहे थे. प्रचार प्रसार के अभाव में भीड़ नहीं जुटी.

लातेहार : जर्जर हो गया है उदयपुरा-बनहरदी पथ



लातेहार। चंदवा प्रखंड के बनहरदी ग्राम को लातेहार जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली उदयपूरा-बनहरदी पथ जर्जर हो गयी है. इस पर आवागामन करना अब दूभर हो गया है. दुपहिया वाहन तो छोड़ दें चार पहिया वाहनों का भी इस पथ से परिचालन सही ढंग से नहीं हो पा रहा है. उस पर इस सड़क पर बने गड्ढों मे बरसाती पानी भर जाने से वाहन चालको की परेशानी और बढ़ गयी है. बता दें कि उदयपूरा के शीसल प्लांट के पास से बोड़ा और बनहरदी गांव के लिए एक पक्की सड़क है. लेकिन अब इस सड़क पीच उखड़ गयी है. पत्थर और बोल्डर निकल आये हैं. जगह जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं. इस कारण आवागमन कठिन हो गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण सड़क है, लेकिन इसकी मरम्मत नहीं करायी जा रही है.

जेएसएससी सीजीएल : डीसी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

खास बातें

- परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध, तलाशी के बाद प्रवेश
- सीसीटीवी से की जा रही परीक्षा की निगरानी

संवाददाता । लातेहार

झारखंड के 823 केंद्रों पर झारखंड सामान्य स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता (जेएसएससी सीजीएल) की परीक्षा हो रही है. लातेहार में भी 18 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा चल रही है. जेएसएससी सीजीएल परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर लातेहार डीसी गरिमा सिंह ने शनिवार को गांधी इंटर कॉलेज, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय सहित जिला मुख्यालय के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने परीक्षा कार्य में लगे सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों और उड़न दस्ता दल के दंडाधिकारियों को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया.

परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा : उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित व अनुपस्थिति बच्चों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाये गये सीसीटीवी कैमरों आदि का भी जायजा लिया. उपायुक्त ने तीन पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर केंद्रों पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए दिये गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. इस दौरान अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला ज न स ंप र्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार समेत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे.

कड़ी सुरक्षा के बीच पहले दिन की परीक्षा संपन्न

मेदिनीनगर : झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा शनिवार को 6 केंद्रों में शुरू हो गई है . यह परीक्षा शनिवार और रविवार दो दिन लिया जाना है . पलामू में संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए गए हैं . जहां हजारों की संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे हैं . परीक्षा को लेकर झारखंड की सरकार ने सुबह के 8 :00 से 1 :30 बजे तक इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया . हालांकि यह इंटरनेट सेवा सुबह के 5 :30 बजे से ही बंद हो गई थी .परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा और मॉनिटरिंग के बीच प्रश्न पत्रों को पहुंचाया गया है . सीजीएल परीक्षा को लेकर बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है और परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी भी तैनात है . सुबह 5 :30 से ही केंद्रों पर अभ्यर्थी पहुंचना शुरू हो गए थे . इस दौरान हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों की भीड़ देखने को मिली . कड़ी सुरक्षा और जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र के अंदर दाखिल कराया गया . अभ्यर्थियों की एक-एक चीज की जांच की जा रही थी . इसके बाद उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश कराया गया . शाम तक कहीं से किसी अप्रिय समाचार की सूचना नहीं थी .

लोहरदगा में इंटरनेट सेवा बंद रहने से हुई परेशानी

लोहरदगा। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा को लेकर इंटरनेट बंद करने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा . सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हुई जो मोबाइल के माध्यम से हर जगह पेमेंट करते हैं . ऐसे लोगों को भटकते देखा गया . परीक्षा के लिए आए लोग भी परेशान रहे . आनलाईन कैब ड्राइवर भी परेशान हुए . विधार्थियों को भी परेशानी हुई और उनकी पढाई बाधित हुई . एप के माध्यम से रेलवे टिकट काटकर यात्रा करने वाले नियमित तौर पर यात्रा करनेवाले यात्री परेशान हुए . मोबाइल से अन्य कारोबार करने वाले लोगों को भी परेशान देखा गया . लोगों ने बताया कि ये नई परिपाटी शुरू कर दी गई है, जिसे किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं कहा जा सकता है .

कोयल में बहा नाबालिग परिजनों ने किया जाम

मेदिनीनगर। इन दोनों कोयल नदी में पानी की तेज धार बह रही है. वहीं कई उत्साही लोग इस सीन को अपने कमरे में कैद कर रहे हैं. कल शाम ऐसे ही रील बना रहा एक नाबालिग सक्षम राज कोयल नदी की तेज धार में बह गया. सक्षम को पानी की तेज धार में बहता देख दोस्तों ने बचाने के लिए हल्ला किया लेकिन सारी कोशिश नाकाम रही. सक्षम राज मेदिनीनगर बजाज क्षेत्र घास पट्टी निवासी सज्जन गुप्ता का पुत्र है. सक्षम राज के लापता होने के बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश दिखा उन्होंने दोपहर में छहमुहान चौक जाम कर दिया. इधर जाम की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जामकर्ताओं को समझाया.

विधायक मद से तीन योजनाओं का शिलान्यास

छतरपुर (पलामू)। छतरपुर प्रखंड में आज विधायक मद से बनने वाली तीन योजनाओं का शिलान्यास विधायक श्रीमती पुष्पा देवी और पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया. योजनाओं में कवलवास बालिका उच्च विद्यालय में अतिरिक्त कमरे का निर्माण, ब्लॉक मुख्यालय में शहीद स्मारक एवं दिनादाग में तोरण द्वार निर्माण का कार्य है. विदित हो की कुछ दिन पहले विधायक ने कवलवास विद्यालय का दौरा किया था. जहां बच्चियों ने विधायक को अपनी समस्या से अवगत कराया था. स्कूल कमरे की समस्या से जूझ रही थी . इस कार्यक्रम में कवलवास बालिका उच्च विद्यालय के अध्यक्ष एवं समाजसेवी श्री राजन सिंह, समाजसेवी गोपाल प्रसाद सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, भाजपा नेता संतोष प्रसाद गुप्ता, सोनू गुप्ता, अनिल सिंह, अनुसूचित जाति के मंडल अध्यक्ष शिव भुइयां, बिगन भुइयां, इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे.

आशुतोष धाम में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक

हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद अनुमंडल के जपला रेलवे कॉलोनी स्थित आशुतोष धाम परिसर में दुर्गा पूजा धुम धाम से मनाने को लेकर युवा बाल संघ समिति एवं आम लोगो की एक आवश्यक बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता रजनीश कुमार ने की. बैठक में सर्वसम्मति से मां दुर्गा पूजा को सम्पन्न कराने के लिए एक पूजा समिति का गठन किया गया. इसमें जयशंकर गुप्ता को अध्यक्ष, रवि यादव को सचिव, प्रमोद मेहता को उपाध्यक्ष, रामलाल साव को उप सचिव, सन्नी विश्वकर्मा, जिशु कुमार को कोषाध्यक्ष, रोहित कुमार यादव व सोनू कुमार को उप कोषाध्यक्ष, राजा कुमार, मुरारी गुप्ता, टुकी कुमार को पंडाल व्यवस्थापक, पंकज, ॠषि, सुधांशु, दूलार को प्रसाद व्यवस्थापक, छोटू शर्मा, छोटू पासवान व कौशल कुमार को कलश यात्रा व्यवस्थापक, जबकि प्रकाश अग्रवाल, राजेश्वर सिंह, बिजय सिंह, रवि कुमार गुप्ता, सुजीत मेहता को संरक्षक, वही राहुल, सुभाष आदि शामिल थे.

बालूमाथ : 15 दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट आज से

बालूमाथ (लातेहार) । प्रकाश राम ग्रामीण प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 का शुभारंभ रविवार से बालूमाथ स्थित हाई स्कूल स्थित खेल

स्टेडियम में किया जाएगा. उक्त जानकारी देते हुए टूर्नामेंट संचालन समिति के अध्यक्ष प्रेम प्रसाद गुप्ता ने बताया कि युवा प्रतिभाओं को खोज कर उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य एवं सक्रिय जीवन शैली की प्रेरणा, खेल सुविधाओं को बढ़ावा देना, गांव तक खेल के लिए फुटबॉल एवं जर्सी उपलब्ध कराना, सामाजिक एवं सामुदायिक एकता के प्रचार करने, युवाओं में खेल भावना का प्रसार करने के उद्देश्य से टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि प्रवेश निशुल्क है.

खेलों से बढ़ता है सामाजिक सौहार्द: रामचंद्र सिंह

लातेहार। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि खेलों से सामाजिक सोहार्द व भाइचारा बढ़ता है. खेलों में समाज के हर तबके के लोग भाग लेते हैं और यही हमारी हमारी सांस्कृतिक व सामाजिक विरासत है. विधायक श्री सिंह मनिका प्रखंड के बढ़काडीह पंचायत के अंबाटीकर खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल मैच के फाइनल मैच के उदघाटन के मौके पर बोल रहे थे. उन्होने कहा कि ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिलता है. ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस जरूरत है उन्हें एक अच्छा प्लेटफार्म देने की और ऐसे खेलकूद प्रतियोगितायें उन्हें अपनी प्रतिभा को दिखाने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है.

प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

संवाददाता । मेदिनीनगर

पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पलामू जिला स्तरीय सब -जूनियर एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया. स्थानीय जीएलए कॉलेज एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय जूनियर अंडर 14 व अंडर 16 वर्ष बालक /बालिका चयन प्रतियोगिता में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों से 250 प्रतिभागी शामिल हुए. मुख्य अतिथि पलामू जिला कबड्डी संघ के संरक्षक सह पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष कमला नंद दुबे व जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजातशत्रु प्रसाद सिन्हा थे. मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर 60 मीटर दौड़ प्रारंभ कर खेल का उद्घाटन किया. प्रतियोगिता में

खिलाड़ियों का चयन करते एसोसिएशन के पदाधिकारी.

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले को मेडल पत्र दिया गया. अंडर 14 के ट्रेथालोन बालक वर्ग में अंकित कुमार सिंह प्रथम, अभिषेक कुमार द्वितीय व गोल्डन कुमार तृतीय तथा ग्रुप बी में आयुष कुमार प्रथम, प्रत्यय पांडे द्वितीय स्थान पर रहे. ग्रुप सी वर्ग में शुभम कुमार प्रथम, प्रतीक उपाध्याय द्वितीय व अनुप उरांव तीसरे स्थानपर रहे. प्रतियोगिता का संचालन पलामू जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन तकनीकी पदाधिकारी मोनू कुमार,रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, के देखरेख मेंअक्सा नाग, नेहा कुमारी ,अभिषेक कुमार, रमन सिंह, प्रियंका बाडा, प्रीतम कुमार, मुकेश कुमार, अखिलेश कुमार ,उज्जवल कुमार, रोशनी वाला, रश्मि ,सिकंदर,सुप्रिया जयसवाल, काजल कुमारी के सहयोग से प्रतियोगिता को सफल आयोजन किया गया. पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले सभी खिलाड़ी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

15वीं वित्त आयोग की राशि खर्च करने में 13 प्रखंड की प्रगति शून्य

संवाददाता । मेदिनीनगर

पलामू जिला समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में आज उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने पलामू जिले के विभिन्न प्रखंड प्रमुखों के साथ बैठक की. बैठक में प्रखंडों में संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई.समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले के 13 प्रखंड में 15वीं वित्त आयोग की राशि का व्यय शून्य या काफी कम है. धीमी प्रगति वाले सभी बीडीओ एवं प्रमुख को कारण पृच्छा निर्गत करने का आदेश दिया गया. वहीं, सभी प्रखण्डों में उपलब्ध योजना राशि को त्वरित गति से व्यय करने का आदेश दिया गया.समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ प्रमुख द्वारा अपने पंचायत समिति क्षेत्र में अत्यधिक राशि व्यय की गई है. 15वीं वित्त आयोग की राशि से सभी पंचायत समिति क्षेत्र में समानुपातिक रूप से योजनाओं के क्रियान्वयन में राशि व्यय करने का निर्देश दिया गया. समीक्षा में पाया गया कि पंचायत समिति एवं पंचायत कार्यकारिणी की बैठक लंबे समय से आयोजित नहीं की गई है. सभी प्रखंडों व पंचायतों में कार्यकारिणी व स्थाई समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित किए जाने का निर्देश दिया गया. प्रखण्डों में संचालित सभी योजनाओं यथा अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, ॠण सम्बन्धी योजना, कल्याण, कृषि पशुपालन, सहकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास आदि से संबंधित योजनाओं के चयन एवं क्रियान्वयन में शीघ्रता एवं पूर्ण पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया गया.

राजनीति

भाजपा की परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर जारी

बालूमाथ में मनोज तिवारी व रविकिशन का होगा रोड शो

संवाददाता । बालूमाथ (लातेहार)

भाजपा की प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा की तैयारियों को लेकर बालूमाथ स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में भाजपा मंडल की बैठक हुई. परिवर्तन यात्रा के तहत भोजपुरी स्टार दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी एवं गोरखपुर के सांसद रवि किशन के बालूमाथ में रोड शो एवं जोगियाडीह मैदान में सभा का आयोजन किया जायेगा. इसे लेकर विस्तार से चर्चा की गयी. भाजपाईयों ने कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया. बैठक में अतिथि के रूप में लातेहार विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा व विशिष्ठ अतिथि लातेहार के पूर्व

विधायक प्रकाश राम के अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, लातेहार जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, महामंत्री अमलेश कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, रामजी सिंह, विष्णु वर्मा, त्रिवेणी साव, सुरेश गंझु संजय गुप्ता, अमित कुमार, रामकुमार गुप्ता, विजय यादव, प्रदीप यादव, सोमनाथ भगत, अशोक साहू, पूनम देवी, प्रकाश वर्मा, नागेंद्र चौबे, अनीता देवी, आनंद सिंह, राजेंद्र प्रसाद, विजय ठाकुर, रघुनंदन सोनी, मंटू भुइया, शिवनाथ साव, दसरथ ठाकुर, अंजू देवी, मंजू देवी, मोहन पांडेय, पवन यादव, तुलसी प्रसाद, अमित गुप्ता, संजय गुप्ता, नरेंद्र रजक, रविन्द्र गुप्ता समेत अनेक भाजपाई मौजूद थे.

25 को चंदवा में भी होगा रोड शो

चंदवा(लातेहार)। भाजपा चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में जय हिंद पुस्तकालय में परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई . मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधायक सह परिवर्तन यात्रा के मंडल प्रभारी प्रकाश राम एवं मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे उपस्थित थे . मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने स्वागत भाषण और विषय प्रवेश करते हुए बताया कि आगामी 25 सितंबर को चंदवा में दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी एवं गोरखपुर के सांसद रवि किशन का चंदवा में रोड होगा . पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा झारखंड में सरकार बदलकर अपनी सरकार बनाने का परिवर्तन का संकल्प है . जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा की परिवर्तन यात्रा पूरे झारखंड में किया जा रहा है . बैठक में देवमोहन सिंह, महेंद्र प्रसाद साहू, कुलामन साहू, रामवृक्ष चौधरी, राजेंद्र यादव, शंकर साहू, संजय साहू, शिवकेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी, गौरव दुबे, कृष्णा कुमार,आदर्श रवि राज, चंद्रभूषण केसरी आदि मौजूद थे .

हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप बढ़ा, छह नए रोगी भर्ती

संवाददाता । हुसैनाबाद (पलामू)

हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. अनुमंडलीय अस्पताल के सभी बेड फूल हो गए हैं. बुधवार को छह नए रोगियों को भर्ती किया गया है. डा. विनेश कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हुसैनाबाद ने बताया कि काफी दिनों बाद उल्टी दस्त के छह रोगी अलग अलग गांव के मिले हैं. उन्होंने बताया कि सभी मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर है.

शनिवार को डायरिया पीड़ित भर्ती मरीजों में प्रियंका कुमारी 08 वर्ष ग्राम कामत, श्यामा सिंह 64 वर्ष ग्राम कुर्मीपुर,सुमित्रा देवी 50 वर्ष

अस्पताल में इलाजरत डायरिया के मरीज.

ग्राम हरिजन बिगहा, बृजा पासवान 70 वर्ष जपला चौबे, गुलाम खां 66 वर्ष गुलबाग जपला, तेतरी देवी 65 वर्ष ग्राम कुकही का इलाज अनुमंडल अस्पताल हुसैनाबाद में चल रहा है. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि सभी प्रभावित गांव में टीम भेज कर लोगों को इससे बचने के उपाय बताने के साथ कुछ जरूरी दावा भी दी गई है. उन्होंने बताया कि पलामू के सिविल सर्जन डा अनिल कुमार के निर्देश पर सभी एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका व सहिया पहले से अलर्ट पर हैं. उन्हें जरूरी दावा भी उपलब्ध कराई गई है.

होमवर्क पूरा नहीं करने पर शिक्षिका ने की बेरहमी से पिटाई

संवाददाता। कांडी

शिक्षिका की ज्यादती के बारे में जानकारी देते बच्चे के पिता.

खास बातें

- प्रधानाध्यापक ने कहा, जहां जाना है, वहां जाओ, कुछ नहीं होगा
- स्कूल का रजिस्ट्रेशन नहीं है, यू-डायस है : संचालक

थाना क्षेत्र के बीपीएम पब्लिक स्कूल ढबरिया में अध्ययनरत एक मासूम छात्र की गृहकार्य पूर्ण नहीं करने पर शिक्षिका द्वारा बेरहमी से पिटाई की गई है. इस संबंध में छात्र आयुष कुमार के चाचा रतनगढ़ गांव निवासी आनंद कुमार यादव ने कहा कि उक्त विद्यालय में आयुष यूकेजी का छात्र है. शिक्षिका रेखा ने बच्चे की छड़ी से बेरहमी से पिटाई की है. उन्होंने बताया कि शनिवार को जब विद्यालय के प्रधानाध्यापक से इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने भय दिखाते हुए कहा कि जहां जाना है, वहां जाओ. मैं समझ लूंगा. सवाल यह है कि सरकार का सख्त निर्देश है कि किसी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की पिटाई नहीं करनी है. शिक्षक का कार्य मनोवैज्ञानिक तरीके से शिक्षा प्रदान कर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाना है. लेकिन यहां तो बच्चों की बेरहमी से पिटाई की जा रही है. अधिक पिटाई से बच्चे मायूस होकर मानसिक संतुलन भी खो सकते हैं. लेकिन इससे शिक्षकों को कुछ लेना-देना नहीं है. इस संबंध में बात करने विद्यालय पहुंचे पत्रकारों के साथ विद्यालय के संचालक अरविंद कुमार मेहता ने अच्छा बर्ताव नहीं किया और न ही संतोष जनक जवाब दिया. प्रतीत हो रहा था कि वे उलझ पड़ेंगे. उन्होंने शुरू में तो कैमरा भी बंद करने को कहा. उन्होंने कहा कि शिक्षिका ने गलती की है. समझा-बुझा दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि स्कूल का रजिस्ट्रेशन नहीं है, यू-डायस है. हालांकि शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारियों द्वारा बिना मान्यता के प्राइवेट स्कूलों पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा. कांडी प्रखण्ड में दर्जनों प्राइवेट स्कूल अवैध रूप से चल रहे हैं. जिसका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है. मनमाने तरीके से पैसे की उगाही की जा रही है. यदि समय रहते प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा नहीं कसा गया तो गरीब, मजदूर, किसान के बच्चों से पढ़ाई व प्राइवेट स्कूल के नाम पर यूं ही पैसे की लूट होती रहेगी. वर्तमान समय में पढ़ाई लिखाई को व्यवसाय बना लिया गया है. हालांकि सरकारी विद्यालय में बच्चों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है. इसके बावजूद भी अभिभावक अच्छी शिक्षा के लोभ में फंसते जा रहे हैं. इस संबंध में पूछे जाने पर डीईओ कैशर रजा ने कहा कि इस मामले पर संज्ञान लिया जाएगा. साथ ही अवैध चल रहे प्राइवेट स्कूलों पर अंकुश लगाने के लिए जल्द ही लेटर जारी किया जाएगा.

ब्रीफ खबरें

अग्रवाल परिवार,गढ़वा ने किया भोजन का वितरण

गढ़वा। अग्रवाल परिवार गढ़वा के तत्वावधान में लगातार 52वें सप्ताह प्रसाद रूपी भोजन का वितरण किया गया. इस दौरान 200 से अधिक लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया. पितृ पक्ष के महीने में पित्रो को समर्पित इस कार्यक्रम को संतोष अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल और तेजस अग्रवाल ने विशेष रूप से मनाया. मौके पर स्वेता अग्रवाल ने कहा कि जरूरतमंदों के बीच पूड़ी, सब्जी और जलेबी का वितरण किया गया. जो आगे भी निरंतर किया जायेगा. सांभवी अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बहुत तस्सली मिलती है. लोगों की सेवा करने मे अच्छा लगता है.

सिमडेगा में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा संपन्न

सिमडेगा। जिले में कड़ी निगरानी के बीच 10 केंद्रों पर शनिवार को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा संपन्न हुई. कहीं भी किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ. सीजीएल परीक्षा को लेकर बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई थी. परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी भी तैनात थे.परीक्षा देने वाले की संख्या परीक्षा केंद्रों में बेहद कम नजर आई, लगभग 20% छात्र है परीक्षा में शामिल हुए थे. शनिवार को 820 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 3320 छात्र अनुपस्थित रहे.

शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया

बरवाडीह (लातेहार)। शुक्रवार की शाम बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमू–बेतला के बीच अखरा गांव के पास हुई दो बाइक की आमने–सामने टक्कर में महुआडांड़ थाना के ग्राम दीपाटोली निवासी शिक्षक रविंद्र कुमार (50) की मौत हो गयी. दुर्घटना के बाद उन्हें बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदनीनगर एमएमसीएच मेडिकल हॉस्पिटल ले जाया जा रहा था, इसी क्रम में बरवाडीह स्वास्थ्य केंद्र से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर उनकी मौत हो गई थी. इसके बाद शव को वापस बरवाडीह लाया गया.

जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी : दिनेश

सतबरवा (पलामू)। सतबरवा प्रखंड अंतर्गत बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज, सतबरवा के सभागार में ट्राई के सौजन्य से उपभोक्ताओं के लिए एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसका उद्घाटन संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कॉलेज के प्रिंसिपल अजय प्रसाद ,भोला मेहता , प्रतिमा एवं संस्था के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. इस अवसर पर प्रगति एजुकेशनल एकेडमी के सचिव दिनेश कुमार मेहता ने टेलीकॉम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता करते हुए कहा कि आज डिजिटल इंडिया का जमाना है.

निदेशक ने अस्पतालों का निरीक्षण किया

लातेहार। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, झारखंड रांची के निर्देश पर सिविल सर्जन कार्यालय, लातेहार के द्वारा क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट कार्यक्रम का अनुशरण एवं चिकित्सीय संस्थाओं का निरीक्षण हेतु जिला स्तरीय जांच टीम गठित की गई है. जांच टीम के द्वारा के द्वारा बालूमाथ प्रखंड में संचालित श्री अस्पताल और एमएस अस्पताल का निरीक्षण किया गया. जांच के दौरान इन अस्पताल में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं थे और ना ही कोई ट्रैंड स्टाफ उपस्थित थे. बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की भी उचित व्यवस्था नहीं थी.

कार्यकर्ताओं व मंदिर प्रबंधक ने किया स्वागत, बंशीधर की तस्वीर भेंट की

केंद्रीय रक्षा मंत्री व कृषि मंत्री ने की श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा

संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

पूजा अर्चना करते रक्षा मंत्री

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को यहां श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना कर देश में अमन चैन एवं खुशहाली की कामना की. मंदिर में आचार्य श्रीकांत मिश्र एवं सत्यनारायण मिश्र के वैदिक मंत्रोचार के बीच रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री ने श्री बंशीधर जी की आरती उतारी एवं विधिवत पूजा अर्चना की. पूजा अर्चना करने के बाद श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट के सलाहकार धीरेंद्र कुमार चौबे एवं राजेश कुमार पांडेय ने रक्षा मंत्री एवं कृषि मंत्री को चुनरी ओढाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर मंदिर में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. उधर मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद झारखंड भारतीय जनता पार्टी की ओर से झारखंड प्रदेश में निकाल जा रहे परिवर्तन यात्रा का श्री गणेश किया. उन्होंने श्री बंशीधर मंदिर के बाहर में खड़ा परिवर्तन रथ की भी पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर यात्रा का शुभारंभ किया. इस दौरान मंदिर परिसर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये थे. मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम, भाजपा के जवाहर पासवान, विकास कुमार स्वदेशी, मंदिर के कर्मी सुरेश विश्वकर्मा, सुजीत अग्रवाल, राजन कुमार आदि मौजूद थे.

भाजपा में शामिल होने का दर्जनों लोगों ने किया खंडन, थामा झामुमो का दामन

गढ़वा। गढ़वा प्रखंड के संग्रहे पंचायत अंतर्गत गिद्धा गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा में शामिल होने का खंडन किया है. सभी लोगों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पहुंच कर पुनः झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. गिद्धा गांव के रेयासत अंसारी, जन्नत अंसारी, मुख्तार अंसारी, नाजिर अंसारी, मजीद अंसारी, कुदरत अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सुहेल अंसारी, मोनताज अंसारी, असगर अंसारी, मोफीद अंसारी, गफूर अंसारी, जैनुल अंसारी, आरिफ अंसारी, तौफीक अंसारी, जनाब अंसारी, कौसर आलम आदि लोगों ने कहा कि वे लोग भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं. पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का उनके गांव में कार्यक्रम था. गांव के लोगों ने वहां बैठने के लिए बुलाया था. वहां बैठने के बाद सत्येंद्र तिवारी अन्य लोगों को माला पहना रहे थे. हम लोगों को भी बोले कि पहन लीजिए माला पहनने से क्या दिक्कत है और माला पहनाकर फोटो भी खिंचवाए. ये मालूम नहीं था कि फोटो अखबारों में छपेगी और उन्हें भाजपा में शामिल होना बताया जाएगा. इन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने विश्वास में लेकर फोटो खिंचवाया और उन्हें भाजपा में शामिल होना बता दिया. यह सरासर गलत है. उक्त लोगों ने कहा कि वे लोग झामुमो के थे, झामुमो में हैं और झामुमो में ही रहेंगे. कभी इन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण नहीं की है और न ही करेंगे.

कैरो नहरटोली निवासी अंधेरे में रहने को विवश

कैरो (लोहरदगा)। कैरो मुख्यालय स्थित नहरटोली क्षेत्र में लगे 25 केवी ट्रांसफार्मर लगभग एक महीने से जला हुआ है जिसके कारण क्षेत्र के जनता लगभग एक सौ परिवार अंधेरे में रहने पर मजबूर है. ग्रामवासियों ने बताया कि तीन महीने में ट्रांसफार्मर खराब होने की ये तीसरी घटना है क्षेत्र के जनता घर घर सौ दो सौ की चंदा कर मरमत्ती कराते है फिर भी संबंधित विभाग और न जनप्रतिनिधियों का इस पर कोई पहल हुआ है अभी तक जिससे विधार्थी तबके और महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. बिजली नहीं रहने से मोटर नहीं चल रहा है ऐसे में पीने को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है. बिजली नहीं रहने से छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है जो किसी कीमत पर भरपाई योग्य नही है आज के इस आधुनिक युग में कैरो नहरटोली क्षेत्र में बिजली नही रहने से अनेकों समस्याएं उत्तपन्न हो रही है.

अध्यक्ष शमशाद अंसारी व सचिव बने मकसूद

सेन्हा–लोहरदगा। सेरेंगहातू तोड़ार ग्राम में अंजुमन इस्लामिया के निधारित समय के अनुसार अध्यक्ष सचिव पद का चयन मत के अनुसार सम्पन्न. विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अंजुमन इस्लामिया सरेंगहातु तोड़ार के अध्यक्ष सचिव की चुनाव मतदान के माध्यम से कराया गया. मतदान के बाद मत की गिनती आरम्भ हुआ. जिसमें अंजुमन इस्लामिया सरेंगहातु तोड़ार के नव निर्वाचित अध्यक्ष शमशाद अंसारी, सचिव मो. मकसूद अंसारी को निर्वाचित घोषित अंजुमन के चुनाव अध्यक्ष सफरूदीन अंसारी ने किया. उन्होंने बताया कि अंजुमन सदर पद पर शमशाद अंसारी को कुल 163 मत प्राप्त हुआ जबकि दूसरे स्थान पर इमाम अंसारी को 93 मत मिला.

न्यूज अपडेट

मंच ने केंद्रीय कृषि मंत्री को सौंपा मांग पत्र

गढ़वा। केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में ओबीसी एकता अधिकार मंच के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर 11 सूत्री मांग पत्र सौपा. सौंपे गये मांग पत्र में जातीय जनगणना कराकर देश में सभी क्षेत्रों में राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं नौकरी में आरक्षण बढ़ाने, झारखंड के किसानों के हित में केंद्रीय सरकार द्वारा ग्रामीण स्तर पर बाजार की व्यवस्था उनके उत्पाद का उचित समर्थन मूल्य देने, किसानों के लिए सभी प्रखंड मुख्यालय में उनके उत्पाद के लिए प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने सहित 11 सूत्री मांग शामिल है.

बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण होगा स्मार्ट क्लास: जोशी

सेन्हा–लोहरदगा। शिक्षा के क्षेत्र में छात्र छात्रओं को बेहतर सुविधा मुहैया को लेकर विभिन्न रूप में शिक्षा विभाग जो दे रही है. प्रखंड क्षेत्र में संचालित लगभग विद्यालय में स्मार्ट क्लास का सुविधा उपलब्ध कराया गया है. जिसका निरीक्षण को लेकर एच डी एफ सी एवं बाएफ संस्था द्वारा लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की ग्राम स्थित संचालित राजकीय कृत मध्य विद्यालय में आयोजित स्मार्ट क्लास का जायजा लिया गया. शिक्षा संबंधित जायजा लेने के पूर्व विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया. इसके उपरांत स्मार्ट क्लास का निरीक्षण बाएफ संस्था और एचडीएफसी बैंक के कर्मियो ने बच्चो से मिल कर पठन पाठन की जानकारी लिया स्मार्ट क्लास से लाभ मिलने की बात की.

पूर्व मंत्री ने मिलन समारोह में 100 से अधिक लोग शामिल

गढ़वा। पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के आवास पर मिलन समारोह का आयोजन किया. इस समारोह में 400 से भी अधिक दिनों से चल रही परिवर्तन यात्रा से प्रेरित होकर 100 से अधिक लोगों ने उनके साथ कदम से कदम मिला कर चलने का संकल्प लिया. गिरिनाथ सिंह ने सभी नौजवानों एवं पुराने मित्रों का टीम में स्वागत एवं अभिनंदन किया. मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मैं कभी ऐसा नहीं कह सकता हूं कि जब मेरा कार्यकाल था तब मैंने राम राज्य कर दिया था, लेकिन मैंने अपनी तरफ से पूरा प्रयास किया था. मैंने अपने कार्यकाल में दलित और पिछड़े लोगों पर ज्यादा विशेष ध्यान दिया था और उनके लिए विकास लाने का पूरा प्रयास मैंने किया था.

धूमधाम से मना क्रूस विजय पर्व, उमड़े मसीही

सिमडेगा/ठेठाईटांगर। प्रखंड के जामपानी पल्ली अंतर्गत, केरेया कोर्वाटोली स्थित क्रूस टोंगरी में आज क्रूस विजय पर्व बड़े धुमधाम के साथ मनाया गया. क्रूस पहाड़ में क्रूस की उपासना की गई. रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समारोह का समापन हुआ. क्रूस विजय पर्व पर फा संदीप कू खेस के नेतृत्व में किया गया. मौके पर फादर की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा की गई . कार्यक्रम में झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना सहित भारी संख्या में मसीही धर्मावलम्बी उपस्थित हुए थे. श्री कंडुलना ने कहा कि ईश्वर की दया क्रूस के मध्यम से हमारे लिए प्रकट होती है ,जो समस्त संसार का आलिंगन करती है.

बगड़ू माइंस में स्वच्छता पखवारा का हुआ आयोजन



लोहरदगा। हिण्डाल्को द्वारा संचालित बगड़ू माइंस में स्वच्छता पखवारा कार्यक्रम का आयोजन भारतीय खान ब्यूरो रांची प्रक्षेत्र के निर्देश पर किया गया. इस अवसर पर बगड़ू माइंस में स्वच्छता शपथ एवं "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत एक-एक पेड़ मां के नाम पर लगाया गया. इस अवसर पर खान प्रबंधक राज सिन्हा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पेड़ लगाना चाहिए एवं उसका सही तरीके से देखभाल करना चाहिए. पेड़ लगाने से पर्यावरण सुरक्षित रहता है एवं मनुष्य स्वस्थ जीवन जी सकते हैं. कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया.

ओबीसी एकता अधिकार मंच का न्याय रथ रवाना

गढ़वा। ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के जागरूकता अभियान न्याय रथ को शहर के टाउन हॉल से केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी, रविंद्र नाथ ठाकुर, सोनू यादव, डॉ इस्तेयाक राजा आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मौके पर केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि यह जागरूकता अभियान न्याय रथ गढ़वा विधानसभा के सभी पंचायत सभी गांव में जा जाकर ओबीसी परिवार को राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से तथा आरक्षण के मुद्दे पर गुलबंद होने का हवन करेगा. आज पूरे प्रदेश में ओबीसी परिवार को राजनीतिक रूप से खासकर गढ़वा विधानसभा में पीछे रखा गया है. ओबीसी परिवार अब जाग चुका है. अब पीछे नहीं चलेगा. ओबीसी एक कदम और आगे बढ़ते चलने का काम करेगा. रथ के माध्यम से पूरे प्रदेश में ओबीसी परिवार को जागरूक करने का काम किया गया है. गढ़वा रंका विधानसभा में ओबीसी समाज का जो महा सम्मेलन का आयोजन किया गया है, वह मिल का पत्थर साबित होगा.

रमना में यूरिया खाद की कालाबाजारी जोरों पर

रमना। प्रखंड में खाद बीज अनुज्ञप्ति धारी खुलेआम उर्वरक क़ानून की धज्जिया उड़ा रहे हैं. रमना कृषि पदाधिकारी कुम्भकर्ण की नींद ले रहे है. केवल जलेबी के गंध से ही इनकी नींद खुलेगी और जलेबी चट कर झट से निंद्रासन में चले जाते है. इस प्रखंड में खाद बीज के दर्जनों दुकान है जो खुले-आम उर्वरक अधिनियम 1985 का मजाक उड़ा रहे है. इस अधिनियम के अन्तर्गत जो भी अनुज्ञप्तिधारी खाद बीज दुकानदार वो सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य 266 रूपये में कभी खाद बेचते ही नहीं है. निर्धारित मूल्य से दोगुने मूल्य पर बेच रहे है. दुकान का नाम अनुज्ञप्ति नंबर, मूल्य सूची, डीलर का नाम और स्टॉक सूची दीवार पर दुकान के बाहर अंकित करना है लेकिन किसी भी दुकान पर उक्त विवरणी अंकित नहीं है. जबकि लगभग सभी दुकान मुख्य सड़क पर है. रमना प्रखंड कृषि पदाधिकारी का आवागमन इसी मार्ग से होता है.

लावागाई में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

संवाददाता। कुड़ू (लोहरदगा)

कुड़ू प्रखंड के ग्राम लवागाई में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया. इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई उत्कृष्ट फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. मुख्य अतिथि अभिनव सिद्धार्थ भगत ने अपने प्रेरणादायक भाषण में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और खेल के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा, "खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं, बल्कि मानसिक शक्ति और अनुशासन को भी बढ़ावा देता है फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें सीएमटी झारखंड ने कड़ी टक्कर देते हुए पोड़हाटोली को पेनल्टी शूटआउट में पराजित किया. दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया. तृतीय पुरस्कार हरमू की टीम ने और चतुर्थ पुरस्कार भविष्य का चिराग और पांचवा पुरस्कार कजंगी ने हासिल किया श्री भगत ने विजेताओं को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की, साथ ही सभी खिलाड़ियों की सराहना की. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का मंच मिलता है और युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है.कार्यक्रम के अंत में, आयोजकों और समर्थकों का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई. मौके पर महावीर उरांव, कृष्णा लकड़ा, राज्यस्तरीय रेफरी रोशन मुंडा, चंद्रदेव उरांव, विनोद उरांव, युवा कांग्रेस कूड़ू प्रखंड अध्यक्ष विनोद भगत, छोटू उरांव, अमित उरांव, शंकर उरांव, चुन्नू खान, राजेश लकड़ा,जोसेफ कुजूर, बबलू उरांव, रंजीत उरांव आदि मौजूद थे.

23 को श्रमिक संघ करेगा प्रोजेक्ट भवन का घेराव: अजय राय

मांगें मानी नहीं गईं तो होगा ब्लैकआउट

संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा पावर हाउस के सामने प्रदर्शन करते श्रमिक संघ

लोहरदगा पावर हाउस में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ लोहरदगा डिवीजन की बैठक मंजूर अंसारी की अध्यक्षता में हुई. जिसमें झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान किया गया वादा याद करना चाहिए. जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्ता में आते ही वह आउटसोर्सिंग व अनुबंध खत्म कर सभी को नियमित करेंगे, मगर उनका वादा अधूरा ही रह गया. अब सरकार का कार्यकाल कुछ ही दिन का बच गये हैं. ऐसे में ऊर्जा विकास श्रमिक संघ चुपचाप नहीं बैठेगी, बल्कि इसके खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ेगी. बैठक में जलील अंसारी, रजी अंसारी, मंजर अंसारी, खालिद अंसारी, विकास, अलीम अंसारी, अमित कुमार, बसीर अंसारी, मृतुंज्य गिरी, गोपाल महतो, सहनवाज अंसारी, अफताब अंसारी, शिवशंकर साहू, धनंजय कुमार, नजमुद्दीन अंसारी, उमेश, अनिल कुमार, सुकरा बहादुर आदि शामिल थे

संघ की ओर से रखी गई हैं ये मांगें

आउटसोर्सिंग व्यवस्था खत्म करो, उर्जा निगम पुरानी व्यवस्था लागू करो, होमगार्ड के तर्ज पर मानदेय 1000 रुपए से ऊपर अनुभव के आधार पर चार वर्गों में तय हो, नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय हो, 10 वर्ष से ऊपर सेवा देने वाले कर्मियों का नियमित नियुक्ति हो, सभी सप्लाई एवम ट्रांसमिशन जोन में हुए एरियर घोटाले की जांच हो और जहां एरियर नहीं दिया गया है, वहां पर उसका भुगतान सुनिश्चित हो आदि मांगें श्रमिक संघ की ओर से रखी गई.

कार्यशाला

लोहरदगा में मोटर वाहन दुर्घटना व बीमा क्लेम पर कार्यशाला का आयोजन

पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाना सभी का कर्तव्य : पीडीजे

संवाददाता। लोहरदगा

कार्यशाला में जानकारी देते प्राधिकार के सदस्य.

खास बातें

- नाबालिग वाहन चलते पकड़े जाने पर वाहन मालिक पर कार्रवाई होगी
- प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट 48 घंटे में न्यायालय में जमा करें

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर कार्यशाला का आयोजन व्यवहार न्यायालय स्थित सभागार में किया गया. कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा आर के मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी सहित अन्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा आर के मिश्रा ने कहा कि मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को जल्द मुआवजा दिलाना हम सभी का कर्तव्य है. यह परोपकार का काम है. एडीजे द्वितीय नीरजा आशरी ने कहा कि प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट 48 घंटे में न्यायालय में जमा करें. एमएसीसी 199ए के तहत नाबालिग द्वारा वाहन चलते हुए पकड़े जाने पर वाहन मालिक और अभिभावक पर कार्रवाई होगी. वहीं उन्होंने सड़क दुर्घटना के बाद भरे जाने वाले विभिन्न फार्मों के बारे में विस्तार से बताया. डालसा सचिव राजेश कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि आपके अच्छे और सही कार्य से एक पीड़ित को मुआवजा मिल सकता है. कार्यशाला में मोटर वाहन से जुड़े अधिवक्ता सीपी पाठक ने कहा कि दुर्घटना मामले में पुलिस का काम काफी महत्वपूर्ण है. अधिवक्ता जेपीएन सिन्हा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सर्व प्रथम इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जाए. यह सबसे बड़ा पुण्य काम है. वहीं दोनों अधिवक्ताओं ने पीड़ित मुआवजा से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी. कार्यशाला में एलएडीसीएस के अधिवक्ता, मध्यस्थता केंद्र के अधिवक्ता, विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, सदर अस्पताल के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे.

जश्न-ए- ईद मिलाद-उन-नबी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हमारे नबी ने दिए मोहब्बत के पैगाम: कारी वशीम

संवाददाता। लोहरदगा

कार्यक्रम में प्रस्तुति देते प्रतिभागी

ईद मिलाद-उन नबी के मुबारक मौके पर शुक्रवार को गौश नगर कूटमु स्थित मस्जिद गौशुलवरा के सेहन में भव्य ईद मिलादुन नबी प्रोग्राम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज शमीर ने तिलावते कुरान-ए-पाक से की. मौके पर उपस्थित मस्जिद ग़ौसुल वरा के इमाम कारी वशीम अहमद रज़वी ने कहा कि मेरे नबी ने तमाम आलम को मोहब्बत का पैगाम दिया है. उन्होंने कहा कि मेरे नबी का पैगाम है कि हमेशा गरीबों व मजलूमों की हिमायत करें, यतीमों की सफ़क़त और और वतन से मोहब्बतकरें. उन्होंने कहा कि वतन से मुहब्बत ईमान की निशानी है. कार्यक्रम में मौलाना अब्दुल लतीफ ने कहा कि इस्लाम एक सच्चा मजहब है जो आपसी भाईचारे व मोहब्बत का पैगाम देता है. मौलाना लतीफ ने बच्चों के शिक्षा पर जोर दिया. कार्यक्रम में आस पास के डेढ़ सौ बच्चों ने नातिया कलाम, कुरान की तिलावत, व तकारीर में भाग लि. साथ ही उपास्थि लोगों के बीच इस्लामी क्विज का मुकाबला हुआ.कार्यक्रम में सफल बच्चों के बीच नोजवान कमिटी के द्वारा पठन-पाठन सामग्री का वितरण कर लंगरखानी का का प्रोग्राम किया गया. तकारीर के कार्यक्रम में लड़कों में अदनान रजा व लड़कियों में अलीशा नाज को उपस्थित उलेमाओं ने काफी सराहा. मौके पर हाफिज सऊद आलम, हाफिज शमीर, हाफिज इमरान, सईदुलरह्मान नाहिद अंसारी, रूहुल् अमीन, फरहान अंसारी, मो. आफताब, इफ्तेखार अंसारी'' मोहम्मद शमीम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे .

उपायुक्त ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

- लॉज, हॉस्टल, होटल आदि की गहनता से हुई जांच
- कंट्रोल रूम में जरूरी व्यवस्थाओं की जानकारी ली

संवाददाता। हजारीबाग

कंट्रोल रूम में जरूरी व्यवस्थाओं की जानकारी लेतीं डीसी नैंसी सहाय.

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के सफल व पारदर्शी संचालन के लिए शनिवार को जिला प्रशासन मुस्तैद रहा. कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. इस क्रम में प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे भी साथ रहे. इस दौरान उन्होंने जिला प्लस टू विद्यालय, संत जेवियर स्कूल एवं हॉली क्रॉस स्कूल का भ्रमण कर बारीकी से हर बिंदुओं एवं तैयारियों का अवलोकन किया. उन्होंने परीक्षा केंद्रों के कंट्रोल रूम में पहुंच कर सभी जरूरी व्यवस्थाओं की जानकारी ली.

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षाएं शांतिपूर्ण संचालित हुईं. जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने को लेकर निर्देश दिया गया है. सीजीएल की परीक्षा के लिए हजारीबाग जिला में कुल 70 केंद्र बनाए गए हैं. हर केंद्र की निगरानी के लिए 29 गश्ती दल सह उड़नदस्ता दल को क्रियाशील किया गया है.. बता दें कि जेएसएससी सीजीएल प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के प्रथम दिन शनिवार को कुल तीन पालियों में संपन्न हुईं. इसमें 26146 विद्यार्थियों के विरुद्ध प्रथम पाली में 10403, द्वितीय पाली में 10401 एवं तृतीय पाली में 10362 अभ्यर्थी उपस्थित रहे.

चरही : दो परीक्षा केंद्रों में 155 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

चरही। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 2024 के सफल संचालन के लिए चरही में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं. इनमें परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही और मासी मारसल उच्च विद्यालय चरही को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. पहले दिन शनिवार को परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही में कुल 228 परीक्षार्थियों में 73 उपस्थित रहे, जबकि 155 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. वही मासी मारसाल उच्च विद्यालय चरही में पहले दिन कुल 228 परीक्षार्थियों में 82 शामिल हुए, जबकि 146 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. परीक्षा के सफल संचालन हेतु परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू है. वहीं दोनों परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी गई.

परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू : जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के सफल संचालन को लेकर परीक्षा केंद्र के 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू थी. वहीं, जिला प्रशासन ने शुक्रवार की शाम शहर के अलावा बरही, पदमा एवं अन्य क्षेत्र में सभी होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, लॉज व हॉस्टल की गहनता से जांच की.

रामगढ़ में 35 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

रामगढ़। जिले में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संपन्न हुई. डीसी चंदन कुमार ने शनिवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रामगढ़ जिले में 35 परीक्षा केंद्रों पर जेएसएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी. पहले दिन कुल 10452 परीक्षार्थियों में 5602 ने ही परीक्षा दी, जबकि 4850 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजार किए गए थे. परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी. परीक्षा केंद्रों के चारों तरफ पुलिस जवान मुस्तैद थे. इसके अलावा 10 फ्लाइंग स्क्वायड टीम भी काम कर रही थी. जिले में रविवार को भी परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें करीब 10 हजार परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है.

मुख्यमंत्री 24 को आएंगे इटखोरी उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण

संवाददाता। चतरा



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 24 सितंबर को चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय पहुंचेगे. इसके मद्देनजर उपायुक्त रमेश घोलप इटखोरी कार्यक्रम स्थल पहुंचे. उन्होंने हेलीपैड स्थल, लोगों के आवागमन समेत अन्य आवश्यक तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया.मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण, योजनाओं का स्वीकृति पत्र समेत करोड़ों के विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे. वे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कार्यक्रम में भाग लेंगे. इटखोरी स्थित भद्रकाली मैदान में 24 सितंबर को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय, जिला जनसंपर्क कार्यालय से रंजन कुमार समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे.

ब्रीफ खबरें

चार दिन बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं

रामगढ़। रजरप्पा स्थित दामोदर नदी में बुधवार को कूदनेवाली राखी कुमारी का अबतक पता नहीं चल पाया है. घटना के बाद से ही लगातार मछुआरों की मदद से महिला को ढूंढने के प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है. रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को एसडीआरएफ की टीम ने कानीडीह, हेसपोड़ा, हरलाडीह, कुसुमडीह, परसाडीह आदि क्षेत्रों में नदी के किनारे सघन खोजबीन की, लेकिन शनिवार की शाम महिला का कुछ भी पता नहीं चल पाया. इस बाबत थाना प्रभारी ने कहा कि पिछले चार दिनों से लगातार दामोदर नदी में डूबी महिला को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है. मछुआरों के साथ एसडीआरएफ की 12 सदस्यीय टीम खोजबीन में जुटी हुई है.

मृतक के परिजन से मिले सांसद व पूर्व विधायक

चौपारण। प्रखंड क्षेत्र में ट्रेलर दुर्घटना में 17 वर्षीय प्रीतम की मौत के चौथे दिन सांसद मनीष जायसवाल और बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव परिजनों से मिले. सांसद ने कहा यह दुःखद घटना है. इस संकट की घड़ी में हम सभी आपके साथ खड़े हैं. उन्होंने प्रशासन से परिजनों को सहयोग करने की अपील की. पूर्व विधायक ने कहा कि चौपारण में सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही एवं प्रशासन की विधि व्यवस्था में लचीलेपन के कारण आये दिन लोग वाहन दुर्घटना में मौत के शिकार हो रहे हैं. मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, पिंटू केशरी, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

अशोक कुमार पुन: सदर एसडीओ बने

हजारीबाग। राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर अनुमंडल स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों का शनिवार को स्थानांतरण किया है. इस कड़ी में अशोक कुमार को हजारीबाग का सदर अनुमंडल पदाधिकारी बनाया गया है. अशोक कुमार को स्थानीय देखते हुए लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से स्थानांतरित कर बेरमो एसडीओ बनाया गया था. जानकारी के अनुसार, अशोक कुमार हजारीबाग के इंद्रपुरी स्थित विवादित राजा बांग्ला निवासी हैं. वे मूल रूप से चतरा जिला के सिमरिया के रहने वाले हैं. अब एक बार फिर विधानसभा चुनाव से पहले हजारीबाग का सदर एसडीओ अशोक कुमार को बना दिया गया है.

हजारीबाग झील परिसर में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

आईएसबीटी की चहारदीवारी का काम जल्द पूरा करें: नगर आयुक्त

- शहरवासियों से शहर को स्वच्छ रखने का अनुरोध किया
- खीरगांव में आईएसबीटी की चहारदीवारी जल्द पूरी होगी

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग झील परिसर में स्वच्छता अभियान अभियान चलाते स्थानीय लोग.

स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शनिवार को हजारीबाग झील परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान का शुभारंभ नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सद्भावना विकास मंच, श्रीरामचरित सेवा संस्थान के अध्यक्ष संजय सिंह, महिला अध्यक्ष स्वेता सिंह एवं सदस्य महताब आलम, सोहेब अहमद, शिबली अहमद एहसान मनोज कुमार, सुधा कल्याण के सदस्य एवं झील एवं पर्यावरण समिति के सदस्यों की भागीदारी रही.

नगर आयुक्त ने शहरवासियों से अनुरोध किया कि शहर को साफ रखने में अपना योगदान दें. कूड़ा यत्र-तंत्र न फेंके और कूड़ेदान का प्रयोग करें. इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया. मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया. इस अभियान में नगर प्रबंधक राजीव रंजन, फरहत अनिसी, अर्पण इंदवार, लेमांशु कुमार, मो महफुज आलम, कनीय अभियंता रामचंद्र प्रसाद, सुधीर कुमार, अंकित कुमार, आतिश आनंद, साहिल कुमार रवि, तिलकधारी बेदिया ,अविनाश कुमार, अभिषेक सिंह, प्रधान जमादार दीपक कुमार, विधि सहायक अब्दुल राशिद उपस्थित थे.

डंपिंग यार्ड व मार्केटिंग कॉम्पलेक्स का जायजा लिया : नगर आयुक्त ने डंपिंग यार्ड, मंडई मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स, टैक्सी स्टैंड, खीरगांव में प्रस्तावित आईएसबीटी का भी जायजा लिया. इस दौरान उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, कार्यपालक अभियंता रमेश सिंह, कनीय अभियंता रामचंद्र प्रसाद भी साथ थे. डंपिंग यार्ड में अतिक्रमण देख नगर आयुक्त ने इसे जल्द से जल्द हटाने का निर्देश दिया. नहीं हटाने पर जिला से समन्वय स्थापित कर निगम हटा देगी. डंपिंग यार्ड में गाड़ी फंसने की शिकायत पर नगर आयुक्त ने सी एंड डी मटेरियल लेयिंग कर पथ को मोटरेबल बनाने का कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया. मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स को जल्द से जल्द पूर्ण करने का संवेदक को निर्देश दिया गया. वहीं, खीरगांव में प्रस्तावित आईएसबीटी की चहारदीवारी को जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा गया.

डीएवी बरकाकाना में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र से ही पर्यावरण और इंसान सुरक्षित

डीएवी बरकाकाना में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व बच्चे.

रामगढ़। डीएवी बरकाकाना में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नर्सरी से लेकर द्वितीय वर्ग के बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए. नर्सरी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया. बच्चों ने संदेश दिया कि यदि अपने आसपास के क्षेत्र को प्लास्टिक से मुक्त रखेंगें, तभी हम सुरक्षित रह पाएंगे. द्वितीय वर्ग के बच्चों ने मोनो एक्टिंग के माध्यम से प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया. वहीं, प्रथम वर्ग के बच्चों ने स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया.

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मो मुस्तफा मजिद ने कहा कि प्लास्टिक जहां एक ओर मिट्टी को प्रदूषित कर देती है, वहीं अनाज या हरी सब्जी के लालच में पशु कचरे में से इसे खा लेते हैं और लाइलाज बीमारियों के शिकार हो जाते हैं. प्लास्टिक में लाया गया सामान भी सुरक्षित नहीं होता और तरह-तरह के बीमारियों का वाहक बन जाता है. कैंसर में हो रही वृद्धि के कारणों में से एक प्रमुख कारण प्लास्टिक का उपयोग भी है. इसलिए बच्चे स्वयं जागरूक होकर समाज को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें.

प्रशिक्षण के बाद खाद-बीज विक्रेता भी बन सकेंगे किसान : भोक्ता

कृषि विज्ञान केन्द्र में किसानों को संबोधित करते मंत्री.

संवाददाता। चतरा

- मंत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया
- झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा में चल रहे 15 दिवसीय खाद-बीज विक्रेताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने औचक निरीक्षण किया गया. उन्होंने प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली. प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिना प्रशिक्षण के कोई भी खाद-बीज विक्रेता का दुकान नहीं चला सकता है. प्रशिक्षण के उपरांत के खाद-बीज विक्रेता का प्रमाण पत्र दिया जायेगा.

मंत्री ने कहा कि किसान खाद-बीज विक्रेता के मशवरे से ही बीज एवं खाद का चुनाव करते हैं. इसके लिए इसकी जानकारी आपको होनी चहिए. उन्होंने कहा कि कई बार किसान अज्ञानता के कारण अपने खेतो मे अंधाधुंध खाद का छिड़काव कर देते हैं, जिससे फसल और खेत दोनों बर्बाद होते हैं. 15 दिवसीय प्रशिक्षण लेने के बाद किसानों को खाद के बारे में अच्छी जानकारी हो जाएगी, जिससे वह किसान के साथ खाद-बीज विक्रेता भी बन सकेंगे और अन्य किसानों को खाद का छिड़काव कैसे किया जाता है, उसकी जानकारी भी दे पाएंगे. एक तरह से देखा जाए तो वह खाद विक्रेता के साथ किसान सलाहकार भी हों सकेंगे. जो युवा कम लागत में अपने गांव, कस्बे या शहर में स्वरोजगार करना चाहते हैं, उनके लिए शानदार मौका आया है. वे मात्र पंद्रह दिन की ट्रेनिंग लेने के बाद खाद उर्वरक बेचने का लाइसेंस ले सकते हैं. इसके बाद घर या आस-पास खुद की दुकान खोल सकते हैं. खुद आय करने के साथ ही किसानों की सहायता भी कर सकते हैं.

मंत्री ने अंत में झारखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में मंच का संचालन अभिजित घोष ने किया. कार्यक्रम में वैज्ञानिक धर्मा उरांव, मो जुनैद आलम, नवल किशोर, उपेन्द्र कुमार सिंह, अभिषेक घोष आदि मौजूद थे.

बारलोंग में पथ सुदृढ़ीकरण कार्य व चितरपुर में नाली निर्माण कार्यक्रम का शिलान्यास

रामगढ़ विस क्षेत्र का विकास के लिए कृतसंकल्पित हूं : विधायक

संवाददाता। रामगढ़

बारलोंग में शिलापट्ट का अनावरण करतीं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी.

बारलोंग में शनिवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत एनएच 23 से सरैया तक 2 करोड़ 59 लाख की लागत से पथ सुदृढ़ीकरण कार्य और चितरपुर उत्तरी राजबांध तालाब के समीप विधायक मद से 10 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्यक्रम का शिलान्यास किया गया. मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, आजसू के जिला कोषाध्यक्ष किशुनराम मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी द्वारा नारियल फोड़ कर शिलापट्ट का अनावरण किया गया.

इस अवसर पर रामगढ़ विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है. चुनाव के दौरान यहां के ग्रामीणों से जो वादा किया था, उसे पूरा कर रही हूं. उन्होंने संवेदक को ससमय गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया. मौके पर एजेकेएसएस नेता रविंद्र वर्मा, अनिल प्रसाद, सुनील यादव, संजय सोनार, राजेन्द्र सोनार, बीरेंद्र यादव, बारलोंग पंसस निशा कुमारी, पूर्व मुखिया खिरोधर बेदिया, शीला देवी, पूनम देवी, संवेदक मिशिरलाल महतो, संतोष महतो, सरिता देवी, बिंदु देवी, कंचन देवी, मालती देवी, ज्योति देवी, आशा देवी आदि मौजूद थे.

नो इंट्री का उल्लंघन करने वाले कोल वाहनों का सीओ ने चालान काटा

संवाददाता। चतरा

सिमरिया एसडीओ सन्नी राज के नेतृत्व में शनिवार को चतरा के सिमरिया-टंडवा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान नो इंट्री का उल्लंघन कर रहे कोलवाहनों को रोका गया. इसके बाद वाहनों के कागजातों का गहनता पूर्वक जांच किया गया. नो इंट्री के उल्लंघन में वाहनों का चालान काटा गया.

सिमरिया सीओ गौरव कुमार राय ने कहा कि आये दिन शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि नो इंट्री के दौरान धड़ल्ले से कोलवाहनों का परिचालन हो रहा है. जिससे आम लोगों के साथ साथ स्कूली बच्चों को भी आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. आवश्यक कार्रवाई करते हुए वाहनों को पकड़ कर सिमरिया थाना पुलिस को सौंप दी गई है. उन्होंने कोलवाहन चालक व मालिकों को हिदायत देते हुए कहा कि यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी. नियमों का उल्लंघन ना करें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें.

एमडीओ मोड कोयला उद्योग के हित में नहीं : आरपी सिंह

रजरप्पा ऑफिसर्स क्लब में जीबी मीटिंग करते एनसीओईए (सीटू) के सदस्य.

संवाददाता। रामगढ़

रजरप्पा क्षेत्र के श्रमिक संगठन एनसीओईए (सीटू) द्वारा शनिवार को रजरप्पा के ऑफिसर्स क्लब में रजरप्पा क्षेत्र की जीबी मीटिंग आयोजित की गई. इस दौरान मुख्य अतिथि एनसीओईए के महासचिव कामरेड आरपी सिंह व विशिष्ट अतिथि जोनल सेक्रेटरी सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर अरुण सिंह, जॉइंट जनरल सेक्रेटरी समीर विश्वास एवं केंद्रीय कमेटी मेंबर चंदन सिंह उपस्थित रहे.

मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि एमडीओ मोड एवं रिवेन्यू शेयरिंग मोड किसी भी तरह से कोयला उद्योग के हित में नहीं है. कोयला उद्योग को निजीकरण करने का नया तरीका केंद्र सरकार द्वारा लाया जा रहा है. कहा कि केंद्र सरकार गलत तरीके से एमडीओ मोड, रिवेन्यू शेयरिंग और फिक्स्ड टर्म अपॉइंटमेंट लाकर पूरे कोयला उद्योग को निजी मालिकों के हाथों में बेच देना चाह रही है, जिसे सीटू कभी बर्दाश्त नहीं करेगा. उन्होंने सभी लोगों से पीट मीटिंग कर मजदूरों को जागरूक करने का निर्देश दिया.

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष अर्जुन मंडल, सुखसागर सिंह, विनोद कुमार, कॉमरेड शहजाद जाफर, टेकलाल, चुरामन, संजीत, गायत्री, कविता, उषा, निर्मला, दिलीप खां सहित कई लोग मौजूद थे.

आवारा पशुओं के कारण आम जनता परेशान हैं

हजारीबाग। पुराना धरना स्थल के पास शनिवार को अशोक राम की अध्यक्षता में खतियानी परिवार की बैठक हुई. खतियानी परिवार के सदस्यों ने कहा कि शहर की सभी सड़कों, डेली मार्केट, बाजार वगैरह मैं गाय, बैल घूमते और बैठे हुए दिखते हैं. इससे सड़क जाम हो जाता है और आम जनता को परेशानी होती है. कमिश्नर, डीसी, एसपी व सदर बीडीओ से आग्रह किया है कि बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर इस समस्या से निजात दिलाएं. बैठक में हकीम, रामावतार भगत, रामेश्वर प्रसाद मेहता, अनवर हुसैन, मो नसीरुद्दीन, बोधी साहब, प्रदीप प्रसाद मेहता, शंभू ठाकुर, मुन्नी देवी, रीता देवी, महेश विश्वकर्मा, मो आशिक, मो फखरुद्दीन, विजय मिश्रा, अमर कुमार, तनवीर अख्तर, प्रमोद कुमार व अन्य उपस्थित थे.

रणनीति : सांसद और जिला अध्यक्ष की अगुवाई में भाजपा की परिवर्तन रथ यात्रा का भव्य स्वागत

परिवर्तन के मूड में है झारखंड की जनता : मनीष जायसवाल

- परिवर्तन यात्रा रथ के स्वागत में उमड़े भाजपा कार्यकर्ता
- हेमंत सरकार से त्रस्त हो चुकी है जनता : मनोज यादव

संवाददाता। हजारीबाग

चौपारण में सांसद की मौजूदगी में परिवर्तन रथ का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता.

भाजपा की परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ हजारीबाग प्रमंडल के चतरा जिला स्थित मां भद्रकाली की पावन भूमि इटखोरी से केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा के बाद हुआ. यहां से परिवर्तन यात्रा का रथ चतरा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही विधानसभा में प्रवेश किया. चौपारण प्रखंड के बेढ़ना उचाही में परिवर्तन यात्रा रथ का हजारों कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे और ढोल-ताशे के साथ स्वागत किया.

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा व राजेंद्र चंद्रवंशी की अगुवाई में बेढ़ना, महाराजगंज चौक, बिगहा बाजार, चौपारण, पडरिया, बसरिया, रामपुर, सेलहारा आदि स्थानों पर रथ का जोरदार स्वागत किया गया. दैहर मोड़ स्थित शहीद अजीत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने उन्हें नमन किया. परिवर्तन रथ में प्रमंडल संयोजक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, बरही विधानसभा प्रभारी बिनय सिंह, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य मौजूद रहे.

सांसद ने स्वागत के लिए जनता का आभार जताया : महाराजगंज में परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने अभूतपूर्व स्वागत के लिए जनता का आभार जताया. कहा कि हेमंत सरकार द्वारा पिछले चुनाव में किए झूठे वादे को जनता भूली नहीं है और आगामी विधानसभा चुनाव में परिवर्तन का मन बना चुकी है. सांसद ने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा झूठी घोषणाएं की जा रही हैं. पूरे झारखंड प्रदेश में परिवर्तन की बयार बह रही है. जनता वर्तमान झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी और एक बार फिर सुशासन और विकास की डबल इंजन की सरकार बनाएगी.

एक दर्जन कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा

बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा रथ को देखने के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. यात्रा के दौरान बेढ़ना में आसपास के गांवों के करीब एक दर्जन लोगों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़ कर भाजपा का दामन थामा. भाजपा में शामिल होनेईवालों में ओम सिंह, अंजन सिंह, पंकज पांडेय, मो. इसराइल परखवां, सकलदेव भुईयां, धीरेंद्र दांगी, बालदेव यादव, सटन भुइयां सहित अन्य शामिल थे. इन सभी का सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य लोगों ने फूल माला पहना कर भाजपा परिवार में स्वागत किया.

समाजसेवी ने दो अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया

संवाददाता। हजारीबाग।

जिले में लावारिश और अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार करने वाली संस्था मुक्तिधाम सेवा संस्थान के द्वारा शनिवार को दो अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार उनके धर्म के मुताबिक किया गया. इसे लेकर समाजसेवी नीरज कुमार ने बताया कि विगत 15 सितंबर को जिले के चौपारण थाना की पुलिस के द्वारा उन्हें एक अज्ञात शव पहचान होने तक सुरक्षित रखने एवं उसके उपरांत उनका अंतिम संस्कार कर देने के लिए सौंपा गया था.

वहीं विगत 14 सितंबर को शेख भिखारी मेडिकल कालेज अस्पताल से भी एक अज्ञात शव मुक्तिधाम सेवा संस्थान को सौंपा गया. बता दें कि दोनों शवों को प्रावधानों के मुताबिक कई दिनों तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया. लेकिन समय बीत जाने के बाद भी जब शवों की पहचान नहीं हो पाई, तो फिर संस्था के नीरज कुमार के द्वारा दोनों अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार शहर के खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में कर दिया गया.

नीरज कुमार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के लिए मरने के उपरांत अंतिम संस्कार को सभी धर्मों में अनिवार्य बताया गया है. ऐसे में किसी भी अज्ञात व्यक्ति के शव का अंतिम संस्कार करने से उन्हें आत्मिक शांति का अनुभव होता है.

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष चंद्रमा गुरु के साथ धन भाव में उच्च के हैं. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. धन का आगमन होगा . साथ ही किये गये कार्य का लाभ मिलेगा. कार्य और हिम्मत की बृद्धि से भाग्य का साथ मिलेगा.

वृष लग्न में गजकेसरी योग बना है. समय बहुत ही उत्तम है. आपके प्रयास से कार्य बनेगा और मन प्रसन्न रहेगा. दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य में विलंब होगा. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. पारिवारिक चिंता दूर रहेगी.

मिथुन सामाजिक और पारिवारिक कार्यों पर खर्च होगा. कोई बड़ा कार्य भी होगा. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. भाग्य का साथ रहेगा. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. किसी छोटे कार्य में किया गया निवेश शुभ रहेगा.

कर्क समय बहुत ही उत्तम है. बस प्रयास तेज करें. आपके मेहनत और प्रयास से कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी.

सिंह सरकारी कार्य में लाभ होगा. पिता से लाभ होगा कार्य भी बनेगा. परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे. सूर्य को जल दें.

कन्या गलत कार्य से कोई मानहानि हो सकती है. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा. दुर्गामाता को लालफूल अर्पण करें.

तुला उदर विकार हो सकता है. कोई नया कार्य को लेकर अधिक भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. किसी गरीब को अन्न का दान करें. कार्य बनाने से मन खुश होगा.

वृश्चिक समय बहुत ही उत्तम है. ब्यापार में आचानक लाभ होगा. किसी बिछड़ा मित्र का समाचार मिल सकता है. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य में विलंब होगा. कोई कार्य नहीं होने से चिंता तथा तनाव रहेंगा.

धनु बुखार या मौसमी बीमारियों से बचना चाहिए. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. गायत्री मंत्र का जाप करें.

मकर संतान को लेकर कोई खुशखबरी मिलेगी. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. शनि को खुश करें.

कुंभ समय उत्तम है. भाई बहन के साथ कहीं घूमने का योग है. आपके प्रभाव से पराक्रम बढ़ेगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा.

मीन सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगा. किये गए कार्य से पराक्रम बढेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अज्ञात भय रहेगा. आपके कार्य और प्रभाव से समाज को लाभ मिलेगा. गाय को केला खिलाएं.

नेशनल कॉन्क्लेव ऑन जेंडर मेनस्ट्रीमिंग पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

जीवन की स्थितियां और परिस्थितियां अलग-अलग हैं : रीना दास

संवाददाता। किरीबुरु

सुषमा स्वराज भवन न्यू दिल्ली में 20 सितंबर को आयोजित नेशनल कॉन्क्लेव ऑन जेंडर मेनस्ट्रीमिंग पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ. इस कार्यक्रम में न्याय सलाह केन्द्र, जेएसएलपीएस, किरीबुरु की रीना दास ने झारखंड से प्रतिनिधित्व किया. रीना दास ने कहा कि लैंगिक मुख्यधारा का मतलब है नीतियों, कार्यक्रमों और परियोजनाओं के सभी चरणों और स्तरों पर लैंगिक समानता के दृष्टिकोण को एकीकृत करना. महिलाओं और पुरुषों की जरूरतें और जीवन की स्थितियां और परिस्थितियां अलग-अलग हैं. इसमें सत्ता, संसाधनों, मानवाधिकारों और न्याय प्रणाली सहित संस्थाओं तक असमान पहुंच और नियंत्रण शामिल है. महिलाओं और पुरुषों की परिस्थितियां देश, क्षेत्र, आयु, जातीय या सामाजिक मूल या अन्य कारकों के अनुसार भी भिन्न होती हैं. लैंगिक मुख्यधारा का उद्देश्य नीतियों, कार्यक्रमों और परियोजनाओं को डिजाइन, लागू करने और उनका मूल्यांकन करते समय इन अंतरों को ध्यान में रखना है, ताकि वे महिलाओं और पुरुषों दोनों को लाभान्वित करें और असमानता न बढ़ाएं, बल्कि लैंगिक समानता को बढ़ाएं. लैंगिक मुख्यधारा का उद्देश्य लैंगिक असमानताओं को हल करना है. रीना दास ने झारखंड की महिलाओं की स्थिति, दशा व दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाली. किरीबुरु में संचालित न्याय सलाह केन्द्र-जीआरसी में किस प्रकार से कार्य होता है, महिलाओं को कैसे योजनाओं से जोड़ आगे बढ़ाया जा रहा है, महिलाओं पर हो रही हिंसा, अंधविश्वास को रोकने आदि हेतु क्या कार्य किया जा रहा है, उसकी जानकारी दी. सम्मेलन में राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, और झारखंड से महिलाओं के अलावे मिनिस्ट्री ऑफ रूरल डेवलपमेंट के डायरेक्टर, सेक्रेटरी, एडिशनल सेक्रेटरी, पंचायती राज के डायरेक्टर एवं अन्य विभाग के उच्च अधिकारियों के अलावे जेएसएलपीएस की एसपीएम पूर्णिमा मुखर्जी, डीएम रमेश नायक, सौरभ प्रसाद, जेंडर सीआरपी सावित्री नायक आदि मौजूद थे.

सुषमा स्वराज भवन में रीना दास व अन्य पदाधिकारी

पासवा का राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आज

आज 3000 से अधिक शिक्षक और शिक्षाविद होंगे सम्मानित

संवाददाता। रांची

पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन- पासवा का राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह रविवार को आयोजित होगा. रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी कैंपस स्थित दीक्षांत मंडप में सुबह 10 बजे से समारोह शुरू होगा. पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, प्रदेश उपाध्यक्ष ने लाल किशोर नाथ शाहदेव, महासचिव डॉ राजेश गुप्ता छोटू, नीरज कुमार,महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा ने शनिवार को दीक्षांत मंडप में समारोह की अंतिम तैयारी का जायजा लिया. इसकी जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता कर बताया गया कि पासवा के एक्टिव वालंटियर पासवा के प्रदेश स्तरीय और जिला स्तरीय पदाधिकारीगण रविवार के विशाल सम्मान समारोह की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं. बताया गया कि राज्य के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम समारोह का उद्घाटन करेंगे. वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, ग्रामीण विकास मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे. रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, पूर्व डीवभी डायरेक्टर एलआर सैनी, बोकारो थर्मल कार्मेल स्कूल की प्राचार्या सिस्टर एम मल्हार, होली क्रॉस स्कूल की प्राचार्या सिस्टर जेनी, डीपीएस स्कूल के प्राचार्य आरके झा, डीएवी कपिल देव के प्राचार्य एमके सिन्हा, केराली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई इसमें गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे.

खास बातें

- मोरहाबादी कैंपस स्थित दीक्षांत मंडप में सुबह 10 बजे से होगा कार्यक्रम
- शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम करेंगे शिक्षक सम्मान समारोह का उद्घाटन

अलग-अलग जिले से शिक्षाविदों का रांची पहुंचना शुरू

पासवा के इस राज्यस्तरीय समान समारोह में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न भागों से और झारखंड के प्रत्येक जिले से शिक्षाविदों का रांची आना प्रारंभ हो चुका है, जिनके रहने की व्यवस्था की जा रही है. इस ऐतिहासिक शिक्षक सम्मान समारोह में 3000 से अधिक शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है. झारखंड के नामी गिरामी स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है. काफी बड़ी संख्या में सम्मानित करने के लिए सर्टिफिकेट और मोमेंटो मंगाए गए हैं. रांची विश्वविद्यालय दीक्षांत मंडप को सजाया जा रहा, बैनर पोस्टर लगाए जा रहे हैं. इतनी बड़ी संख्या में बाहर से आने वाले शिक्षकों और शिक्षाविदों के लिए काफी बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए जा रहे हैं. देश और राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाले शिक्षकों और शिक्षाविदों के लिए भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था की जा रही है. शिक्षक सम्मान समारोह की सफलता की तैयारी में मुख्य रूप से रूपेश कुमार, सुनीता सहाय, डॉ सुषमा केरकेट्टा,संजय प्रसाद, बबलू वर्मा, मनोज कुमार भट्ट, मेहुल दूबे, मिंकू प्रसाद, रशीद अंसारी, अल्ताफ अंसारी, मो .फैजान, अनिकेत कुमार, मो .कैफ, फिजां परवीन, पूजा कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे.

होमगार्ड में फर्जी तरीके से नौकरी करने का मामला

कंपनी कमांडर समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज, एक धराया

संवाददाता। रांची

झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में कंपनी कमांडर समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है. यह मामला गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन विभाग के डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर धुर्वा थाना में शनिवार को दर्ज हुआ है. जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है उसमें कंपनी कमांडर कैलाश यादव के अलावा फर्जी तरीके से होमगार्ड की नौकरी कर रहे आरिफ अंसारी, आसिफ अंसारी, जगदीश टोप्पो और निसाद अहमद के नाम शामिल हैं. फर्जी तरीके के नौकरी करने वाले सभी रांची के कांके, रातू और नामकुम के रहने वाले हैं.

अभिलेख में छेड़छाड़ कर दो साल से कर रहा था फर्जी तरीके से नौकरी : चारों व्यक्ति कंपनी कमांडर कैलाश यादव की मदद से अभिलेख में छेड़छाड़ कर होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहा था. ये सभी पिछले दो साल से नौकरी कर रहा था और सरकार से वेतन भी ले रहा था. जांच के बाद इन लोगों के द्वारा फर्जी तरीके से नौकरी करने का मामला सामने आया. वहीं पूरे राज्य में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे होमगार्ड के जवान को चिन्हित किया जा रहा है. जिसके बाद सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी.

कदाचार मुक्त व शांतिपूर्वक हुई परीक्षा : गरिमा सिंह

संवाददाता। लातेहार

झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षाका आयोजन 21 सितंबर को लातेहार जिले में किया गया. यह परीक्षा सुबह 8:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक तीन पालियों में संपन्न हुई. जिले में कुल 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे. कुल 3947 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था. पहली और दूसरी पाली में कुल 2672 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1275 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. तीसरी पाली में 2667 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी. जबकि 1280 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे. इस आशय की जानकारी उपायुक्त गरिमा सिंह ने यहां आयोजित प्रेस वार्ता में दी. 22 सितंबर को भी यह प्रतियोगिता परीक्षा तीन पालियों में 18 केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी. उपायुक्त ने सभी परीक्षार्थियों से समय पर अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचने की अपील की है और परीक्षा में सहभागिता के लिए सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी है.

भाजपा के झांसे में नहीं आएंगे दलित, आदिवासी : विजय शंकर

रांची। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित

शाह द्वारा परिवर्तन यात्रा की शुरुआत करने पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 17 वर्ष के कार्यकाल को झारखंड के दलित, आदिवासी मूलवासी झारखंडी समाज ने देखा है. इन लोगों ने भाजपा के चाल चरित्र को समझा है. भाजपा अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है, अब झारखंडी- समाज उनके झांसे में नहीं आनेवाला है. भाजपा चाहे लाख परिवर्तन यात्रा निकाल ले, लेकिन अब झारखंड की सत्ता उसे किसी भी हालत में नहीं मिलनेवाली है. उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने के लिए अपने जनसंघ काल से पार्टी में रह कर कार्य करने वाले नेताओं को दरकिनार कर दूसरी पार्टी से आये नेताओं को तरजीह दे रही है. इससे भाजपा के अंदर ही खेमेबाजी और गुटबाजी शुरू हो गई है.

पलामू में 4614 परीक्षार्थियों ने दी जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा

पलामू। जेएसएससी सीजीएल की पहली दिन की परीक्षा शनिवार को पलामू जिले में बनाये गए 16 केन्द्रों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई. इस दौरान इंटरनेट सेवा ठप रही. राज्य भर में इंटरनेट को सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर 1.30 बजे तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन सुबह 5.30 बजे से ही इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी थी. इंटरनेट ठप रहने से परीक्षा के पारदर्शी होने की संभावना है, लेकिन इसका जनजीवन पर बुरा असर पड़ा. बताते चलें कि लंबे समय से तैयारी कर रहे अभ्यर्थी जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के इंतजार में थे. परीक्षा होने के बाद उनके चेहरे पर खुशी का भाव साफ तौर पर देखा गया. बताते चलें कि रविवार को भी जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा जिले के 16 केन्द्रों पर होगी. परीक्षा संपन्न होने के बाद जिले के उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को जानकारी दी. उपायुक्त ने बताया कि 4776 में से 4614 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी.

राष्ट्रीय टीम में जगह बनानेवालीं झारखंड की पहली महिला

आरुषी वंदना और आयुष सिन्हा एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक बने

संवाददाता। रांची

झारखंड की बेटी आरुषी वंदना को एनएसयूआई की राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है. उन्हें राष्ट्रीय संयोजक बनाया गया है. एनएसयूआई की राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने वाली झारखंड की यह पहली महिला हैं. आरुषी 2016 से लगातार एनएसयूआई के लिए काम कर रही हैं. विभिन्न पदों पर रहने के बाद अब उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है.

राष्ट्रीय संयोजक बनाये जाने पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा जो भी जिम्मेवारी सौंपी जाएगी, उसे निभाने की पूरी कोशिश करेंगी. ज्ञात हो कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने पूरे देश से मेहनती, छात्र हित के लिए काम करने वाले लोगों को राष्ट्रीय टीम में जगह दी है. झारखंड से आरुषी वंदना और आयुष सिन्हा को जगह मिली है. राष्ट्रीय संयोजक बनने पर एनएसयूआई के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, लालकिशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, मंत्री, विधायक, आयोग के अध्यक्ष सहित समस्त कांग्रेसियों ने दोनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 544 लीटर अवैध शराब बरामद

पलामू। दुर्गा पूजा के मद्देनज़र अवैध शराब के कारोबार पर रोकथाम के लिए उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हरिहरगंज थाना क्षेत्र में 544.320 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है. यह छापेमारी उपायुक्त के निर्देश पर की गई, जहां उत्पाद अधीक्षक के नेतृत्व में टीम ने एक पक्के मकान से कुल 63 पेटी रॉयल व्हिस्की (180मि.ली) जब्त की. गुप्त सूचना के आधार पर हरिहरगंज थाना अंतर्गत भगत तेंदुआ में छापेमारी की गई. घर के एक कमरे में बालू के अंदर छिपाकर रखी गई 50 पेटी रॉयल व्हिस्की बरामद की गई. इसके बाद, पास के एक और कमरे की तलाशी में 10 और पेटियां, साथ ही एक बोरे में छिपाई गई 144 बोतलें भी मिलीं. बरामद की गई शराब पर न तो निर्माण राज्य का नाम था, न ही बैच नंबर अंकित था, जिससे यह अवैध शराब साबित हुई. इस कार्रवाई में पवन पासवान, विनय पासवान और मुकेश पासवान को आरोपी बनाया गया है, जो फिलहाल फरार हैं.

परिवर्तन यात्रा के सफल आयोजन की तैयारी का लिया जायजा

छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार पहुंचे कोलेबिरा

संवाददाता। सिमडेगा/ कोलेबिरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सिमडेगा जिला में परिवर्तन यात्रा शुरू की जा रही है. परिवर्तन यात्रा की तैयारी को लेकर शनिवार को छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप कोलेबिरा के हाई स्कूल मैदान पहुंचे, जहां कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया.

केदार कश्यप छत्तीसगढ़ के मंत्री ने जिला के कार्यकर्ताओं से बात कर होने वाले कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी ली. साथ ही उन्होंने कई दिशा निर्देश दिए, जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके.

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा सह राज्य सभा सांसद समीर उरांव ने लगातार मीडिया से बात कर बताए की कोलेबिरा विधानसभा के हाई स्कूल मैदान मे परिवर्तन यात्रा का आयोजन होना है, जो आने वाले चुनाव मे दिशा तय करेगा. यात्रा के दौरान रोड शो, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सभा का आयोजन होगा. 24 सितंबर को अनिल एंटनी कोलेबिरा में सभा को संबोधित करेंगे. वहीं 24 सितंबर को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व हटिया विधायक नवीन जायसवाल कोलेबिरा, सिमडेगा व कुरडेग में जनसभा को संबोधित करेंगे. परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने को लेकर भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं. भाजपा की परिवर्तन यात्रा ऐतिहासिक साबित होगी. मौके पर गणेश मिश्रा, विनय लाल, आरती कुजूर, सुषमा देवी, मुकेश श्रीवास्तव, अनूप केसरी, अशोक, भोला साहू, चिंतामणि कुमार मौजूद थे.

परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा पहुंची मयूरहंड, हुआ भव्य स्वागत

झारखंड में भाजपा की ही सरकार बन रही है : प्रसाद

संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)

झारखंड सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ भाजपा द्वारा पूरे प्रदेश में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली गई. रथ यात्रा शनिवार को मयूरहंड पहुंची. जहां प्रखंड भाजपा नेताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया. रथ यात्रा का नेतृत्व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास कर रहे थे. परिवर्तन संकल्प रथ यात्रा में प्रमंडल प्रभारी राकेश प्रसाद, सांसद काली चरण सिंह, सह संयोजक अशोक शर्मा, मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह मुख्य रूप से मयूरहंड पहुंचे. जहां पुष्प वर्षा कर व अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया गया. इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रमंडल प्रभारी राकेश प्रसाद ने कहा कि वर्तमान की सरकार निकम्मी व भ्रष्टाचारी है. इस सरकार में शामिल कांग्रेस और राजद पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में लिप्त है, जिसका जीता जागता प्रमाण सरकार के मंत्री जेल में हैं और कई जांच के घेरे में हैं.

उन्होंने कहा कि यह सरकार केवल अपनी झोली भरने में मस्त है और आम जनमानस त्राहिमाम कर रही है. इस विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार झारखंड में बन रही है. वहीं सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि वर्तमान की सरकार में मां-बहनें सुरक्षित नहीं हैं. आपराधिक घटनाएं चरम पर हैं, खुलेआम अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं. इसके बावजूद वर्तमान की सरकार गूंगी व बहरी बनी हुई है.

पेज एक का शेष

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से...

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा. वहीं स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेंद्र कृष्णा ने स्वयं बहस की. प्रार्थी की ओर से अदालत में कहा गया कि इंटरनेट सुविधा बंद किए जाने से रोजमर्रा के कई काम प्रभावित हो रहे हैं और इसका सीधा असर लोगों के कामकाज पर पड़ रहा है. वहीं राज्य सरकार की ओर से दलील पेश की गई कि परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो, इसलिए एतिहातन सिर्फ मोबाइल का इंटरनेट बंद किया गया है. बाकी इंटरनेट की सुविधाएं पूर्व की तरह ही चल रही हैं.

म्यांमार से 900 उग्रवादियों...

जब तक यह गलत साबित नहीं हो जाता, हम मानते हैं कि यह 100 प्रतिशत सही है, क्योंकि किसी भी खुफिया इनपुट को आपको 100 प्रतिशत सही मानना होगा और उसके लिए तैयार रहना होगा. जनवरी में मणिपुर के सीमावर्ती व्यापारिक शहर मोरेह में पुलिस कमांडो पर हमलों के बारे में पूछे जाने पर सुरक्षा सलाहकार ने म्यांमार स्थित उग्रवादियों की संलिप्तता से इनकार किया था. हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया था कि म्यांमार के उग्रवादियों के आने की संभावना थी, लेकिन तब कोई सबूत नहीं था.

तीन परिवारों ने रोकी थी...

पीएम मोदी के आने बाद ओबीसी, पिछड़ों, गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों को आरक्षण मिला. जब मैंने बिल पेश किया, तो फारूक अब्दुल्ला की पार्टी ने विरोध किया और यहां गुर्जर भाइयों को भड़काना शुरू किया. जब मैं राजौरी आया था, तब मैंने वादा किया था कि हम गुर्जर भाइयों के आरक्षण को कम नहीं करेंगे और पहाड़ियों को भी आरक्षण देंगे... और हमने आपना वो वादा निभाया. शाह ने कहा, 90 के दशक में जम्मू कश्मीर में कितनी गोलीबारी होती थी, याद है न आपको... अब गोलीबारी होती है क्या? पहले यहां गोलीबारी इसलिए होती थी, क्योंकि पहले यहां के आका पाकिस्तान से डरते थे, अब पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरता है. इनकी हिम्मत नहीं है गोलीबारी करने की और अगर इन्होंने गोलीबारी की तो गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा.

ये कैसा प्यार, मोहब्बत हमारे साथ...

यह सब झूठ है और ध्यान भटकाने के लिए किया गया है. मैं आपसे पूछता हूं, भाजपा पिछले 10 साल से केंद्र में सत्ता में है और यहां उनके द्वारा नियुक्त उप राज्यपाल हैं. उन्होंने जो वादे किए थे, उन्हें क्यों पूरा नहीं किया? उन्होंने आगे कहा, आप पाकिस्तान की बात करते हैं. हम कभी बिरयानी खाने और गले मिलने नहीं गए, आप गए थे और अब आप हमें दोष दे रहे हैं. मैं एक कहावत कहता हूं कि मोहब्बत हमारे साथ, शादी पाकिस्तान के साथ. दो दिन पहले अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ की कथित टिप्पणियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को लागू नहीं होने देंगे और दुनिया की कोई ताकत जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती है. प्रधानमंत्री मोदी आरोप लगाया था कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का गठबंधन पाकिस्तान के हितों के साथ मेल खाता है. उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस को वोट देने का मतलब धारा 370 को फिर से लागू करना होगा, जिससे घाटी में हिंसा की वापसी का रास्ता साफ होगा.

शासक को अपनी आलोचना पर...

साफतौर गडकरी का इशारा पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ देखा जा रहा है. हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के दौर में गडकरी का शासक को नसीहत देने का राजनीतिक पंडित तरह-तरह से विश्लेषण कर रहे हैं. माना जा रहा है कि गडकरी ने पीएम मोदी को नसीहत दी है कि उन्हें विपक्ष की आलोचनाओं को बर्दाश्त करनी चाहिए और आत्मचिंतन करना चाहिए कि गलती कहां पर हुई है.

क्या मैंने जो कहा है...

बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीते 10 सितंबर को वॉशिंगटन डीसी में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के एक कार्यक्रम में कहा था, लड़ाई इस बात को लेकर है कि क्या किसी सिख को अपनी पगड़ी पहनने या भारत में गुरुद्वारे जाने की अनुमति दी जाएगी. यह सिर्फ सिखों के लिए नहीं है, बल्कि सभी धर्मों के लिए है. राहुल गांधी के इस बयान को लेकर भाजपा उन पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगा रही है. केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने तो राहुल गांधी को आतंकवादी नंबर वन करार तक कह दिया. कई अन्य नेताओं ने भी राहुल गांधी को तरह-तरह की चेतावनी दे डाली.

हिंद देश की अपनी भाषा हिंदी है

कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

सोचा था मैं हिंदी दिवस मनाऊंगा, मुख्य अतिथि बन समारोह में जाऊंगा. पर मेरा सपना न कभी साकार हुआ. जो भी सोचा था सबकुछ बेकार हुआ. लिखा बहुत पर नहीं किसी ने ध्यान दिया. मौका मिलते ही सबने अपमान किया. जो समर्थ हैं उनकी तो है ठाट बड़ी. असमर्थों की पग-पग होती खाट खड़ी. समारोह में हिंदी का गुणगान हुआ. बड़े सेवकों का फिर से सम्मान हुआ. साहब जी अंग्रेजी के दीवाने हैं. इनकी सोच समझ के कितने माने हैं. इसीलिए ये बहुत बड़े अधिकारी हैं. सदा अकड़ते और सबों पर भारी हैं. एक साल पर हिंदी दिवस मनाते हैं. समारोह में हिंदी के गुण गाते हैं. पखवाड़े तक उसका साथ निभाते हैं. फिर अंग्रेजी में साहब रम जाते हैं. घोड़ों के पैरों में ठोके जाते नाल. मुर्गों को होना न चाहिए कभी मलाल. युग-युग से है चला आ रहा माया जाल. नहीं मेहनतकश की गल पाती है दाल. मतलब हिंदी दिवस रह गया फिर खाली. मेरे लिए किसी ने घास नहीं डाली. छलक उठी जब दिल की पीड़ा की प्याली. तो मैंने अपनी यह कविता लिख डाली. आशा है यह कविता सबको भायेगी. यह भूले-भटकों को राह दिखायेगी.

हिंद देश की अपनी भाषा हिंदी है.
जन-जन की प्यारी अभिलाषा हिंदी है.
यह है सिर का मुकुट, कान का कुंडल है
हार गले का है माथे की बिंदी है.
राग सबों से है पर मन में द्वेष नहीं
इसके मन में कोई कभी कलेश नहीं
करुणा ममता दया त्याग की मूरत है
वैरभाव का मन में कोई शेष नहीं.
कुशल वाहिका जनमन के अरमानों की.
विशद खान है ज्ञानों की, विज्ञानों की.
कथा कहानी व्यंग्य निबंधों की जननी
प्राण शक्ति है गीत मधुरतम तानों की.
निरभिमान है, नहीं कभी इतराती है
बड़े प्रेम से सबको गले लगाती है
अपने घर में भले उपेक्षित हो जाये
लेकिन यह सारी दुनिया पर छाती है.
केवल गाल बजाने से भी क्या होगा
राग बिना मन गाने से भी क्या होगा
भय के कारण अगर प्रेम हो हिंदी से
हिंदी दिवस मनाने से भी क्या होगा.

और कुछ हो या नहीं हो, लेकिन यह हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़े का आयोजन साल में एक बार हिंदी के प्रति कर्तव्य निभाने को प्रेरित तो करता ही है. हिंदी का विकास किसी एक व्यक्ति या संस्था की बदौलत संभव नहीं है. इसके लिए हम सभी भारतवासियों को निरंतर प्रयास करना होगा, क्योंकि कोई भी बड़ा कार्य आवश्यक नहीं है कि एक ही दिन में हो जाये. ईमानदारी से किये गये प्रयास कभी विफल नहीं होते. इसमें कोई संदेह नहीं कि हिंदी बहुत ही प्यारी भाषा है. इसमें मिट्टी की सुगंध है, फूलों की मुस्कान है, हमारे देश की शान है. इसीलिए पूरी दुनिया में इसका मान है. इस क्रम में दुमका के कुम्हारपाड़ा निवासी वयोवृद्ध कवि **शंभु नाथ मिस्त्री** का यह मुक्तक विचारणीय है-

मिट्टी की सौंधी सुगंध है फूलों की मुस्कान में,
हम हैं हिन्दुस्तानी दिल से जो कहता है शान में ;
देशभक्ति हो सनी रुधिर में माटी से भी प्यार हो ,
हिन्दी उसके प्राण बसी है, हर सुख-दुख के गान में.

हिंदी में अभिव्यक्ति की अद्भुत क्षमता है. यह सुख में उत्साह और उमंग को और बढ़ा देती है तो विपदा काल में पूरी तत्परता से साथ निभाती है. भले आज परिस्थितियां प्रतिकूल हो चली हैं, लेकिन फिर भी हिंदी उस मुकाम पर पहुंच चुकी है, जहां उसका रूप और भी दिव्य हो उठा है. हिंदी की सेवा में झारखंड अग्रणी भूमिका में रहा है, जहां हजारों की संख्या में दिग्गज हिंदी सेवी विराजमान रहते हैं. पलामू भी इस पुनीत कार्य में पीछे नहीं रहा है. यदि इतिहास के पन्ने पलटें तो आचार्य डॉ. रामदीन पाण्डेय, हवलदारी राम गुप्त, जनार्दन द्विवेदी दीन, रामेश्वरम आदि महारथियों की सेवा अविस्मरणीय है. ये आज हमारे साथ भले ही नहीं हैं, लेकिन इनकी ज्योति आज भी प्रकाशमान है. उन्हीं की परंपरा के कवि हैं **श्रीधर द्विवेदी**, जिनके साहित्यसेवा में वृद्धावस्था का कोई हस्तक्षेप नहीं है. गद्य-पद्य की सभी विधाओं में ये पारंगत हैं और इनकी लेखनी सृजन के मार्ग पर सरपट भागती है. हिंदी पखवाड़े में इन्होंने हिंदी का महत्व बताने के उद्देश्य से कुछ कुंडलियों की रचना की है. उनमें से एक कुंडली यहां प्रस्तुत है-

हिन्दी की छतरी तले , बोली कई समाय.
हिमनग से चलती हुई, विंध्य पार कर जाय.
विंध्य पार कर जाय, पहुंचकर सिन्धुपार तक.
केरल कठियावाड़, पसर कर विश्व अचानक.
कह श्रीधर मतिमन्द, देश की कुमकुम बिन्दी.
हिंदुस्तानी जान, शान है सबकी हिन्दी..

इनकी इस कुंडली में हर बात मानी जा सकती है, लेकिन एक बात पर मुझे आपत्ति है. वह बात है कि इन्होंने स्वयं को मतिमंद कहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि श्रीधर जी जानेमाने वरिष्ठ कवि हैं और एक कवि और चाहे जो कुछ भी क्यों न हो, मतिमंद तो नहीं ही हो सकता है. यह इनकी विनम्रता है, बड़प्पन है. बाबा कबीरदास ने कहा है-लघुता ते प्रभुता मिले, प्रभुता ते प्रभु दूरि. चींटी ले शक्कर चली, हाथी के सर धूरि. हिंदी पखवाड़े में विशेषकर कवियों की सक्रियता बढ़ गयी है. उनका उत्साह देखते बनता है. रांची की कवयित्री **लोकृती गुप्ता** का मानना है कि सभी अच्छाइयों के बावजूद हिंदी को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी वह हकदार है. इस संदर्भ में प्रस्तुत लोकृती जी की यह रचना-



हिंदी हमारी मातृभाषा है पर न जाने कितने सालों से
उसका मन प्यासा है पर लगता है आज भी
हमसे प्रेम पाने की उसकी आशा है
अंग्रेजों की अंग्रेजीयत हममें कुछ ऐसे समा गयी
कि हमें तो पता ही न चला कि हमारी मातृभाषा
हिंदी कहां गयी कमाल की बात है
हम यूं तो इंग्लिश बोलने में बड़ा गौरव करते हैं
और अपनी ही भाषा के उपयोग में शर्म का अनुभव करते हैं
बात ये नहीं कि हम विकासशील न हों
पर क्या ये सही है कि पड़ोसी की माँ का
खूब सम्मान करें हम और अपने ही
मां-बाप के प्रति संवेदनशील न हों पढ़ी थी मैंने अंग्रेजों की कहानी
कि याद दिला दो इन भारतीयों को नानी
आत्मा से अंग्रेज और देह से भारतीय यहां का हर नौजवान हो
कुछ ऐसी ही नस्लों से भरा पूरा हिंदुस्तान हो
उसने जो चाहा कर दिखाया है
अरे! आज हर जगह इंग्लिश का ही तो जादू छाया है
मैं नहीं कहती कि उन्नति, वैश्वीकरण न हो
पर हम भूल जाएं अपनी भाषा-संस्कृति
ऐसी अवनति, ऐसा कोई प्रकरण न हो
आज एबीसीडी सबको पता है पर कखगघ का ज्ञान नहीं
वनटूथ्रीफोर तो आता है पर अपने ही देश में
एक दो तीन चार कहने से मिलता सम्मान नहीं
यह हर मां-बाप की जिम्मेदारी है
कि इंग्लिश सिखाने के साथ-साथ ये भूल न जाएं कि मातृभाषा
हिंदी हमारी है साथ ही सारे नव युवक-युवतियों
से मेरा अनुरोध है कि उपयोग करें हिंदी, उपयोग में जिसके
लग चुका अचकचाहट का अवरोध है
बेशक हम किसी का अपमान न करें
पर विश्व से सम्मान तब तक नहीं पा सकते
ज़ब तक अपने देश, संस्कृति, भाषा का सम्मान ना करें

लोकृती जी की बात तो पते की है. हमें अगर विश्व में सम्मान चाहिए तो उसके लिए हमें अपने देश, अपनी संस्कृति और अपनी भाषा का सम्मान तो करना ही पड़ेगा. इसका अर्थ यह भी नहीं कि हम दूसरी भाषाओं की उपेक्षा करें. उनका भी पूरा सम्मान होना चाहिए, लेकिन हिंदी की उपेक्षा करते हुए नहीं. इन्हीं शब्दों के साथ होते हैं विदा. जय हिंद ! जय झारखंड !!

होता है!

नहीं जिससे सुनाई दे
वो ऊँचा कान होता है।
कि जिससे कान कच्चे हों,
वो पक्का गान होता है.
जिसे खा लें मजे में सब,
वही ईमान होता है.
जो बे-ईमान होता है
वही इन्सान होता है.
कटे बाजार में पाकिट,
समझ लो, दान होता है.
लगे चूना मुहब्बत से
करारा पान होता है.
अगर वो देख-भर लें
तो बड़ा अहसान होता है.
मगर हम मर मिटे तो भी
नहीं बलिदान होता है.

किसी को हार पहनाकर
कहो-सम्मान होता है.
किसी की पीटकर ताली
कहो-कल्याण होता है.
थमा दो नोट के बंडल
नहीं नुकसान होता है.
इसी से जिन्दगी के बल्ब
का स्विच ऑन होता है.
सिड़ी ही सीढ़ियां चढ़कर
सदा श्रीमान होता है.
बिदककर बुद्धमानी से
मनुज विद्वान होता है.
जो लम्बी तानकर सोता,
वही शैतान होता है.
भगत जिसको भगा देते,
वही भगवान होता है?

- गोपाल प्रसाद व्यास

आम नागरिक और सरकार का खेल

चौराहा
प्रमोद कुमार झा

कहते हैं कि दुनिया के सभी लोकतंत्रों में भारतीय लोकतंत्र सबसे पुराना है. प्राचीन काल में सीरध्वज जनक के बारे में चर्चित है कि उन्होंने अपने और परिवार के भरण पोषण के लिए कृषि कार्य को चुना था. उन्होंने राजकोष का खर्च अपने और अपने परिवार के लिए कभी नहीं किया. हाल के दिनों में भी त्रावणकोर के राजपरिवार बर्मन लोगों के बारे में प्रसिद्ध है कि स्वप्न में प्राप्त 'पद्मनाभस्वामी' के आदेशानुसार अपनी सारी सम्पत्ति उस मंदिर को दान कर दी, राजकोष से धन लेना बंद कर दिया और अधिक सक्रियता से जनकल्याण के कार्य करने लगे. आज भी विश्वप्रसिद्ध थिरुपद्मनाभस्वामी के मंदिर में प्रातः पहली पूजा उनके 'सेवक' राजपरिवार के वंशज ही करते हैं तभी सामान्यजन के लिये खुलता है. और हां अपने जीवन यापन के लिए मसालों का व्यापार करने लगे. ये भी कहा जाता है कि व्यापार से प्राप्त लाभांश को भी सैकड़ों सालों से ₹थिरु पद्मनाभस्वामी₹ को अर्पित करते आये हैं. ये बात बात भी लोक बताते हैं कि पद्मनाभस्वामी मंदिर में जमा अकूत संपति और सोना भी राजाओं द्वारा अर्पित धन ही है. आज आज़ादी के सतहत्तर साल बाद अगर एक आर्थिक सर्वेक्षण प्राप्त किया जाय तो पता चलेगा कि राजकोष में लोगों से प्राप्त करों के रूप में धन और अन्य स्रोतों से प्राप्त धन का एक बड़ा हिस्सा बर्तमान सांसदों, मंत्रियों,लोकसभा और विधान सभा के पूर्व सदस्यों, उनके परिवार जन के पेंशनों, जीवन पर्यंत उनके और उनके परिवार जनों की स्वास्थ्य सेवा, उनके लिए सर्व सुविधायुक्त आवास, दर्जनों महंगी गाड़ियों और सीमित दर में भूखंड उपलब्ध कराने में खर्च होता है. बर्तमान, पूर्व और भविष्य के राजनेताओं की सुरक्षा में देश भर के लाखों सुरक्षा कर्मी लगे हैं और उसपर भी अरबों रुपए सालाना खर्च हो रहे हैं .सारे राजनीतिक लोगों और माननीय सदस्यों के फ्री रेलवे कूपन,हवाई यात्रा के कूपन को जोड़ें तो अरबों रुपए सालाना उस पर खर्च किये जाते हैं !और हां अधिकांश राज्यों में राजनेताओं के प्रत्येक बार सदनों के सदस्य रहने लिए पेंशन का प्रावधान है और उनको लगा आयकर भी वापस मिल जाता है ! आम आदमी ,करदाता के लिए भी कुछ रेजगारी फेक दी जाती है .कहीं कृषक अनुदान के रूप में कहीं बालिका सहयोग योजना के रूप में तो कहीं महिला सम्मान(अपमान ?) योजना के रूप में ! हां, देश का मतदाता निःशुल्क 'सरकार-सरकार' का तमाशा देख रही है आठ दशकों से ! सभी राजनीतिक दल मिलकर ये खेल खेलते हैं, जिसमे दर्शक जनता के मुंह पर ताले लगे हैं मज़बूरियों के. मज़ेदार है कि इस खेल में खिलाड़ी ही नियम, शर्तें भी बनाते हैं और निर्णायक भी वही हैं !

अद्भुत दर्शनीय स्थल है राघव-प्रयाग

यायावर
डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

चित्रकूट के अनेक दर्शनीय स्थलों में एक है राघव-प्रयाग. यह कामतानाथ से दो किलोमीटर की दूरी पर प्रकृति की गोद में अवस्थित है. यह स्थान (सीतापुर) चित्रकूट का बड़ा तीर्थ है. यहीं पयोष्णी धन्वा के आकार का नाला मिलता है, जिसको यहां के लोग मंदाकिनी कहते हैं. बरसात बीतते नाला सूख जाता है, लेकिन तब भी पयोष्णी रह जाती है. फिर भी इस स्थान का नाम प्रयाग होने से जैसे प्रयागराज (इलाहाबाद) में एक तीसरी नदी सरस्वती नीचे-नीचे अदृश्य रूप से गंगा-यमुना से मिलती है, वैसी ही यहां भी गुप्त नदी गायत्री (सावित्री) मान ली गई है. कहा जाता है कि श्री रघुनाथ जी ने जब सुना कि पिता का स्वर्गवास हो गया, तब यहीं तिलांजलि दी थी.

राघव प्रयाग की बड़ाई बखान में यह कथा प्रसिद्ध है. जब प्रभु श्रीराम ने प्रयागराज को तीर्थों का राजा बनाया, तब उसको बड़ा अभिमान हो गया और उसने नारद से कहा कि हम तो संसार भर के तीर्थो के राजा हैं. नारद जी सुनकर मुसकुराये. प्रयाग राज ने उनके मुसकुराने का कारण पूछा तो उन्होंने उत्तर दिया कि तुमको भगवान ने सारे तीर्थो का राजा बनाया हो, परंतु तुम चित्रकूट के राजा नहीं बन सकते हो. तुमको विश्वास नहीं हो तो चित्रकूट में जाकर श्री रघुनाथ जी से पूछ लो. इस बात पर प्रयाग राज इसी स्थान पर श्री रघुनाथ जी से मिले और उनसे नारद जी की बात कही. प्रभु श्रीराम ने उत्तर दिया कि हमने तुमको सारे तीर्थो का राजा बनाया है, अपने घर का राजा नहीं बनाया, तब से

इस स्थान का नाम राघव-प्रयाग पड़ा. कहा भी गया है कि :-

चित्रकूट निज धाम, जहां बिराजै लछिमन राम.

इसी घाट के ऊपर मत्तगजेन्द्रेश्वर का बड़ा मंदिर है. इसे पन्ना के राजा अमान सिंह ने बनवाया था. मत्तगजेन्द्रेश्वर की कथा बड़ी रोचक है. इसके संदर्भ में मैंने जैसी कथा सुनी है, वैसी ही पाठकों को भेंट की जाती है. जब यहां प्रभु श्रीराम आये, मत्तगजेन्द्रेश्वर यहां के राजा थे. मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम दूसरे के राज्य में बिना उनकी आज्ञा के कैसे रह सकते थे ! इसलिए छोटे भाई लक्ष्मण को उनके पास आज्ञा के लिए भेजा. मत्तगजेन्द्रेश्वर को उनके दर्शन करते यह अनुभव हो गया कि मेरे घर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने पदार्पण किया है और लक्ष्मण जी की बात सुनते ही नंगा नाचने लगे. लक्ष्मण जी को बड़ा क्रोध आया, परंतु स्वामी की आज्ञा बिना वे कर ही क्या सकते थे? प्रभु श्रीराम के पास लौट आये. प्रभु श्रीराम ने पूछा-कहो आज्ञा मिली? लक्ष्मण जी ने उत्तर दिया कि जिसके पास आपने मुझे भेजा था, वह पूरा पागल है. प्रभु बोले-कहो तो उसने क्या कहा ! लक्ष्मण ने सारी बात बता दी. प्रभु ने कहा बहुत लोग बातों से उत्तर नहीं देते, इंगित से अपने मन का भाव प्रकट कर देते हैं. लक्ष्मण ने कहा कि आपका डर न होता तो मैं उसे बिना मारे न छोड़ता. इसपर श्री रघुनाथ जी बोले कि आज्ञा तो मिल गई. उसका अभिप्राय यह था कि जो मनुष्य अपनी इंद्रियों को बस में रखता है, उसकी कहीं अगति नहीं है. तुमसे बढ़कर जितेंद्रिय कौन है? अब सुख से हमलोग यही रहें. कुटी के बनने की कथा गोस्वामी तुलसीदास ने यों लिखी है:-

रघुवर कहेउ लखन भल घाटू.
करिहुं कतहुं अब ठाहर ठाटू.
लखन दीख पय उतर करारा.
चहुं दिसि फिरेउ धनुष जिमि नारा.

नर्क की नर्गिस और फकीर



नश्तर
सुधीर राघव

हजारों साल से नर्गिस अपनी बेनूरी पर रो रही थी. नर्क में कोई दीदावर नहीं था. वहां सब लोभ के अंधे थे. नर्गिस के सौंदर्य और प्रेम उन्हें कैसे दिखाई देता. नर्क की नदियां रक्त से भरी थीं. जमीन लहू से लाल थी. वहां कोई खेती, बाग बगीचे और फल फूल नहीं थे. सब जीव नफ़रत से भरे थे और एक-दूसरे को ही मारकर खा रहे थे. नर्गिस ने कभी कोई पाप नहीं किया था. स्वर्ग की अधिकारी थी, मगर एक गलती से नर्क आ गई. यह गलती भी उसकी अपनी नहीं थी. यमराज धरती से एक फकीर को उठाने गये थे. वह फकीर धरती पर लोगों को धर्म के नाम पर लड़वा रहा था. उनमें नफ़रत भर रहा था. एक-दूसरे की जान लेने के लिए उकसा रहा था. उसी फकीर की कुटिया के मुख्यद्वार पर नर्गिस का यह पौधा लगा था, जिसे फकीर ने स्पेन से मंगवाया था. वह नर्गिस को डेफोडिल कहता और सिर्फ इसलिए गर्व करता कि उसने इसे स्पेन से मंगवाया है. उसे नर्गिस के सुनहरे कप वाले फूलों के सौंदर्य और प्रेम से कोई मतलब नहीं था.

एक दिन जब यमराज ने ऊपर से धरती पर नजर डाली तो उन्हें फकीर की करतूतों के बारे में पता चला. यमराज घबराए कि यह फकीर तो अपनी हरकतों और नफ़रत से पूरी धरती को नर्क बना देगा. ऐसे में दो दो नर्क को संभालना उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने सोचा इस फकीर का धरती पर क्या काम, इसे तो नर्क में होना चाहिए. यह सोचकर उन्होंने अपने भैंसे पर सवारी सजाई और धरती पर पहुंच गए फकीर को लेने के लिए. यमराज जब फकीर के प्राण लेकर लौट रहे थे तो कुटिया के मुख्यद्वार पर भैंसे का दिल भटक गया. नर्क में उसने कभी कोई हरा भरा पौधा देखा नहीं था. नर्गिस के हरे पत्तों ने उसकी चेतना को झकझोरा. भैंसे ने तत्काल मुंह में नर्गिस के पौधे को दबोच लिया. इस तरह फकीर के प्राण के साथ नर्गिस का पौधा भी नर्क पहुंच गया. यमराज के हाथ में फकीर के प्राण थे और भैंसे के मुंह में नर्गिस का पौधा.

यमराज ने फकीर में भरी बेइंतहा नफ़रत को तोलने के बाद उसे नर्क का सूबेदार बना दिया. नर्क के किसी भी कोने में शांति न रहे और सबको लड़वाने का काम उसे सौंपा गया. उधर, भैंसे ने नर्गिस के पौधे को नर्क के एक कोने पर लाल तालाब के किनारे रोप दिया, ताकि किसी की नजर न पड़े. हजारों साल गुजर गए. अब वहां नर्गिस के फूलों का पूरा बगीचा था. जब कुछ जीव उधर आ जाते तो आपस में लड़ना भूलकर बगीचे को निहारते. रक्तपात न होने से लाल तलाब भी निर्मल जल में बदल गया था. स्वर्ग के पक्षी भी वहां आकर चहचहाने लगे. फकीर को जब नर्गिस वाले तालाब की भनक लगी तो उसने तत्काल यमराज से शिकायत की. उसने नर्गिस के बगीचे को उजाड़ने की इजाजत मांगी. मगर इजाजत देने से पहले यमराज स्वयं मौके का मुआयना करने पहुंचे. वहां की खूबसूरती और जीवों का आपसी प्रेम देखकर यमराज ने नर्क के उस हिस्से को स्वर्ग घोषित कर दिया तथा फकीर के उस तरफ झांकने पर भी रोक लगा दी. इस तरह छोटी सी नर्गिस ने नर्क के एक हिस्से को स्वर्ग बना दिया था. यही प्रेम की ताकत है. प्रेम नर्क को भी स्वर्ग बना सकता है.

कृष्णा प्रसाद की कलाकृतियों में पीड़ित नारी की व्यथा

कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार

भारतीय संस्कृति में नारी को सम्मानजनक स्थान देने की परंपरा प्राचीनकाल से रही है. हमारे शास्त्रों और धर्म ग्रंथों ने भी उनके सामाजिक महत्व पर यह कहकर बल दिया है कि यत्र नार्यास्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता. सनातन धर्म में मां दुर्गा को जगत का पालन करने वाली, विश्व कल्याण की प्रणेता और दुष्टों का संहार करने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है. हमारा देश और समाज आज भी सीता, सावित्री, तारा, कुन्ती, गार्गी जैसी अनेक महान और विदुषी नारियों के व्यक्तित्व, त्याग और साहस की गाथाओं से प्रेरणा लेता है. वैदिक समाज की यह धारणा नारी के अपरिमित महत्व को रेखांकित करती है कि उनके बिना पुरुष को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती. आज जल, जंगल और जमीन की लड़ाई की बात हो या टेलीवुड, बॉलीवुड, जॉलीवुड में अपने हुनर से लोगों को कायल कर देना हो तो नारी शक्ति अग्रणी भूमिका में दिखती है. इसके बावजूद आज महिलाओं की स्थिति सोचनीय है. आर्थिक पराधीनता और दहेज जैसी कुप्रथाओं के साथ नारी सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक रूढ़ियों में जकड़ गई. रूढ़ियों में जकड़ी हुई ऐसी ही

पीड़ित नारियों के दर्द को अपने कैनवास पर उकेरते हैं रांची के वरिष्ठ कलाकार कृष्णा कुमार प्रसाद. वरिष्ठ कलाकार कृष्णा कुमार प्रसाद आज कागज और कैनवास के फलक पर जो भी चित्र उकेर रहे हैं. वह वास्तव में चार दशक की कड़ी साधना का प्रतिफल है. इनके वाटर कलर, एक्रेलिक कलर, पोस्टर कलर, पेंसिल एवं तैलचित्रों आदि में अपनी एक अलग शैली की झलक मिलती. बचपन से चित्र बनाने या सीखने के प्रति इनकी उत्सुकता रही है. ये अपनी कलाकृतियों में सूक्ष्म भाव भंगिमाएं लाने के लिए रेखाओं के बाद विभिन्न रंगों का इस्तेमाल कर छाया प्रकाश के माध्यम से चित्रों में भाव और जीवंतता भरते हैं..

तभी तो रांची के कृष्णा कुमार प्रसाद को द गोका आर्ट सोसायटी, आंध्रप्रदेश की ओर से ऑल इंडिया बेस्ट टीचर अवार्ड, सेन्ट्रल कोल फील्ड्स कंपनी की ओर से बेस्ट अवार्ड, ललितकला सेन्ट्रल फॉर विजुअल आर्ट, बेंगलुरू की ओर से नेशनल अवार्ड मिल चुका है. देश के कई शहरों में इनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी लग चुकी है और कला प्रेमियों ने इनकी कला को काफी सराहा है. इनकी कलाकृतियों के विषयों में नारी की संवेदना उभर कर सामने आती है. नारी का निराशा भरा जीवन, फ्यूजन की ओर बढ़ता मानव जीवन, प्रकृति में अवसाद भरे बिम्ब अमूर्त तत्त्वों में सूक्ष्म का विस्तार, भाग दौड़, तनाव, अवसाद, व्यस्तता और अवसाद भरे इस जीवन में शांति

और सुकून की अंतहीन तलाश, समाज में फैले हुए ईर्ष्या द्वेष, असामन्जस्य्, अलगाव आदि पर कलाकार के मस्तिष्क को विचलित कर रही उधेड़बुन के बीच कलाकार आकारों के जरिये एक नया संसार रचने का प्रयास करते रहते हैं, जिसमें कोई भी कला प्रेमी एक बार डूबता है तो चाहकर भी उस संसार से बाहर निकल कर यथार्थ की दुनिया में वापस लौटना ही नहीं चाहता. सच कहा जाय तो कृष्णा कुमार प्रसाद की कलाकृतियां अपने आप में पूरी दास्तां बयां करती है और इनकी कलाकृतियों में संवेदनशीलता की आंतरिक दृष्टि स्पष्ट झलकती है.



आखर

नीरज नीर

झारखंड के साहित्यकार नीरज नीर देश के प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं में लगातार उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं. पेश है उनकी की एक भावप्रवण कहानी...

सात बजे की ट्रेन

वह मार्च की एक उदास शाम थी. स्टेशन के बाहर गुलमोहर के पीले सूखे पत्ते पसरे हुए थे, जो हवा के धीमे थपेड़ों से उड़कर इधर-उधर हो रहे थे. पतझड़ के मौसम में शामें अक्सर बहुत उदास हुआ करती हैं. पेड़ों से झड़ते पत्ते मानो जीवन की नश्वरता को प्रत्यक्षतः प्रतिपादित करते हुए प्रतीत होते हैं.

स्टेशन पहुंचने के बाद उन्हीं पत्तों के बीच से होकर रेणू प्लेटफार्म के अन्दर आ चुकी थी. वह धीमे-धीमे कदमों से प्लेटफार्म के एक किनारे पर स्थित महिला वेटिंग रूम की ओर जा रही थी. सात बजे की ट्रेन थी और अभी छह ही बजे थे. ट्रेन के आने में देर थी.

शहर में उसकी मां का घर स्टेशन से दूर है और ट्रांसपोर्टेशन की भी बहुत अच्छी सुविधा नहीं है. इसलिए वहां से थोड़ा समय हाथ में रख कर ही चलना पड़ता है. लेकिन आज संयोग से तुरंत ही एक खाली ऑटो मिल गया, जिसके कारण रेणू स्टेशन जल्दी पहुंच गयी थी.

पिताजी की मृत्यु के बाद मां घर में अकेली ही रह गयी थी. उनका घर शहर के एक किनारे में था. जब उसके पिताजी ने वह घर बनाया था तब शहर का वह इलाका बसना शुरू ही हुआ था. घर के सामने सड़क के दूसरी ओर एक पीपल का पेड़ था और उसके बाद थोड़ी दूर पर एक बड़ा सा तालाब. पीपल उनके घर का प्रहरी था. जब दोपहर की कड़ी धूप आती तो पीपल अपनी छाया घर के आंगन में पसार देता था. दोपहर के समय सड़क एक दम सुनसान हो जाती थी. कम आबादी होने के कारण इधर कम ही लोग आते-जाते थे. सुबह में तो थोड़ी चहल- पहल रहती भी थी पर दोपहर होते-होते, जिन्हें काम पर जाना होता वे काम पर चले जाते बाकी अपने घरों में दुबक जाते. दूर तक सन्नाटा पसरा रहता. यह सूनापन मां के घर के आंगन में भी उतर आता था. घर के आंगन में स्थित हरसिंगार की छाया तब छोटी हो जाती.

मां कितनी अकेली हो गयी थी. वह सोचने लगी. आज जब वह घर से निकल रही थी तो मां उसका हाथ पकड़ कर रोने लगी. इतनी लाचार और उदास उसने मां को कभी नहीं देखा था. उसकी आंखों में अजीब से बेचैनी और बेचारगी झलक रही थी.

"एक कमज़ोर और बूढ़ी औरत को अगर घर में अकेले रहना पड़े तो उदासी स्वाभाविक ही है. अकेले रहने पर तो पेड़ पौधे भी मुरझा जाते हैं. उसकी मां तो एक जीती जागती औरत थी." उसने सोचा. सोचते सोचते वह पुरानी यादों में खो गयी.

जब वह छोटी थी तो घर की सारी जिम्मेवारियां मां ही उठाती थी. वह मानसिक रूप से कितनी मजबूत थी! पिताजी तो अपने काम से अक्सर बाहर ही रहते थे. बस वे महीने के आखिर में अपनी सारी कमाई मां के हाथ में रख देते थे और घर बाहर का सारा काम मां ही किया करती थी. उसे स्कूल, ट्यूशन छोड़ना और लाना सब वही करती थी. उस समय तो वह इलाका जहां आज उनका घर है और भी उजाड़ था. स्कूल बस के आने का तो कोई सवाल ही नहीं उठता था.

उसे याद है जब एक बार वह बीमार पड़ गयी थी और कोई रिक्शा नहीं मिल रहा था तो मां उसे अपने गोद में लेकर उस सड़क तक ले गयी थी जहां ऑटो रिक्शा मिलता था. उसके बाद वहां से शहर के नामी अस्पताल में ले गयी

थी और उसका इलाज कराया था. तब उसे डाक्टरों ने तीन दिन तक अस्पताल में भर्ती रखा था. मां बहुत मुस्तैदी से अकेले ही अस्पताल में रह कर उसकी देखभाल करती रही थी. पिताजी तो उसके एक सप्ताह बाद ही आ पाए थे.

इस बार मां बता रही थी कि जब वह बीमार हुई तो तीन दिनों तक बुखार से घर में अकेले तड़पती रही. कोई उसे डॉक्टर के पास ले जाने वाला नहीं था. वो तो भला हो दूध वाले भोला का जिसने दया करके एक दिन उसे एक डॉक्टर के यहां पहुंचा दिया था.

यह सब बताते हुए मां कितनी बेबस और कमजोर दिख रही थी. उम्र के इस पड़ाव में अकेले रह जाना एक अभिशाप ही तो है. रेणू सोच रही थी.

रेणू अपने मां बाप की इकलौती संतान थी. उसके माता पिता ने कभी दूसरी संतान की चाहत नहीं की. वे कहते थे कि एक ही बच्चे को अगर अच्छे से पढ़ाया लिखाया जाए तो वे दस के बराबर होते हैं. रेणू को याद है कि उसकी बड़ी चाची ने जब उसकी मां को कहा था कि अनुराधा तुम्हें एक बेटा होता तो अच्छा रहता तो कैसे उसकी मां उनपर झुंझला गयी थी.

"आज के जमाने में बेटी और बेटा में भी भला कोई अंतर रह गया है. बेटियां आजकल बेटों से बढ़ कर काम कर रही हैं. हम तो अपनी बेटी को बेटे से बढ़कर परवरिश देंगे." मां ने गर्व से कहा था.

प्लेटफार्म पर कोई ट्रेन आकर रुकी थी, जिसके यात्री गाड़ी से उतर रहे थे. अचानक प्लेटफार्म पर भीड़ हो गयी थी. लाउडस्पीकर पर ट्रेन के आने और उसके गंतव्य के सम्बन्ध में घोषणा हो रही थी. रेणू ने तय किया कि वेटिंग हॉल में जाने से पूर्व एक कप चाय पी ली जाए और तब फिर आराम से वेटिंग हॉल में कोई पत्रिका पढ़ते हुए समय आसानी से गुजर जायेगा. यही सोचकर वह एक टी स्टाल पर रुक गयी.

उसके मां, पिताजी ने उसे पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी. इंजीनियरिंग और एमबीए करने के बाद रेणू आज बंगलुरु में एक अच्छी कम्पनी में कार्य कर रही थी. उसके पति भी वहीं एक अंतर्राष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत थे. दोनों की मासिक आय भी अच्छी खासी थी. किसी चीज की कोई कमी नहीं थी.

अब तक प्लेटफार्म पर भीड़ छंट चुकी थी. प्लेटफार्म पर आई हुई गाड़ी निकल चुकी थी. रेणू ने वेटिंग हॉल की ओर जाने का निश्चय किया. बगल के बुक स्टाल से उसने एक अंग्रेजी पत्रिका खरीद ली थी. रेणू धीरे- धीरे वेटिंग हॉल की ओर बढ़ रही थी पर उसका मन पुनः उड़कर मां के उदास आंगन की ओर चला गया था.

क्या मां ने चाय पी होगी? वह सोचने लगी. मां बता रही थी कि अब वह एक वक्त ही खाना बनाती है. एक बार सुबह कुछ बना कर उसे ही रात में भी गरम करके खा लेती है. जितनी बार खाना बनाओ उतनी बार बर्तन धोने का झन्झट. जबकि उसे याद है कि पहले मां ताज़ा एवं गर्म खाने की कितनी हिदायतें दिया करती थी. वह तो फ्रीज़ में रखा खाना भी कभी गर्म करके खाने की पक्षधर नहीं थी. वह कहती थी कि यह सब आलसियों के काम है.

इस बार रेणू ने अपनी मां को ज्यादा ही उदास महसूस किया था. इस बार वह आई भी तो पूरे एक साल के बाद थी. प्राइवेट कम्पनी में वेतन भले ही ज्यादा मिलता हो पर जीने की आजादी ख़तम हो जाती है और अभी तो उसका तरक्की करने का समय है. अभी तो जितनी मेहनत करेगी उतनी ही तरक्की करेगी. इतनी दूर बंगलुरु से बार बार आना संभव भी तो नहीं था. जब तक पिताजी थे मां अक्सर फ़ोन करके भी उसका हाल चाल लेती रहती थी पर अब वह इस बात से भी उदासीन हो गयी थी.

पहले बगल में मेहरा आंटी रहती थी तो मां को कुछ सहारा था. उससे बोल बतिया लेती थी और एक दूसरे को मदद भी करती रहती थी. इस बार जब रेणू आयी और उसने मेहरा आंटी के बारे में पूछा तो मां ने बताया कि उसका बेटा विनीत उसे मुंबई लेकर चला गया है अपने पास. हालांकि रेणू ने यह महसूस किया था कि जैसे मां कह रही हो कि उसका तो बेटा था उसे अपने साथ ले गया.

अपने इन्हीं विचारों में डूबी रेणू अचानक से किसी चीज से टकरायी, नीचे देखा तो वह एक आदमी था, जिसके दोनों पैर कटे थे. वह हाथ फैलाकर उससे भीख मांग रहा था. वह आदमी बार-बार अपने दोनों पैर दिखा कर उससे कुछ पैसे देने का अनुरोध कर रहा था. उसके चेहरे पर जो भाव थे, उसे देखकर रेणू चौंक गयी. उसे लगा वह मानो गहरे पानी में डूबती जा रही है और सांस नहीं ले पा रही है. ऐसे ही भाव तो उसकी मां के चेहरे पर भी थे जब वह अपनी मां से विदा ले रही थी. उसे लगा वह चक्कर खाकर गिर जाएगी. वह बगल में ही पड़ी एक बेंच पर धम्म से बैठ गयी. वह आदमी अब भी उसके पैरों के पास उसे आशा भरी नज़रों से देख रहा था. उसे उस आदमी की आंखों में अपनी मां की आंखें दिखाई दे रही थी. उफ्फ ऐसी बेचारगी भरी आंखें. ऐसे ही आंखों के भाव ... बिलकुल ऐसे ही भाव तो थे उसकी मां की आंखों में, जब वह घर से स्टेशन के लिए निकल रही थी.

वृद्धावस्था में पति या पत्नी के नहीं रह जाने पर व्यक्ति कितना अकेला हो जाता है. रेणू अपने बुढापे की कल्पना करके कांप गयी. कल उसे भी तो वृद्ध होना है. समय के क्रूर पहिये ने किसे छोड़ा है. रेणू ने अपनी आंखे बंद कर ली और वहीं बैठी रही. सात बज गए थे. बंगलुरु जाने वाली ट्रेन का जोर-जोर से अनाउंसमेंट हो रहा था. ट्रेन निकल जाने के बाद प्लेटफार्म पर शांति छा गयी और रेणू के मन में भी. रेणू थोड़ी देर वहीं बैठी रही. उसने मन ही मन एक निश्चय कर लिया था. उसने बंगलुरु में अपने पति से बात की एवं आश्वस्त हो गयी.

अब उसका मन बहुत हल्का लग रहा था. ऑटो में बैठे हुए उसके मोबाइल में मेसेज प्राप्त होने का रिंग टोन बजा. उसने देखा कि बंगलुरु जाने वाली अगले दिन की ट्रेन में दो लोगों के टिकट कन्फर्म हो गए हैं. उसने अपने पति को एक थैंक्स का मेसेज भेज दिया. उसके पति ने उधर से एक थम्बस अप का.

"मां आज क्या खाना बना रही हो ? बहुत जोरो की भूख लगी है. " मां ने जैसे ही दरवाजा खोला रेणू ने मां से कहा.

"अरे! गयी नहीं तुम? क्या हुआ, तबियत तो ठीक है? ट्रेन तो नहीं छूट गयी?" माँ के स्वर में बेटी की खैरियत के लिए स्वाभाविक उद्विग्नता थी.

"हां मां सब ठीक है. " रेणू सोफे पर बैठ गयी एवं मां को भी खिंच कर वहीं बिठा लिया एवं उसके गोद में अपना सर रख दिया.

ऐसी शांति और ऐसा सुख, मां की गोद के अलावे कहां मिल सकता है! रेणू सोच रही थी. उसके गाल पर दो गर्म बूंदे गिर पड़ी. यह शायद मां की ख़ुशी के आंसू थे. अगले दिन बंगलुरु जाने वाली ट्रेन में दो औरतें सवार हुई थी.

समीक्षा

शाश्वत में परिवर्तन के शिल्पी अरुण कमल

बदलाव की कविताएं "नए इलाके में"

मयंक मुरारी

समाज का वर्तमान इतना अपरिचित हो गया है कि हम अपनी पहचान से भी दूर हो गये हैं. अपनी पहचान के साथ अपनी मिट्टी की खोज के लिए समाज की संचरना को मजबूत करना होगा. जब अपनत्व समाप्त होता जा रहा है, तो सृजन के उस दरवाजे पर दस्तक देनी होगी, जहां से प्रकाश निकलता है. जीवन मूल्य एवं संवेदना से परिपूर्ण समाज के लिए अरुण कमल के रचना संसार "नये इलाके में " हमें कदम रखना होगा. अरुण कमल ने जीवन अनुभूतियों व समय को देखने-परखने के विशिष्ट ढंग को कविता के माध्यम से हमारे समाज के समक्ष रखा है. उनकी कई काव्य संग्रहों में "नये इलाके में" की कविताएं बदलती हुई युगीन परिस्थितियों एवं मूल्यों में होनेवाले परिवर्तन को हमारे समक्ष रखती है और हमें अपने अंतरमन को



पुस्तक : नए इलाके में (काव्य संग्रह)
कवि : अरुण कमल
पृष्ठ संख्या : 96,
मूल्य : 175 रुपए
प्रकाशक : वाणी प्रकाशन.

खटखटाने को विवश करती है.

"नये इलाके में" काव्य संग्रह की सभी कविताएं अपने विभिन्न रूपों एवं संवादों के साथ एक नया संसार हमारे सामने खड़ा करता है. बाजार और पूंजी किस प्रकार हमारे जीवन को अपने आगोश में ले लिया है. इसका चित्रण उनकी एक कविता में है- बाजार में बहुत सन्नाटा था, सारा संसार कांच पार और मैं शीशे से नाक सटाए. अमीर समाज का साधन बाजार है. इसके माध्यम से आमलोग को उपभोग का माध्यम बनाकर पूंजी पर कब्जा किया जाता है. समाज में जब संवेदनशून्यता हो, छल-कपट का आलाम हो, तो इतना साफ और ऊंची आवाज में बात रखने का साहस अगर कोई कवि करता है, तो यह समाज के शाश्वत मूल्यों की रक्षा के प्रति उसकी वचनबद्धता को दिखता है. साहित्य में प्रगतिवाद का मूल आधार सामाजिक यथार्थवाद रहा है. अरुण कमल उन साहित्कारों में से जो परम्परा का विरोध नहीं करते परन्तु अंधश्रद्धा का उसमें सर्वथा अभाव है. वस्तुतः वे उसमें गतिशीलता की खोज करते हैं. उनकी एक दूसरी कविता है - मेरे पास न पूंजी थी, न पुण्य. मै बाट भी नहीं था कि हाट के आता काम. न पाप कमाया, न पुण्य, न ही रहा अक्षत. बाजार के केंद्र में धन है. इस कारण मनुष्य आत्मकेंद्रित हो गया है और खुद में ही सिमट गया है. पूंजीवाद की उन विद्रूपताओं एवं विषमताओं पर अरुण कमलजी तब आवाज आवाज उठाते हैं, जब ऐसा करना एक मजबूत व्यवस्था के खिलाफ अपने को संकट में डालने जैसा था.

अरुण कमल जी अपनी कविता के माध्यम से शाश्वत मूल्यों की भी रक्षा करने की बीड़ा उठाते हैं. प्रगतिशीलता के दौर में ऐसा करना साहस की बात होती थी. उनकी एक कविता है- एक दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया, जैसे वसंत का गया, पतझड़ को लौटा हूं. जैसे बैशाख का गया भादो को लौटा हूं. अब यही है उपाए. हर दरवाजा खटखटाओ, और पूछो, क्या यही है वो घर. वर्तमान में मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग की समस्या रोटी, कपड़ा और मकान है. उनकी समस्याओं को बिंब और उपमा के सहारे साहित्य में सरलता से उतार देने का काम कोई शब्दों का चितेरा ही कर सकता है. अरुण कमलजी के शब्दों में भाव है, दृष्टि है और जीवन के प्रति आशा का संचार है. यही आशावाद उनकी अन्य काव्य संग्रहों में भी तारतम्यता से दिखता है.

जयंती विशेष

राष्ट्रकवि और जनकवि दोनों का दर्जा मिलना वाकई एक कवि के लिए बहुत खास बात होती है. २३ सितंबर को ऐसे ही खास कवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मतिथि है. इस मौके पर पेश है उनकी एक कविता...

जला अस्थियां बारी-बारी
चिटकाई जिनमें चिंगारी,
जो चढ़ गए पुण्यवेदी पर
लिए बिना गर्दन का मोल
कलम, आज उनकी जय बोल.

पीकर जिनकी लाल शिखाएं
उगल रही सौ लपट दिशाएं,
जिनके सिंहनाद से सहमी
धरती रही अभी तक डोल
कलम, आज उनकी जय बोल.

जो अगणित लघु दीप हमारे
तूफानों में एक किनारे,
जल-जलाकर बुझ गए किसी दिन
मांगा नहीं स्नेह मुंह खोल
कलम, आज उनकी जय बोल.

अंधा चकाचौंध का मारा
क्या जाने इतिहास बेचारा,
साखी हैं उनकी महिमा के
सूर्य चन्द्र भूगोल खगोल
कलम, आज उनकी जय बोल.

व्यंग्य >> बर्बरीक

हाय-हाय रे लड्डू

शादी के लड्डुओं के बारे में सुना था कि जो खाते हैं वो भी पछताते हैं और जो नहीं खाते वो भी पछताते हैं. लेकिन भगवान को चढ़ने वाले लड्डुओं के बारे में ऐसा नहीं सुना गया कभी. आम धारणा है कि भगवान् को लड्डू बहुत पसंद आते हैं हालांकि किसी भगवान् ने ऐसा संदेश मनुष्यों तक कभी भिजवाया नहीं है. दरअसल इंसानों को जो पसंद है वही भगवानों के टेस्ट पर थोप दिया जाता है. कौन जानता है कि भगवान् को शायद लौकी, करेले जैसी चीज पसंद हो. लेकिन इंसान को ये चीज़ें पसंद नहीं है तो भगवान् को भी मान लेना पड़ता है. लड्डू का प्रसाद उत्तर के हनुमान जी हों या पश्चिम के गणपति बप्पा या दक्षिण के बालाजी सबको पसंद है. लोगों की चाहत से उत्साहित होकर तिरूपति में बड़े व्यावसायिक स्तर पर लड्डू निर्माण एवं विपणन की व्यवस्था की गई. बड़ी धूम थी इन लड्डुओं की. जो भी तिरूपति जाता बड़े शान से आकर बताता कि भारत भर के सबसे अमीर भगवान् के दर्शन करके आ रहा है. श्रद्धा से लड्डू भी बांटता. भगवान् का महत्व उसके जाग्रत होने से होता है लेकिन तिरूपति बालाजी का एक्स्ट्रा महत्व इसलिए भी है कि सबसे अमीर देवता हैं. उनके दर्शन से कुछ वैसी ही फीलिंग आती है जैसे सबसे अमीर आदमी के बेटे की शादी में आपको बुलाया हो. लड्डुओं की संख्या और माहात्मय जैसे जैसे बढ़ा तो भारत के सबसे महत्वपूर्ण प्रथा ठेकेदारी प्रथा का प्रवेश हुआ. अब ठेकेदार जो होता है वह कोई भक्ति भाव से तो भरा होता नहीं है. उसके लिए तो मुनाफा ही भगवान् है. अपने भगवान् को खुश करने के लिए कर दी मिलावट. वैसे भी मिलावट तो हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है. तेल में पाम ऑयल, मसालों में रंगीन बुरादे, चाय में लीद और ऐसे बहुत सारे कारनामे हम करते रहते हैं. ठेकेदार ने सोचा होगा कि पशु, पक्षी, मछली सब तो ईश्वर की ही सृष्टि ठहरे. इधर से उधर मे मिलावट हो भी गई तो क्या फर्क पड़ता है. जैसी कि हमारी महान परंपरा है हर बात का राजनीतिक मतलब निकालते हैं. लड्डुओं का भी राजनीतिकरण शुरू कर दिया. लड्डू जैसी उत्तम वस्तु से भी डरने लगे हैं हम और कहते फिर रहे हैं- हाय लड्डू, हाय-हाय लड्डू!

कविता/ग़ज़ल

चंद्रेश्वर

यह कोई ज़ुर्म तो नहीं

ऐसा तो नहीं कि चिड़िया
बहुत कुछ चाहती थी
एक बसेरा -
जिसमें ले सके वह गहरी नींद
एक जलाशय -
जिसमें चोंच डूबे
शीतल हो सके.
अपने पंखों के बल पर
वह लांघ जाना चाहती थी
एक छोटा-सा समंदर
उसके भीतर ही भीतर अंखुवाया था
एक सपना
आंखों में झिलमिलाया था
एक नर्म गुलाबी सबेरा
अंधेरी...तपती सुरंग से गुज़रने के बाद
यह कोई जुर्म तो नहीं था.

भारती सिंह

सबको नमन है

ये जो हमारे पितर हैं,
नहीं आते मांगने हमसे
हमारा धन ऐश्वर्य,
ये याद दिलाने आते हैं
हमें हमारी संस्कृति,
धरोहर और विरासत
सदियों सहेजा होगा जिन्हें
अपने पूर्वजों की याद में.
रस्में जो ज़िंदा हैं,
श्रध्दा जो अर्पण है
युगों के विध्वंस झेलते
आक्रमण और आक्षेप सहित
आडम्बर और अधर्म रहित.
श्रद्धा के पावन पर्व में
नमन सभी गुरुजनों को,
देवतुल्य पितरों को भी,
उन वीर सपूतों को भी
जो लड़े हमारी खातिर,
सबको नमन है!

चंद्रिका ठाकुर 'देशदीप'

भारी ये इंग्लिश है कितनी

सरकारी - सर्विस है कितनी क्या जानो!
भाग - दौड़ वर्जिश है कितनी क्या जानो!
सबकुछ कितना चमकदार है माल - खरा
चीजों पर पॉलिश है कितनी क्या जानो!
काम खोजने शहर गया है शाहजहां
मुमताज यहां मुफ़लिस है कितनी क्या जानो!
फिर रोटी की फाईल उलझी - दफ्तर में
बाबू की बख्शीश है कितनी क्या जानो!
कैसे हंस पाएगी लड़की - दर्पण में
घर - बाहर बंदिश है कितनी क्या जानो!
घर - आंगन के झगड़े में सरपंच शहर का
आपस में रंजिश है कितनी क्या जानो!
मंदिर - मस्जिद - आरक्षण में उलझे हैं
किस्मत में गर्दिश है कितनी क्या जानो!
राम - राज है उधर विधायक - बंगले में
बाहों में नर्गिस है कितनी क्या जानो!
यूं तो हिंदी फूल रही है कुप्पे सी
भारी ये इंग्लिश है कितनी क्या जानो!

अंशिता सिन्हा

जीवन का दस्तूर

ढलती शाम में नदी किनारे
जल रही है कई चिताएं
जलती चिता की लपटों से
शनैः शनैः उठता हुआ धुंआ
विलीन हो रहा धीरे-धीरे
अंबर के आगोश में
ये हैं किसी मां की
आंचल के मुरझाते फूल
या किसी की मांग के
जल रहे हैं सिंदूर
इन चिताओं के दामन में
छिपी हैं कितनी करुण-कथाएं
कह रही कुछ यूं चिताएं
चले दुनिया से हम दूर
मत रोना मेरे परिजनों
जीना-मरना तो
जीवन का है दस्तूर.



डॉ. हरेन्द्र सिन्हा

हुस्न था बेहिसाब उनका

मुझको यूं कामयाब होना था,
जुगनू था आफ़ताब होना था.
ज़िंदगी भर रहा था अच्छा मैं,
मुझको ही क्यूं ख़राब होना था.
जुल्म करते रहे न सोचा कभी,
वक्त ए रुखसत हिसाब होना था.
उनके सीने से मैं लगा रहता,
हाय, मुझको किताब होना था.
उनकी गलियों में दिल भटकने लगा,
दिल को कुछ तो ख़राब होना था.
हुस्न था बेहिसाब उनका जब,
इश्क भी बेहिसाब होना था.
ज़िक्र जिसमें था हुस्न का उनके,
किस्सा वो लाजवाब होना था.
राहें जब तुमने मोड़ लीं अपनी,
इसका फिर क्या जवाब होना था.
तुम कली थीं, जो छू लिया मैंने,
फिर तुम्हें तो गुलाब होना था.

नरेश अग्रवाल

शांति संदेश

एक कबूतर उड़ता हुआ आया
सैनिकों के पास
सफेद कागज में था
शांति संदेश
चोंच में दबा हुआ.

उसे लिया नहीं गया
वापस छोड़ दिया
कबूतर फिर उड़ा
दूसरे पक्ष को भी दिखाया
वही संदेश
तीसरे, चौथे
पूरी दुनिया तक ने
नहीं माना.

सभी की सीमाएं
थर्रा रही हैं युद्ध के लिए
ललकार रही भीतर ही भीतर
जैसे किसी को
किसी पर विश्वास नहीं.

कोई नदी को छीनने को तैयार
तो कोई समुद्र पर कब्जा चाहता
हर जमीन पर कड़ा पहरा

हार कर
कबूतर ने छोड़ा यह संदेश
एक धर्म स्थल पर
टकराकर इससे
घंटियां बज उठीं

अब देश की रक्षा का संबंध
केवल मनुष्य तक सीमित नहीं
धर्म से भी जुड़ गया!

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

बांग्लादेश के कप्तान बने हुए हैं टीम की आस, आज बारिश के आसार

भारत जीत से 6 विकेट दूर

चेन्नई टेस्ट का तीसरा दिन

एजेंसी। चेन्नई

चेपॉक स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैच चल रहा है. तीसरा दिन समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 4 विकेट के नुकसान पर 158 रन बना लिए थे. बांग्लादेश को जीत के लिए अब भी 357 रनों की जरूरत है. दूसरा दिन समाप्त होने तक भारत ने 81 रन बना लिए थे. भारत ने अपनी दूसरी पारी 287 रन के स्कोर पर घोषित की और बांग्लादेश के सामने 515 रनों का विशाल लक्ष्य रखा. अब मेहमान टीम बांग्लादेश जीत से 357 रन दूर है, वहीं टीम इंडिया को जीत के लिए 6 विकेट और लेने होंगे. इससे पहले भारत दूसरे दिन 3 विकेट के नुकसान पर 81 रन बना चुका था. शुभमन गिल और ऋषभ पंत की पार्टनरशिप शानदार तरीके से आगे बढ़ी और दोनों ने ही शतक पूरा किया. पंत ने अपनी 109 रन की पारी में 13 चौके और 4 छक्के भी लगाए. दूसरी ओर गिल पहली पारी में शून्य के स्कोर पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में वो 119 रन बनाकर नाबाद लौटे. गिल और पंत के बीच 167 रन की साझेदारी हुई. वहीं केएल राहुल ने भी 19 गेंद में 22 रन की तेज पारी खेलकर भारत की कुल बढ़त 500 के पार पहुंचाने में मदद की.

बांग्लादेश को मिला 515 रनों का लक्ष्य : बांग्लादेश की पहली पारी महज 149 रनों पर सिमट गई थी, जिससे भारत को 218 रनों की विशाल बढ़त मिली थी. वहीं तीसरे दिन स्कोरबोर्ड में 287 रन जोड़ने के बाद भारत की कुल बढ़त 514 रन की हो गई. यानी बांग्लादेश को 515 रनों का लक्ष्य मिला. इस विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने अच्छी शुरुआत की क्योंकि पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी हुई. मगर अगले 2 विकेट बहुत कम रनों के अंतराल पर गिर गए. इस वजह से टीम का स्कोर 4 विकेट पर 146 रन हो गया था. मुश्फिकुर रहीम अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन केएल राहुल ने बेहतरीन कैच लपक कर उन्हें 13 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजने का काम किया. मगर बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शांतो टीम इंडिया के सामने चट्टान बनकर खड़े हैं. वो 51 रन बनाकर नाबाद हैं, वहीं शाकिब अल हसन 5 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं.

अश्विन ने बरपाया कहर

बांग्लादेश ने दूसरी पारी में मजबूत शुरुआत की. ओपनर जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने पहले विकेट के लिए 62 रन की साझेदारी की. बुमराह ने 17 ओवर की दूसरी गेंद पर जाकिर को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई. यशस्वी जायसवाल ने जाकिर का शानदार कैच लिया. इसके बाद अश्विन ने तीन विकेट झटके. उन्होंने शादमान इस्लाम (35) को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया. अश्विन ने फिर मोमिनुल हक (15) को क्लीन बोल्ड कर दिया. उन्होंने मुशफिकुर रहीम को केएल राहुल के हाथों कैच कराया. रहीम ने 13 रन बनाए.

भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच हेड टू हेड

- कुल मैच 13 भारत जीता 11 बांग्लादेश जीता 0 ड्रॉ 2

भारत का चेन्नई में प्रदर्शन (टेस्ट)

- कुल मैच : 34, भारत जीता : 15 ड्रॉ : 7, भारत हारा : 11, टाई 1

भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज

- 2000 : बांग्लादेश मेजबान : भारत 1–0 से जीता
- 2004 : बांग्लादेश मेजबान : भारत 2–0 से जीता
- 2007 : बांग्लादेश मेजबान : भारत 1–0 से जीता (2 मैच की सीरीज)
- 2010 : बांग्लादेश मेजबान : भारत 2–0 से जीता
- 2015 : बांग्लादेश मेजबान : 0–0 (ड्रॉ)
- 2017 : भारत मेजबान : भारत 1–0 से जीता
- 2019 : भारत मेजबान : भारत 2–0 से जीता
- 2022 : बांग्लादेश मेजबान : भारत 2–0 से जीता

ऋषभ पंत ने टेस्ट फॉर्मेट में धौनी की बराबरी की

एजेंसी। चेन्नई

चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शतक बनाया. यह ऋषभ पंत के टेस्ट करियर का छठा शतक है. ऋषभ पंत ने 128 गेंदों पर 109 रन बनाए. इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी शतकीय पारी में 13 चौके और 4 छक्के जड़े. साथ ही ऋषभ पंत पूर्व भारतीय कप्तान और विकेटकीपर महेन्द्र सिंह की बराबरी पर पहुंच गए हैं. दरअसल, माही ने अपने टेस्ट करियर में 6 बार शतक का आंकड़ा पार किया था. वहीं, अब तक ऋषभ पंत अपने करियर में 6 शतक जड़ चुके हैं. यह शतक ऋषभ पंत के लिए बेहद खास है. ऋषभ पंत भीषण सड़क हादसे के बाद 634 दिन बाद टेस्ट खेलने उतरे, लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी का नजारा पेश किया. ऋषभ पंत ने 124 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया. हालांकि, ऋषभ पंत शतकीय पारी के बाद जल्दी ही मेहदी हसन मिराज की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड आउट हो गए. बहरहाल, अब ऋषभ पंत पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की बराबरी पर पहुंच गए हैं. महेन्द्र सिंह धोनी ने अपने टेस्ट करियर में 90 मैच खेले. जिसमें उन्होंने 6 बार शतक का आंकड़ा पार किया. लेकिन ऋषभ पंत ने महज 34 मैचों में यह कारनामा कर दिखाया.

शुभमन गिल ने आलोचकों को दिया करारा जवाब

एजेंसी। चेन्नई

चेन्नई टेस्ट की पहली पारी में शुभमन गिल फ्लॉप रहे. जिसके बाद सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल का सामना करना पड़ा. लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने दूसरी पारी में शानदार शतक बनाकर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया. चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में शुभमन गिल 176 गेंदों पर 119 रन बनाकर नॉटआउट लौटे. उन्होंने अपनी शतकीय पारी में 10 चौके और 4 छक्के जड़े. पिछले कुछ समय से शुभमन गिल भारत के लिए टेस्ट मैचों में नंबर-3 पर बल्लेबाजी कर रहे हैं.

हालांकि, शुभमन गिल को शुरुआत में नंबर-3 पर कामयाबी नहीं मिली, वह लगातार फ्लॉप होते रहे. इस दौरान शुभमन गिल को लगातार आलोचना का शिकार होना पड़ा. लेकिन शुभमन गिल हार मानने वालों में नहीं थे, चेन्नई टेस्ट की दूसरी पारी में उन्होंने खुद को साबित किया. अब तक शुभमन गिल ने 26 टेस्ट मैचों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है. जिसमें इस युवा बल्लेबाज ने 35.52 की औसत से 1611 रन बनाए हैं. अब तक इस फॉर्मेट में शुभमन गिल 5 शतक के अलावा 6 बार 50 रनों का आंकड़ा पार कर चुके हैं. इसके अलावा शुभमन गिल ने भारत के लिए 47 वनडे और 21 टी20 खेले हैं. वनडे और टी20 फॉर्मेट में शुभमन गिल के नाम क्रमशः 2328 और 578 रन दर्ज हैं.

ब्रीफ खबरें

कलिकेश सिंहदेव होंगे एनआरएआई के नए अध्यक्ष

नयी दिल्ली। कलिकेश नारायण सिंह देव को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हुए चुनावों में वीके ढल पर 36-21 से जीत हासिल करने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) का नया अध्यक्ष चुना गया. लंबे समय से अध्यक्ष पद पर कार्यरत रणइंदर सिंह के बाद ओडिशा के पूर्व सांसद कलिकेश पिछले साल से एनआरएआई के साथ जुड़े हुए थे और कार्यभार संभाल रहे थे. खेल मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय खेल संहिता (एनएससी) के अनुसार, रणइंदर सिंह अप्रैल 2023 में पद से हट गए, जिसके अनुसार राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के प्रमुख 12 साल से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकते.

दिल्ली से ही आईपीएल खेलेंगे ऋषभ पंत

नयी दिल्ली। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर पिछले काफी समय से अटकलें लग रही हैं कि वह आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का दामन थाम सकते हैं. पंत लंबे समय सेदिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का हिस्सा हैं. वह फ्रेंचाइजी के कप्तान भी हैं. बताया जा रहा है कि पंत डीसी को नहीं छोड़ेंगे. वह मेगा ऑक्शन से पहले टॉप रिटेंशन चॉइस होंगे. क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, पंत को दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन किया जाना तय है, जिससे टीम के साथ उनके भविष्य कोलेकर अटकलों पर विराम लग गया है. बीसीसीआई ने अभी तक रिटेंशन नियमों की घोषणा नहीं की है.

आगे बढ़ने से मत डरो, शास्त्री ने विराट कोहली से ऐसा क्यों कहा?

एजेंसी। चेन्नई

भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बल्लेबाजी के दौरान स्पिनरों के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल करने और हवाई शॉट खेलने से नहीं डरना चाहिए. रवि शास्त्री का यह कमेंट चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट की दूसरी पारी में स्पिनर मेहदी हसन मिराज की गेंद पर कोहली के अपना विकेट गंवाने के बाद आया. कोहली, जो अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन स्पिन की जाल में फंस गए और अपना विकेट बांग्लादेश को गिफ्ट में दे आए. विराट कोहली 17 रन बनाकर आउट हुए लेकिन जब रिप्ले देखा गया तो उसमें गेंद पैड से टकराने से पहले उनके बल्ले का किनारा लेकर गई थी. हालांकि, विराट ने डीआरएस नहीं लिया था.

शास्त्री ने मैच कमेंट्री के दौरान कहा, वह पिछले 2-3 वर्षों में स्पिनरों के सामने कई बार आउट हुए हैं. लेकिन उन्होंने बहुत रन भी बनाए हैं. आप उन्हें अपने पैरों का इस्तेमाल करते हुए देखना चाहेंगे. गेंद की पिच पर आएं, शायद स्वीप का इस्तेमाल करें. आप स्पिनरों को परेशान करने के लिए कुछ अलग या नया कर सकते हैं, बजाय इसके कि आप उन्हें खुद पर दबाव बनाने दें. जब उन्होंने बहुत रन बनाए तो उन्होंने यही किया था. पहली पारी में सिर्फ छह रन बनाने वाले कोहली पिछले दो वर्षों से टेस्ट क्रिकेट में घरेलू धरती पर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं.

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

वनडे सीरीज में द. अफ्रीका को हराकर बनायी अजेय बढ़त

एजेंसी। शारजाह

स्पिनर राशिद खान की फिरकी और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज की शतकीय पारी के दम पर अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने के साथ एक नया इतिहास रचा. शुक्रवार को अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान का जन्मदिन था. इस खास मौके पर उन्होंने टीम को 177 रनों की बड़ी जीत दिलाई. ये अफगानिस्तान की वनडे में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत है, जिसने जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछली सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की जीत को पीछे छोड़ दिया. मैच की बात करे तो अफगानिस्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के तेजतर्रार शतक, रहमत शाह (50) और अजमतुल्लाह उमरजई (नाबाद 86) के अर्धशतकों की बदौलत 50 ओवरों में 311/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया. जवाब में इसका पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम 34.2 ओवर में मात्र 134 रन पर सिमट गई. कप्तान तेम्बा बावुमा ने टोनी डी जॉर्जी के साथ 73 रन की मजबूत ओपनिंग पार्टनरशिप की. लेकिन कप्तान के आउट होने के बाद विकेट की झड़ी लग गई.

अफगानिस्तान ने बनाए कई व्यक्तिगत व टीम रिकॉर्ड्स

शारजाह। हशमतुल्लाह शाहिदी की कप्तानी में अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज जीतकर इतिहास रच दिया है. स्पिन गेंदबाजी में महारत हासिल करने वाले राशिद खान ने अफ्रीकी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाया, जबकि 22 साल के अफगानी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने अपनी शतकीय पारी से अफ्रीकी गेंदबाजों को खूब छकाया और विराट कोहली को भी टक्कर दी. अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच दुबई में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है. सीरीज में अफगानिस्तान ने 2–0 की अजेय बढ़त बना ली है.

शाकिब बने सबसे उम्रदराज बांग्लादेशी टेस्ट क्रिकेटर

एजेंसी। चेन्नई

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला रोमांचक नजर आ रहा है. दोनों ही टीमों के गेंदबाजों को पिच से खूब मदद मिल रही है, लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने भी दमखम दिखाया और मैच में पकड़ मजबूत रखी. इस बीच शाकिब अल हसन के नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज हुआ. शनिवार को बांग्लादेश क्रिकेट इतिहास में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने अपना नाम दर्ज करा लिया. वह टेस्ट मैच खेलने वाले अपने देश के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए. 37 वर्ष और 181 दिन की उम्र में शाकिब चेन्नई में भारत के खिलाफ बांग्लादेश के पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर उतरे और उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद रफीक का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2008 में आखिरी बार 37 वर्ष और 180 दिन की उम्र में टेस्ट मैच खेला था. एक दशक से भी ज्यादा समय से बांग्लादेश क्रिकेट में अहम भूमिका निभाने वाले शाकिब ने इस नई उपलब्धि के साथ अपने शानदार करियर को और भी आगे बढ़ाया है. खेल के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों में से एक माने जाने वाले शाकिब काफी समय से खेल रहे हैं और टीम के लिए उनके योगदान ने क्रिकेट जगत पर बड़ी छाप छोड़ी है. जबकि शाकिब की उपलब्धि महत्वपूर्ण है, सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम है, जिन्होंने 1930 में 52 वर्ष और 165 दिन की उम्र में अपना अंतिम टेस्ट खेला था. रोड्स का रिकॉर्ड, साथ ही उनका उल्लेखनीय 30 साल का टेस्ट करियर, क्रिकेट की सबसे लंबे समय तक चलने वाली उपलब्धियों में से एक है. हालांकि, मैदान पर बांग्लादेश ने खुद को एक मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ मुश्किल स्थिति में पाया. शुभमन गिल ने तीसरे दिन अपना सातवां टेस्ट अर्धशतक बनाया और ऋषभ पंत अपने 12वें अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, जिससे भारत एक मजबूत स्थिति में है. इससे पहले दूसरे दिन भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी लाइनअप पर कहर बरपाया और 50 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जिससे मेहमान टीम पहली पारी में मात्र 149 रन पर ढेर हो गई. शाकिब (32) और विकेटकीपर-बल्लेबाज लिटन दास (22) जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश भारत के पहले पारी के मजबूत स्कोर का अच्छा जवाब देने में संघर्ष करता रहा.

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराया

नयी दिल्ली। केपी कार्तिकेय (नाबाद 85) और कप्तान मोहम्मद अमान (नाबाद 58) के बीच चौथे विकेट के लिए 153 रन की अटूट साझेदारी के दम पर भारतीय अंडर-19 टीम ने शनिवार को तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती वनडे में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को सात विकेट से शिकस्त दी. ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 184 रन बनाए. इसके जवाब में भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए केपी कार्तिकेय और मोहम्मद अमान के बीच हुई शतकीय साझेदारी की बदौलत 7 विकेट से मैच अपने नाम किया. भारत नेतीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है. इस मैच मेंसबकी नजरेंराहुल द्रविड़ के बेटे समित पर थी.

मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए हार्दिक पांड्या की हो सकती है वापसी

- रणजी भी खेलने की संभावना

एजेंसी। नयी दिल्ली

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के एक बड़े दौरे के मद्देनजर, भारत के सफेद गेंद विशेषज्ञ हार्दिक पांड्या आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भाग लेकर ब्रेक के बाद एक्शन में लौटने की योजना बना रहे हैं. हालांकि, सूत्रों ने बताया कि भारत का यह ऑलराउंडर भी अपने राज्य के लिए रणजी ट्रॉफी खेलना चाहता है, जो रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी और फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने की उम्मीद का संकेत है. सूत्रों ने शुक्रवार को आईएएनएस को बताया कि 2024 में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के स्टार पांड्या के बड़ौदा के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने की संभावना है. सूत्रों के मुताबिक, भारत के ऑलराउंडर ने बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) को घरेलू सफेद गेंद क्रिकेट खेलने की इच्छा व्यक्त की है. सूत्र ने बताया, रणजी ट्रॉफी में भी हार्दिक खेलना चाहते हैं.

सम्मान 28 वर्षीय डिफेंडर ने 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था

हरमनप्रीत एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए नामित

एजेंसी। नयी दिल्ली

एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है. 28 वर्षीय डिफेंडर ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता था. कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए फिर से नॉमिनेट होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है. दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों में शामिल होने पर मैं बहुत खुश हूं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि यह मेरी टीम के समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता. एफआईएच हॉकी प्रो लीग और पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में मैंने जितने भी गोल किए हैं, वे सब टीम की बदौलत ही संभव हो पाए हैं. हरमनप्रीत को 2024 में आयोजित सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों को ध्यान में रखने के बाद थियरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड), जोएप डी मोल (नीदरलैंड), हेंस मुलर (जर्मनी) और जैक वालेस (इंग्लैंड) के साथ नामित किया गया है.

हॉकी के कैप्टन कूल ने अपने शानदार डिफेंस और पेनल्टी कॉर्नर से बेहतरीन गोल करने की क्षमता के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम को ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 में कांस्य पदक जिताया. उन्होंने ओलंपिक में आठ मैचों में 10 गोल किए, जिनमें से सात गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए जबकि बाकी तीन गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आए. उन्होंने कहा, पेरिस 2024 ओलंपिक न केवल इस साल का सबसे शानदार टूर्नामेंट था, बल्कि मेरे अब तक के पूरे करियर का सबसे शानदार सफर था. टीम ने हमेशा मेरा साथ दिया है, खासकर पिछले साल विश्व कप के दौरान, जब मैं पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं कर पा रहा था. लेकिन टीम ने मुझे किसी भी तरह से खुद को दोषी नहीं मानने दिया जबकि उन्होंने ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करने और पदक जीतने के लिए समर्थन दिया. मेरे दिमाग में हमेशा यह बात रही कि मुझे टीम द्वारा मुझ पर रखे गए भरोसे पर खरा उतरना है. ओलंपिक खेलों के बाद छोटे ब्रेक से लौटने के बाद, हरमनप्रीत ने चीन के मोकी में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 पर अपनी नजरें टिकाईं. टीम की अगुवाई करते हुए उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए, जिसमें भारत ने चीन में अपना खिताब बरकरार रखा.

कोरिया ओपन : एम्मा राडुकानू पैर की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से रिटायर

एजेंसी। सोल

ब्रिटिश टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू को लगातार पैर की चोट के कारण शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की डारिया कसात्किना के खिलाफ कोरिया ओपन के क्वार्टर फाइनल से रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा. 21 वर्षीय खिलाड़ी, जिसने यू युआन के खिलाफ अपने पिछले मैच में असुविधा के लक्षण दिखाए थे. पहले सेट के पांचवें गेम के बाद राडुकानू को मेडिकल टाइमआउट की आवश्यकता थी, लेकिन खेल जारी रखने के प्रयासों के बावजूद उन्होंने शुरुआती सेट 6-1 से हारने के बाद अंततः रिटायर होने का फैसला किया. चोट से उबरना बहुत मुश्किल साबित हुआ, जिससे सोल में उनका अभियान छोटा हो गया. अपने आखिरी मैच में राडुकानू ने चीन की यू युआन पर सीधे सेटों में जीत हासिल की. दुनिया में 70वें स्थान पर काबिज ब्रिटिश खिलाड़ी ने लगातार छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम किया और दूसरे पर कब्जा कर लिया. उसने अपने सातवें मैच प्वाइंट को बदलकर 6-4, 6-3 से जीत हासिल की और सोल में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. सेमीफाइनल में पहुंचने वाली कसात्किना का सामना हमवतन डायना श्नाइडर या यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक से होगा. शुक्रवार को बारिश की वजह से खेल बाधित होने के बाद मैच शनिवार को नहीं हुआ. राडुकानू के लिए, यह 2021 में उनकी ऐतिहासिक यूएस ओपन जीत के बाद से चोटों और असंगत प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के बाद शीर्ष फॉर्म हासिल करने की उनकी खोज में एक और झटका है.

ब्रीफ खबरें

तालाब में डूबने से किशोर की मौत

नालंदा। नालंदा जिले के बेन थाना अंतर्गत सिरनावां गांव स्थित तालाब में शनिवार की सुबह डूबने से एक किशोर की मौत हो गई. इससे हादसे को लेकर लोगों के बीच अफरातफरी मची गयी है. मृत किशोर कि पहचान सिरनावां गांव निवासी रामनंदन मांझी के दस वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गयी है. पंचायत प्रतिनिधि राहुल कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह में बालक घर से शौच के लिए निकला था, जहां शौच के बाद पानी से भरे तालाब में हाथ पांव धोने लगा, जहां वह असंतुलित होकर फिसल गया.

बिहार में दलितों पर जुल्म बढ़ा है : माले

बेतिया। महागठबंधन की सरकार में जाति आधारित सर्वेक्षण के उपरांत राज्य के तकरीबन 95 लाख महागरीब परिवारों को लघु उद्यमी योजना के तहत 2 लाख रु. की सहायता राशि की सरकारी घोषणा आय प्रमाण पत्र के झमेले और ऑनलाइन आवेदन के प्रावधानों के कारण एक क्रूर मजाक बनकर रह गई है. उक्त बातें हक दो वादा निभाओ अभियान के तहत बैरिया अंचल पर आयोजित विशाल प्रदर्शन के दौरान माकपा माले नेता सुनील कुमार राव ने शनिवार को कही. जब सरकार के पास पहले से 95 लाख महागरीब परिवारों का डाटा उपलब्ध है तो फिर आय प्रमाण पत्र क्यों मांगा जा रहा है?

18.75 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

अररिया। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र पर स्थित बसमतिया थाना पुलिस ने एसएसबी के सहयोग से एक नेपाली नागरिक को 18.75 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की.पकड़े गए नेपाली नागरिक के पास से एक यामाहा कंपनी की बाइक बरामद किया गया. गिरफ्त में आया नेपाली नागरिक नेपाल के सुनसरी जिला के इटहरी के वार्ड संख्या चार का रहने वाला 39 वर्षीय सुनील खरखा पिता महेंद्र खरखा है. गिरफ्त में आया नेपाली नागरिक नशे के समानों की तस्करी का काम करता है.

सीएम नीतीश कुमार के जाते ही लूट ली गई मछलियां

अधिकारी बोले-45 हजार का हुआ नुकसान

संवाददाता। सहरसा

सहरसा में नीतीश कुमार का कार्यक्रम खत्म होते ही मछलियां लूट ली गईं. इस दौरान लोगों ने खूब हंगामा किया. साथ ही लोगों ने बायोफ्लॉक तोड़ दिया और सारी मछलियां उठा ले गए. इस दौरान लोगों ने कहा कि हम लोग नीतीश कुमार को देखने नहीं मछली लेने आए थे. वहीं, अधिकारियों ने कहा इस घटना से 45 हजार का नुकसान हुआ है. दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को सहरसा के दौरे पर पहुंचे थे. उन्होंने सहरसा में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान उन्होंने सबसे पहले दिवारी स्थित मां विषहरी मंदिर का उद्घाटन किया. इसके बाद वे अमरपुर के लिए रवाना हो गए. उन्होंने अमरपुर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसका उन्होंने निरीक्षण किया.

युवाओं और बच्चों के हाथों में मछलियां इस प्रदर्शनी में मत्स्य विभाग की ओर से बायोफ्लॉक लगाया गया था, जिसमें अनेक प्रजाति की मछलियां तैर रही थीं. वहीं, निरीक्षण के बाद जैसे ही नीतीश कुमार अपने हेलीकॉप्टर से हवा में उड़े, लोग मछलियों पर टूट पड़े. कुछ ही मिनटों में माहौल बदल गया. युवाओं और बच्चों के हाथों में मछलियां देखी गईं.

145 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

नवादा। नवादा जिले के पकरीबरमा के थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार को केशोरी गांव में छापेमारी कर 145 बोतल अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद किया है . इसके साथ पुलिस ने शराब तस्कर किशलय सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है. थाना प्रभारी अजय कुमार बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि किशोरी गांव का एक युवक बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार कर रहा है. जिसके विरुद्ध गुप्तचर लगाया गया था. गुप्चर ने शनिवार को सूचना दी कि ब्रेजा कार में भरकर शराब लाया जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस कार की घेराबंदी कर जप्त कर लिया .भारी मात्रा में शराब तथा बीयर बरामद करने के साथही शराब तस्कर किशलय सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है.

सक्षमता पास शिक्षकों की काउंसिलिंग हुई समाप्त

800 शिक्षकों की डॉक्यूमेंट में मिली गड़बड़ी, विभाग लेगा एक्शन

संवाददाता। पटना

गोपालगंज में सक्षमता पास शिक्षकों की काउंसिलिंग समाप्त हो गई है. काउंसलिंग समाप्त होने के बाद 800 शिक्षकों के कागज में गड़बड़ी पाई गई है, जिसको विभाग ने डाउटफुल श्रेणी में रखकर जांच करेगा. परीक्षा पास करने के बाद डॉक्यूमेंट वेरिफीकेशन में डाउटफुल के श्रेणी में रखे गए 800 शिक्षकों के कागजातों की जांच के लिए शिक्षा विभाग की ओर से कमेटी गठित की जायेगी. नए शेड्यूल पर इन शिक्षकों का दोबारा काउंसिलिंग कराई जाएगी. वहीं, जिन शिक्षकों का आधार कार्ड और एडमिट कार्ड मिसमैच है, उनकी भी काउंसलिंग नए शेड्यूल में होगी. बता दें कि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया गया था. परीक्षा पास करने वाले शिक्षकों के कागजातों की जांच के लिए काउंसलिंग की गई. सदर प्रखंड के बसडीला में स्थित जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र डीआरसीसी में बीते एक अगस्त से काउंसलिंग शुरू हुई, जो 13 सितंबर तक चली. जिसमें शिक्षकों के सभी प्रमाण पत्रों की जांच की गई.

6638 शिक्षकों ने की थी सक्षमता परीक्षा पास

राज्यकर्मी का दर्जा के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा में जिले के करीब सात हजार शिक्षकों ने हिस्सा लिया था. इसमें 6638 शिक्षकों ने परीक्षा पास की थी. परीक्षा पास किए शिक्षकों में से 6544 शिक्षक काउंसलिंग कराने पहुंचे. जिसमें 577 शिक्षकों को आधार मिसमैच होने के कारण काउंसलिंग से बाहर कर दिया गया. शेष 5964 शिक्षकों की काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई. इस काउंसिलिंग के दौरान 800 शिक्षकों के कागजातों में गड़बड़ी पाई गई जिसको डाउटफुल बताया गया.

577 शिक्षकों के नाम में गडबड़ी : डीआरसीसी में काउंसिलिंग के लिए पहुंचे 577 शिक्षकों के आधार कार्ड और सक्षमता परीक्षा के एडमिट कार्ड में अंतर पाया गया. नाम में अंतर पाए जाने पर इनकी काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई. इन शिक्षकों के लिए विभाग फिर से शेड्यूल जारी करेगा. ऐसे शिक्षकों को विभाग के नए शेड्यूल का इंतजार है. स्थापना डीपीओ जमालुद्दीन ने बताया कि 577 शिक्षकों का आधार मिसमैच हुआ है इस सभी शिक्षकों के लिए नया शेड्यूल बनाया जाएगा तथा जितने शिक्षक डाउटफुल हैं उन सभी शिक्षकों के कागजातों की जांच कमेटी करेगी.

तीन प्रिंसिपल सहित 1 शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई का आदेश

दरभंगा। शिक्षा विभाग दरभंगा द्वारा बच्चों को दिए जाने वाले एमडीएम में बड़े घोटाले के सामने आने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी समर बहादुर सिंह ने बड़ी कार्रवाई की है. सिंहवाड़ा प्रखंड के तीन स्कूलों के प्रिंसिपल सहित एक शिक्षक पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है. बता दें कि इस महीने के चार सितबंर को तारडीह प्रखंड के न्यू प्राथमिक विद्यालय देवना मुसहरी के 14 महीने से निलंबित प्रभारी शिक्षक रामाधीन महतो के खिलाफ चल रही जांच का रिपोर्ट अभी तक नहीं आया है. हालांकि, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने तीन दिनों के भीतर ही जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया था. जबकि मध्य विद्यालय कटका के प्रधानाचार्य दीन बंधु ठाकुर को निलंबित करते हुए उनसे 58,720 रुपये की रिकवरी करने का आदेश दिया.

भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट और गोलीबारी, एक की मौत, छह भर्ती

संवाददाता। पूर्वी चम्पारण

जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह मधुबन थाना के बाकी गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच में हुई मारपीट और गोलीबारी में एक की जान चली गई. इस घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं. सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है. पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है. साथ ही घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद हुआ है. बताया गया है कि बाकी गांव के प्रेम भगत और रामजी भगत के बीच में घरारी के जमीन को लेकर विवाद था. इसी बीच शनिवार की सुबह तू-तू मैं-मैं के बाद एक पक्ष के कई लोग बंदूक लेकर आए और अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे. प्रेम भगत की भांजी मोनिका कुमारी, जो परीक्षा देने आई थी उसके गले में गोली लग गई और उसकी मौत हो गई. प्रेम भगत के साथ उनके भाई, भतीजे व उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं.

पीड़त प्रेम भगत की पत्नी सुनीता देवी ने कहा कि रामजी भगत से जमीन विवाद चल रहा था. आज उनके साथ आये लोगों ने गोलीबारी की, जिसमें एक की मौत हो गई है. प्रेम भगत के भतीजे कृष्णा कुमार ने कहा कि जमीन हड़पने को लेकर हम लोग रोक रहे थे और रामजी भगत की तरफ से लोग आए और गोली चलाने लगे, जिसमें हमारी रिश्तेदार मोनिका कुमारी की मौत हो गई है. घटना को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गोली चलाने वाले रामजी भगत को हथियार समेत गिरफ्तार कर लिया है. अन्य आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए गठित एसआईटी लगातार छापेमारी कर रही है.

ट्रक से कुचलकर अधेड़ की मौत, ग्रामीणों ने रोड जाम कर किया प्रदर्शन

अररिया। फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ढोलबज्जा हेमा पंप के समीप शनिवार को एक तेज अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार अधेड़ को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना के बाद चालक और उपचालक को ग्रामीणों ने खदेडकर पकड़ लिया. ग्रामीणों ने ट्रक के चालक और उप चालक को पकड़ कर एक कमरे में बंद कर दिया. आक्रोशित ग्रामीणों ने हादसे को लेकर पीड़ित के परिवार को मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर फोरलेन सड़क को जाम कर प्रदर्शन भी किया.

जेडीयू ने राज्य कार्यकारिणी का किया गठन

प्रदेश सचिव रहे दिव्यांशु भारद्वाज को राज्य परिषद सदस्यों में हुए शामिल

संवाददाता। पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी के राज्य कार्यकारिणी का गठन किया गया है. कार्यकारिणी में सीएम नीतीश कुमार के करीबी नेताओं को जगह दी गई है. आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जदयू पूरी तरह तैयार दिख रही है. इसलिए चुनाव से पहले पार्टी ने सभी प्रकोष्ठों को भंग कर दिया है. पार्टी ने नए सिरे से सभी प्रकोष्ठों का गठन किया गया है. साथ ही सभी नेताओं विधानसभा चुनाव को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए गए हैं. इधर, पटना विवि छात्र संघ एवं युवा जदयू के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान में जदयू के प्रदेश सचिव रहे दिव्यांशु भारद्वाज ने कहा क आज जदयू द्वारा जारी किए गए राज्य परिषद सदस्यों की सूची में शामिल करने के लिए सीएम सहित सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं. जिस उम्मीद के साथ पार्टी ने मेरे ऊपर यह जिम्मेदारी दी है, उस पर शत प्रतिशत खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा.

कारोबार

आरबीआई के गवर्नर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की. हालांकि, इस मुलाकात का विस्तृत ब्यौरा अभी नहीं मिला है. राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट जारी एक बयान में कहा कि आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने राजधानी नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की है. राष्ट्रपति कार्यालय ने इस मुलाकात की तस्वीर भी साझा की.

गोयल ने म्यांमार के मंत्री के साथ की बैठक

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक मामलों के मंत्री डॉ. कान जॉं के साथ एक अहम बैठक की. इसके अलावा उन्होंने कोरिया गणराज्य के व्यापार, उद्योग और ऊर्जा मंत्री इंक्यो चियोंग के साथ भी सार्थक बातचीत की. वाणिज्य मंत्री गोयल ने कहा कि 12वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के आर्थिक मंत्रियों की बैठक के अवसर पर म्यांमार के निवेश और विदेशी आर्थिक मामलों के मंत्री डॉ. कान जॉं के साथ मुलाकात हुई है. इस दौरान उन्होंने कई अहम मुद्दों पर बातचीत की.

टैरिफ महंगे होने से बीएसएनएल को फायदा

नयी दिल्ली। तीन प्रमुख मोबाइल कंपनियों के टैरिफ महंगे होने का फायदा बीएसएनएल को खूब मिला है. जुलाई में सरकारी कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड यानी बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या 29.40 लाख बढ़ गई है. वहीं जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के ग्राहकों की संख्या जुलाई में भारी गिरावट आई है. दूरसंचार नियामक ट्राई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक जुलाई में एयरटेल के 16.9 लाख ग्राहक घट गए. वोडाफोन आइडिया के 14.1 लाख और जियो के 7.68 लाख ग्राहक घटे. यह सभी ग्राहक बीएसएनएल से जुड़ गए हैं. जुलाई में तीनों प्रमुख कंपनियों ने टैरिफ में 10-27% तक इजाफा किया था.

प्राइमरी मार्केट के लिए रिकॉर्ड तोड़ महीना बनेगा सितंबर

आईपीओ के जरिये 28 कंपनियों की होगी एंट्री

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी मार्केट में सितंबर का महीना एक रिकॉर्ड तोड़ महीना साबित होने जा रहा है. इस महीने आईपीओ लॉन्चिंग के मामले में जोरदार तेजी आई है. शेयर बाजार के मेनबोर्ड और एसएमई सेगमेंट में इस महीने कुल 28 कंपनियां एंट्री करने जा रही हैं, जो पिछले 14 साल का एक रिकॉर्ड है.

भारतीय रिजर्व बैंक के सितंबर बुलेटिन में इस बात की जानकारी दी गई है. बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ की गतिविधियों में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एसएमई) प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होने वाले कंपनियों में निवेशकों की दिलचस्पी का बढ़ना है. घरेलू म्युचुअल फंड कंपनियां भी इसमें बड़ी भागीदारी कर रही हैं, जिसके कारण सब्सक्रिप्शन रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच गया है. बुलेटिन में ये भी बताया गया है कि निवेशकों को अलॉट किए गए शेयरों का 54 प्रतिशत हिस्सा आईपीओ की लिस्टिंग के एक हफ्ते के अंदर ही बिक गया. ये बात बाजार के बेहतर माहौल की ओर इशारा करती है.

रिजर्व बैंक के बुलेटिन में बताया गया है कि प्राइमरी मार्केट में आईपीओ लॉन्चिंग की संख्या बढ़ने से प्राइमरी मार्केट की हलचल तो बढ़ी ही है, बाजार में पहले से लिस्टेड कंपनियां वर्किंग कैपिटल जुटाने के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) का विकल्प भी चुन रही हैं.

इस साल जनवरी से अगस्त के दौरान 8 महीने में क्यूआईपी के जरिए 60 हजार करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई जा चुकी है. आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय बाजार में ग्लोबल फंड्स की भी रुचि बढ़ी है और मई के बाद उन्होंने भारतीय डेट मार्केट में लगातार पैसे लगाए हैं. इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजार के सूचकांकों में लगातार तेजी बनी हुई है. मार्केट आउटलुक भी बुलिश बना हुआ है, जिसकी वजह से घरेलू शेयर बाजार के प्राइमरी और सेकेंडरी दोनों मार्केट की स्थिति बेहतर बनी हुई नजर आ रही है. इसका असर बड़ी कंपनियों के साथ ही छोटी और मझोली कंपनियों के आईपीओ के जरिये प्राइमरी मार्केट में उतरने के रूप में नजर भी आ रहा है.

खास बातें

- घरेलू म्युचुअल फंड कंपनियां भी भागीदारी कर रही है
- मार्केट आउटलुक भी बुलिश बना हुआ है

जेईएम ने कारोबार को बढ़ाने के लिए लेनदेन शुल्क में कटौती की

नई दिल्ली। सार्वजनिक खरीद पोर्टल जेईएम ने गवर्नेंस के 100 दिन पूरा होने के अवसर पर कारोबार को बढ़ावा देने के लिए अपने पोर्टल पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेन-देन शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की है. सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेईएम) पोर्टल की नई राजस्व नीति 9 अगस्त, 2024 से प्रभावी हो गई है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेईएम) ने हाल में अपने प्लेटफॉर्म पर लेन-देन करने वाले विक्रेताओं या सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेन-देन शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की है.

मंत्रालय ने कहा कि जेईएम की नई नीति के अनुसार 10 लाख रुपये तक के सभी ऑर्डर पर अब शून्य लेन-देन शुल्क लगेगा, जबकि पहले ऑर्डर मूल्य की अधिकतम सीमा 5 लाख रुपये थी. इसी तरह 10 लाख रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक के ऑर्डर पर कुल ऑर्डर मूल्य का 0.30 फीसदी लेन-देन शुल्क लगाया जाएगा, जबकि पहले 0.45 फीसदी लेन-देन शुल्क लगता था. इसके अलावा 10 करोड़ रुपये से अधिक के ऑर्डर पर अब 3 लाख रुपये का फ्लैट शुल्क देना होगा, जो पहले 72.5 लाख रुपये तक के लेन-देन शुल्क से बहुत कम है.

सीबीडीटी योजना एक अक्टूबर 2024 से लागू

प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना 2024 के लिए नियम किया अधिसूचित

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने इनकम टैक्स विवादों के मामले में लंबित अपीलों को हल करने के लिए प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास (डीटीवीएसवी) योजना, 2024 के नियमों और प्रपत्र को अधिसूचित कर दिया है. यह योजना एक अक्टूबर, 2024 से लागू होगी. वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास (डीटीवीएसवी) योजना, 2024 के लिए नियम और प्रपत्र को अधिसूचित किए हैं. योजना में 'पुराने अपीलकर्ता' की तुलना में 'नए अपीलकर्ता' के लिए कम निपटान राशि का प्रावधान किया गया है. मंत्रालय ने बताया कि यह योजना एक अक्टूबर, 2024 से लागू होगी. मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 में आयकर से जुड़ी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए इस योजना का ऐलान किया था. उक्त घोषणा के अनुसरण में सीबीडीटी ने आयकर विवादों के लंबित अपीलों को हल करने के लिए प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास (डीटीवीएसवी) योजना,

2024 को अधिसूचित किया है.

सीबीडीटी के मुताबिक डीटीवीएसवी योजना, 2024 को वित्त (सं. 2) अधिनियम, 2024 के तहत अधिनियमित किया गया है. वित्त मंत्रालय ने एक दिन पहले इस योजना को सक्षम करने के लिए नियम और प्रपत्र भी जीएसआर 584(ई) दिनांक 20 सितंबर, 2024 को अधिसूचना संख्या 104/2024 के तहत अधिसूचित किया है.

सीबीडीटी की अधिसूचना के मुताबिक डीटीवीएसवी योजना में 'पुराने अपीलकर्ता' की तुलना में 'नए अपीलकर्ता' के लिए कम निपटान राशि का प्रावधान है. इस योजना में 31 दिसंबर, 2024 को या उससे पहले घोषणा दाखिल करने वाले करदाताओं के लिए उसके बाद दाखिल करने वालों की तुलना में कम निपटान राशि का प्रावधान है.

साप्ताहिक शेयर समीक्षा — यूएस फेड के फैसले से बाजार में उछाल

ऑल टाइम हाई पर पहुंचे सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में पिछले सप्ताह भी लगातार बढ़त का रुख बना रहा. सोमवार से शुक्रवार के बीच के कारोबार में मंगलवार को छोड़ कर हर दिन मजबूती का नया रिकॉर्ड बनता रहा. मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाया. इसी सप्ताह के दौरान सेंसेक्स पहली बार 84 हजार अंक के स्तर को पार कर गया. इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 25,800 अंक के ऊपर पहुंच गया. बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला आने के बाद मार्केट

सेंटीमेंट्स को और मजबूती मिली, जिसकी वजह से दुनिया भर के ज्यादातर बाजारों की तरह ही भारतीय शेयर बाजार में भी जमकर खरीदारी होती नजर आई. 16 सितंबर से लेकर 20 सितंबर के बीच के कारोबार के बाद बीएससी का सेंसेक्स 1,653.37 अंक यानी 1.99 प्रतिशत मजबूत होकर 84,544.31 अंक की ऐतिहासिक ऊंचाई पर बंद हुआ. इसी तरह निफ्टी 434.50 अंक यानी 1.71 प्रतिशत की छलांग लगा कर 25,790.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ. इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 20 सितंबर को ही सेंसेक्स अभी तक के सर्वोच्च स्तर 84,694.46 अंक तक और निफ्टी 25,849.25 अंक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचने में सफल रहे.

इस सप्ताह बीएसई का लार्जकैप इंडेक्स 10 हजार अंक के स्तर को पार करके पहली बार 10,082.92 अंक के नए शिखर पर पहुंच गया. पूरे सप्ताह के कारोबार के दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा, अडाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज होल्डिंग एंड इन्वेस्टमेंट, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एनटीपीसी, जोमैटो और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, इंडस टावर्स, जाइडस लाइफ साइंसेज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), अडाणी विल्मर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और यूपीएल के शेयर टॉप लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

इसी तरह बीएसई का मिडकैप इंडेक्स भी इस सप्ताह 49,506.01 अंक के रिकॉर्ड स्तर को छूने में सफल रहा. इस इंडेक्स में मैक्स हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट, टॉरेंट पावर, पीबी फिनटेक, यूएनओ मिंडा, संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल, सुप्रीम इंडस्ट्रीज, श्रीराम फाइनेंस, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और ट्यूब इन्वेस्टमेंट ऑफ इंडिया के शेयर टॉप गेनर्स की सूची में शामिल हुए. दूसरी ओर वोडाफोन आइडिया, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, लॉरेंस लैब्स, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज, कंटेनर कारपोरेशन ऑफ इंडिया, लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स आदि कंपनियां शामिल हैं.

सर्राफा बाजार में चमका सोना

चांदी में भी तेजी सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में भी तेजी

एजेंसी। नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद शनिवार को तेजी का रुख नजर आ रहा है. इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना आज एक बार फिर 75 हजार के स्तर को पार कर गया है. देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना शनिवार 75,270 रुपये से लेकर 75,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी शनिवार 69,010 रुपये से लेकर 68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. सोने की तरह ही चांदी के भाव में शनिवार तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी

की कीमत 92,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना शनिवार 75,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 69,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 75,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 68,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

न्यूज अपडेट

ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश विफल

सूरत/अहमदाबाद । शनिवार को फिर से एक बार देश में रेलवे कीमैन की सतर्कता से ट्रेन हादसा होने से बच गया। गुजरात में सूरत के कीम स्टेशन के पास ट्रेन को बेपटरी करने की गंभीर साजिश का खुलासा हुआ है. अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार रात रेल पटरियों पर लगी फिश प्लेटों को खोल दिया और रेलवे पटरियों को जोड़ने वाले 71 ताले भी हटा दिए थे. रेलवे के बड़ौदा डिवीजन के कीम स्टेशन के पास जिस लाइन पर इस साजिश को अंजाम दिया गया, वह अप लाइन है.

अभिनेता प्रवीन डबास का हुआ एक्सीडेंट

मुंबई । बॉलीवुड एक्टर प्रवीण डबास का शनिवार सुबह यहां भयानक कार एक्सीडेंट हो गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. गंभीर चोटों के कारण अभिनेता को बांद्रा के हेली क्रॉस अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस वक्त प्रवीण डबास की हालत बहुत नाजुक है. बताया जा रहा है कि इस हादसे के दौरान प्रवीण खुद गाड़ी चला रहे थे. फिलहाल एक्टर के साथ ये हादसा कब और कहां हुआ, इसके बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है.

मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ी

जम्मू । रियासी जिले के शिकारी इलाके में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद शनिवार को पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी के आधार पर जिले में सुरक्षाबलों द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया था. शनिवार को भी सुरक्षाबलों का अभियान जारी है. माना जा रहा है कि तीन से चार आतंकी इलाके में छिपे हुए हैं जिनकी धरपकड़ के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है.

मुख्यमंत्री समेत तीन के खिलाफ वारंट

इस्लामाबाद । इस्लामाबाद की एक आतंकवाद निरोधी अदालत ने शनिवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और तीन अन्य नेताओं के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है. राजधानी के एक न्यायिक परिसर में 18 मार्च 2023 को तोड़फोड़ के बाद आतंकवाद के आरोपों के तहत दर्ज केस में चारों आरोपित हैं. गंडापुर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख नेता हैं. गिरफ्तारी वारंट इस्लामाबाद के आई-9 पुलिस स्टेशन में आतंकवाद के आरोपों के तहत दर्ज मामले से जुड़ा है.

पीएम मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को संयुक्त राज्य अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए. वो वहां क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करेंगे. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी छठे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने और संयुक्त राष्ट्र 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' को संबोधित करने के लिए अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं.

घुसपैठ की कोशिश में दो आतंकवादी ढेर

तेहरान । ईरानी बॉर्डर गार्ड्स ने एक ऑपरेशन में 'आतंकवादी ग्रुप' की देश में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया. स्थानीय मीडिया के मुताबिक आतंकी ग्रुप के दो सदस्य मारे गए. एजेंसी के हवाले से बताया कि आतंकी शुक्रवार को दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान के सिरकन शहर के पास बॉर्डर पार कर ईरान में घुसने की कोशिश कर रहे थे. सीमा रक्षक कमांडर अहमद अली गौदरजी ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर बॉर्डर के पास ग्रुप की गतिविधियों का पता चला.

स्लीपर बस पलटी, 38 यात्री घायल

कन्नौज । लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर शनिवार तड़के दिल्ली जा रही प्राइवेट स्लीपर बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई. बस में 80 सवारियां थीं जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है. इस हादसे में 38 सवारी घायल हो गए हैं, जिन तीन की हालत नाजुक है उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया है. घायलों में ज्यादातर गोरखपुर, गोण्डा जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं. घटना को लेकर मिल रही जानकारी के मुताबिक बस सवारियों से पूरी तरह खचाखच भरी हुई थी.

यूएन ने जारी किए 2 मिलियन डॉलर

संयुक्त राष्ट्र । संयुक्त राष्ट्र ने वियतनाम में तूफान 'यागी' से हुई व्यापक तबाही से निपटने के लिए 20 लाख डॉलर की धनराशि जारी की. तूफान की वजह से देश में अब तक 290 लोगों की मौत हो चुकी है. संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को कहा, राष्ट्रीय प्राधिकारियों ने 290 से अधिक लोगों की मृत्यु, 237,000 घरों के क्षतिग्रस्त होने और 30 लाख लोगों के प्रभावित होने की रिपोर्ट दी है.

पुलिस ने दो बदमाशों को मार गिराया

गाजियाबाद । गाजियाबाद पुलिस और बदमाशों के बीच बीती रात मुठभेड़ हो गई. पुलिस की टीम ने एक बदमाश को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में और दूसरे को कांबिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए दोनों बदमाश लूट और चेन स्नेचिंग के दर्जनों मामलों में वांछित चल रहे थे. इनमें से एक बदमाश पर नोएडा में एक हत्या में शामिल होने का भी आरोप लगा है. पुलिस को कई दिनों से इनकी तलाश थी. इन्होंने गाजियाबाद और नोएडा के कई इलाकों में चेन स्नेचिंग और लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया है.

तिरुपति मंदिर लड्डू विवाद

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शनिवार को पहुंचे वाराणसी, कहा

प्रसाद में मिलावट चिंता का विषय इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं

एजेंसी । वाराणसी

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट की खबरों पर देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि यह न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे देश में धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाता है. रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा, पिछले तीन-चार दिनों से तिरुपति तिरुमला प्रसादम (लड्डू) की मिलावट की खबरों से पूरे देश के लोगों को चिंता है. मैं इस विषय पर राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं जाना चाहता, लेकिन हिंदुओं के मन में प्रसाद के प्रति एक श्रद्धा होती है, जिसमें संदेह उत्पन्न होता है.

कोविंद ने अपने वाराणसी दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि जब मैं कल शाम के समय यहां आया, तो मुझे बाबा विश्वनाथ के दर्शन का सौभाग्य नहीं मिला. मैंने कान पकड़कर क्षमा भी मांगी और यह वादा किया कि अगली बार जरूर आऊंगा. लेकिन मेरे कुछ सहयोगियों ने मुझे रात्रि में प्रसाद दिया. उस समय तिरुमला प्रसादम की बात मेरे मन में खटकी. मैं अकेला नहीं हूं, यह सभी श्रद्धालुओं के मन में उठता है. उन्होंने कहा, यह हर मंदिर और तीर्थ स्थल की कहानी हो सकती है. मिलावट को हम अपवित्र मानते हैं, हिंदू शास्त्रों में इसे पाप कहा गया है. यह एक गंभीर विषय है, जो किसी एक स्थान से उत्पन्न नहीं होता, बल्कि यह एक विशेष चक्र है. बता दें कि राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के तहत सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइव स्टॉक एंड फूड लैब की रिपोर्ट में हुए खुलासे में यह बात सामने आई है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया जा रहा है. एनडीडीबी की रिपोर्ट में इस बात

का खुलासा हुआ है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों के मांस की चर्बी और फिश ऑयल का इस्तेमाल किया गया. दावा किया गया है कि यह सब कुछ उस घी में इस्तेमाल किया गया, जिसका उपयोग प्रसाद बनाने के लिए किया जाता है. इस प्रसाद का इस्तेमाल न सिर्फ भगवान को चढ़ाने के लिए किया गया, बल्कि भक्तों के बीच भी इसे बड़े पैमाने पर बांटा गया.

तिरुपति प्रसाद विवाद मामले में

आरोप के बाद अमूल ने दर्ज करायी शिकायत

अहमदाबाद । तिरुपति बालाजी मंदिर प्रसाद विवाद में अमूल द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज करायी गई है. इसकी शिकायत अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच को की गई है. गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के एमडी जयेन मेहता ने कहा कि, आंध्र प्रदेश में तिरुपति देवस्थानम में घी में कई तरह की मिलावट पाई गई. वो घी अमूल का है, ऐसा कुछ लोगों ने दुष्प्रचार शुरू किया. जिसे रोकने के लिए हमने अहमदाबाद के साइबर क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज कराई है, क्योंकि ये मामला अमूल के साथ जुड़े होने छत्तीस लाख परिवारों के लिए बड़ा गंभीर है. हम बताना चाहते हैं की अमूल ने कभी भी वहां पर घी सप्लाई नहीं किया है और अमूल के जो प्रोडक्ट हैं, वो अच्छे गुणवत्ता के हैं, सबसे उच्च मानक से वो पास होते हैं और हम अपने करोड़ों उपभोक्ताओं को ये भरोसा दिलाना चाहते है. लोगों को इस गलत

जानकारी और दुष्प्रचार से दूर रहने की हम लोग अपील करते हैं. इससे पहले अमूल कंपनी ने बयान जारी अपना रुख साफ किया था. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पुष्टि की है कि उन्होंने कभी भी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी की आपूर्ति नहीं की है. अमूल ने एक्स पोस्ट में कहा, यह कुछ सोशल मीडिया पोस्ट के संदर्भ में है जिसमें उल्लेख किया गया था कि अमूल घी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को आपूर्ति की जा रही थी. हम सूचित करना चाहते हैं कि हमने कभी भी टीटीडी को अमूल घी की आपूर्ति नहीं की है.

तिरुपति लड्डू विवाद पर बोले बाबा बागेश्वर

अगर ये सत्य तो दोषियों को हो फांसी की सजा

छतरपुर । तिरुपति मंदिर प्रसादम विवाद पर बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने इसे सनातनियों के खिलाफ एक षड्यंत्र करार दिया और कहा कि भारत के सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की पूर्ण रूप से तैयारी की गई है. धीरेंद्र शास्त्री ने आंध्र प्रदेश सरकार से सख्त से सख्त कानून बनाने और दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की. उन्होंने कहा है कि दक्षिण भारत में तिरुपति

बालाजी के प्रसाद में चर्बी के घी का लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया था. अगर यह जानकारी सत्य है, तो यह बहुत बड़ा अपराध है, निश्चित रूप से भारत के सनातनियों के खिलाफ सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र किया गया है. इस प्रकार का कृत्य करके भारत के सनातनियों का धर्म भ्रष्ट करने की पूर्ण रूप से तैयारी की गई है. हम तो चाहेंगे कि वहां की सरकार सख्त से सख्त कानून बनाकर दोषियों को फांसी की सजा दे.

एनसीईआरटी की किताब के पाठ पर विवाद

छात्रा के पिता बोले-लव जिहाद को बढ़ावा देने की साजिश

एजेंसी । भोपाल

मध्यप्रदेश में एनसीईआरटी की तीसरी कक्षा की किताब के एक पाठ को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. छतरपुर के खजुराहो में एक छात्रा के पिता ने इस पाठ को लव जिहाद को बढ़ावा देने वाला बताया. छात्रा के पिता डॉ. राघव पाठक ने पाठ के कंटेंट को लेकर शुक्रवार को एनसीईआरटी के सेक्रेटरी और डिप्टी सेक्रेटरी को मेल भेजा है. उन्होंने पाठ के कंटेंट को साजिश बताते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की. खजुराहो निवासी डॉ. राघव का कहना है कि मुझे वहां के जवाब का इंतजार है. जब तक जवाब नहीं आता, मैं लोगों को जागरूक करता रहूंगा. लोगों से कहूंगा कि वह भी विरोध करें, क्योंकि सिर्फ मेरी बच्ची ही कक्षा तीन में नहीं पढ़ रही हैं. मैं सिलेबस के अन्य कंटेंट को भी देखूंगा कि और कहां इस तरीके का षड्यंत्र किया जा रहा है.

श्रीलंका ने किसे चुना राष्ट्रपति

आज हो जाएगी तस्वीर साफ

एजेंसी । कोलंबो

श्रीलंका के लोगों ने शनिवार को किस उम्मीदवार को अपना नया राष्ट्रपति चुना, इसकी तस्वीर आज पूरी तरह साफ होगी. शाम चार बजे मतदान खत्म हो गया. इसके आधा घंटे बाद पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू की गई है. श्रीलंका निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष आरएमएएल रत्नायके ने कहा कि पोस्टल बैलेट का परिणाम आधी रात से पहले आने की उम्मीद है. श्रीलंका के समाचार पत्र डेली मिरर की खबर के अनुसार निर्वाचन आयोग ने इसे अब तक का सबसे शांतिपूर्ण चुनाव कहा है। श्रीलंका में शनिवार सुबह सात बजे वोटिंग शुरू हुई. साल 2022 के सबसे खराब आर्थिक संकट के बाद श्रीलंका में यह पहला राष्ट्रपति चुनाव है. वैसे मुख्य मुकाबला मौजूदा राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा और वामपंथी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच माना जा रहा है. विक्रमसिंघे ने जुलाई 2022 में पदभार संभाला था.

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा

राज्य में कांग्रेस बाप-बेटे की पार्टी

एजेंसी । करनाल

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने करनाल के घरौंडा में कहा कि यहां कांग्रेस बाप-बेटे की पार्टी है. बाप-बेटे से उनका मतलब भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा से था. खट्टर यहीं नहीं रुके उन्होंने दलित बहन कुमारी शैलजा को भाजपा के साथ हाथ मिलाने का खुला

ऑफर भी दिया. हरियाणा के पूर्व सीएम ने कांग्रेस पर चुटकी लेते हुए कहा, यहां कांग्रेस बाप बेटे की पार्टी है. बाप कहता है मैं सीएम बनूंगा, बेटा कहता है मैं सीएम बनूंगा. इन दोनों में इसी बात को लेकर झगड़ा है. इन दोनों के अलावा कांग्रेस में और नेताओं को सीएम बनने की इच्छा हो सकती है. बोले, हमारी एक दलित बहन का अपमान हुआ है. उसको गालियां तक दी गई हैं. आज एक बहुत बड़ा वर्ग सोच रहा है कि हम क्या करें.

कानपुर में हिट एंड रन केस

मंदिर के बाहर सो रहे साधु दंपती को कार ने रौंदा, दोनों की मौत

एजेंसी । कानपुर

कानपुर के परमट इलाके में आनंदेश्वर मंदिर के बाहर सो रहे बुजुर्ग साधु दंपती को कार ने कुचल दिया. हादसे में दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. वहीं कार चालक मौके से फरार हो गया. मंदिर आए लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंची. जिसके बाद शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों और घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों की जांच कर घटना के बारे में और अधिक साक्ष्य जुटाने की कोशिश कर रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में जांच के बाद ही कुछ भी विस्तार से बताया जा सकेगा. आस पास के लोगों की मानें तो दंपती मंदिर के आसपास के इलाके में भिक्षा मांग कर अपना भरण-पोषण करते थे.

ट्रंप पर हमले के दौरान हुई लापरवाही, सीक्रेट सर्विस ने स्वीकारी गलती

वॉशिंगटन । 13 जुलाई को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की नाकाम कोशिश में असफल रहने की बात यूएस सीक्रेट सर्विस ने स्वीकारी है. बता दें पेंसिल्वेनिया की रैली में हुए इस हमले में एक शख्स की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, एजेंसी की आंतरिक समीक्षा रिपोर्ट में शुक्रवार को सामने आया कि हमलावर ने घटना से कुछ घंटे पहले रैली स्थल के ऊपर ड्रोन उड़ाया था, लेकिन एजेंटों ने उस तकनीक का इस्तेमाल करने में लापरवाही बरती, जिससे हमलावर की पहचान हो सकती थी. रिपोर्ट में हमले से पहले सीक्रेट सर्विस की एडवांस टीम के स्टेट और लोकल एजेंसियों के साथ कोऑर्डिनेशन पर सवाल खड़े किए गए. रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप की सुरक्षा की देखरेख के लिए जिम्मेदार सीक्रेट सर्विस, लोकल पुलिस स्नाइपर को पास की छत को सुरक्षित करने का निर्देश देने में नाकाम रही.

काशी की देव दीपावली में 12 लाख दीप जलेंगे

वाराणसी । काशी के देव दीपावली की पहचान लोकल से ग्लोबल हुई है. इस बार योगी सरकार काशी के 84 से अधिक घाट, कुंड और तालाबों को 12 लाख दीपों से प्रज्वलित करेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में 15 नवंबर को देव दीपावली होगी. देव दीपावली पर काशी के घाट दीपों की रोशनी से नहाए दिखाई देते हैं. दीपों की माला पहने हुए काशी के अर्धचन्द्राकार घाटों की छटा अलौकिक और अद्भुत दिखाई देती है. देव दीपावली को देखने के लिए देशी और विदेशी मेहमान भी काशी आते हैं. इस वर्ष देव दीपावली का नजारा 15 नवंबर को दिखेगा, जब खुद देवता देव दीपावली मनाने के लिए काशी के घाटों पर उतरेंगे. योगी सरकार देव दीपावली को दिव्य और भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों और कुंडों को रोशन करेगी. इसमें लाखों दीप गाय के गोबर से बने होंगे. योगी सरकार देव दीपावली को पहले ही प्रांतीय मेला घोषित कर चुकी है. देव दीपावली पर दिव्य लेजर शो और ग्रीन आतिशबाजी का भी आयोजन होगा. काशी के 84 से अधिक घाट, कुंड और तालाबों पर इस साल योगी सरकार और जन सहभागिता के जरिए 12 लाख से अधिक दीप जगमगाते दिखेंगे. पर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर राजेंद्र कुमार रावत ने बताया कि 12 लाख दीपकों में ढाई से तीन लाख दीपक गाय के गोबर से बने होंगे. इस दौरान गंगा पार रेत पर भी दीपक जलते हुए दिखेंगे.

सरकार के साथ शांति समझौते के लिए हूती विद्रोहियों ने रखी शर्तें

सना । यमन के हूती विद्रोहियों ने कहा है कि उनका ग्रुप यमनी सरकार और सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शांति समझौते के लिए तैयार है. हालांकि इसके लिए हूती के सर्वोच्च राजनीतिक परिषद के प्रमुख महदी अल-मशात ने कुछ शर्तें भी सामने रखी हैं. अल-मशात ने कहा, शांति प्राप्त करने का एकमात्र रास्ता है यमनियों को वेतन देना, यमन के हवाई अड्डों और बंदरगाहों को खोलना और सभी कैदियों को रिहा करना. उन्होंने शुक्रवार को राजधानी सना पर हूती के कब्जे की 10वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर एक टेलीविजन भाषण में यह बात कही. अल-मशात ने कहा, शांति की जरूरतों में मुआवजे का भुगतान, नुकसान की भरपाई और यमन गणराज्य से सभी विदेशी शक्तियों की पूर्ण वापसी भी शामिल है. हाल ही में हूती विद्रोहियों के हमले में तीन सैनिक मारे गए और पांच घायल हो गए, यह हमला दक्षिणी यमनी प्रांत ढाले में हुआ था.

हिजबुल्लाह ने इजरायली हवाई हमले में टॉप कमांडर इब्राहिम अकील के मारे जाने की पुष्टि की

एजेंसी । बेरूत

इजरायल की सेना ने शुक्रवार को बेरूत के दक्षिणी इलाके में बमबारी की, जिसमें हिजबुल्लाह का टॉप कमांडर इब्राहिम अकील मारा गया. हिजबुल्लाह ने इजरायली हवाई हमले में वरिष्ठ नेता इब्राहिम अकील के मारे जाने की पुष्टि की है. हिजबुल्लाह ने अपने एलीट राडवान फोर्स के कार्यवाहक कमांडर इब्राहिम अकील के निधन पर शोक जताया.

हिजबुल्लाह ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया, महान जिहादी नेता इब्राहिम अकील अपने जिहाद से भरपूर जीवन के बाद अपने शहीद भाइयों में शामिल हो गए हैं. उनका जीवन जिहाद, संघर्ष, बलिदान और विजय से भरा था. इस बीच, स्थानीय एमटीवी चैनल ने बताया कि अकील का शव हिजबुल्लाह के एलीट राडवान फोर्स के सात अन्य सदस्यों के साथ मिला है. एमटीवी चैनल ने पहले बताया था कि एलीट राडवान फोर्स की पूरी कमांड कमेटी उस इमारत में बैठक कर रही थी, जिसे इजरायली हवाई हमले का निशाना बनाया गया था. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, नागरिक सुरक्षा दल अभी भी मलबे के नीचे शवों की तलाश कर रहे हैं. स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायली हवाई हमले में 14 लोग मारे गए हैं और 66 अन्य घायल हुए हैं. बता दें कि हिजबुल्लाह ने पश्चिमी गैलिली में 30 से अधिक बस्तियों और उत्तरी इजरायल में एक प्रमुख खुफिया अड्डे पर 100 से अधिक रॉकेट दागे हैं. बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इजरायली हवाई हमले का बदला लेने के लिए हिजबुल्लाह ने यह कार्रवाई की है. लेबनानी सैन्य सूत्रों ने बताया था कि इजरायली हवाई हमलों ने दक्षिणी लेबनान के छह स्थानों को निशाना बनाया गया था.

यादगार पल | जब पीएम की बात सुन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ओबामा रह गए थे हैरान

आपकी कार के बराबर मेरी मां का घर : नरेंद्र मोदी

एजेंसी । नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर रवाना हो गए. जहां वह अमेरिका के डेलावेयर में होने वाली क्वाड की बैठक में हिस्सा लेंगे. अमेरिकी दौरे के बीच पीएम मोदी और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की मुलाकात का पुराना किस्सा आपको बताते हैं. अमेरिका में भारतीय राजदूत और पूर्व विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने साल 2014 में पीएम मोदी की अमेरिकी दौरे को लेकर एक यादगार पल को साझा किया है. उन्होंने बताया कि भारतीय प्रधानमंत्री और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के बीच क्या बातचीत हुई थी. विनय क्वात्रा ने बताया, जब पीएम मोदी और तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के बीच औपचारिक वार्ता खत्म हुई, तब वह ओबामा की लिमोजिन गाड़ी में बैठकर वहां से करीब 2 किलोमीटर दूर मार्टिन लूथर किंग मेमोरियल के लिए रवाना हुए, मैं अनुवादक के रूप में कार में मौजूद था. 10 मिनट की इस यात्रा के दौरान पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा ने पीएम मोदी से उनके माता-पिता और परिवार के बारे में पूछा.

जब ओबामा ने पूछा-आपकी मां कहां रहती हैं?

उन्होंने बताया कि इसी दौरान ओबामा ने पीएम मोदी से प्रश्न किया, आपकी मां कहां रहती हैं?, जिस पर पीएम मोदी ने हंसते हुए कहा, मैं जो कहूंगा आप शायद उस पर विश्वास नहीं करेंगे. लेकिन, ये सत्य है कि जितनी बड़ी आपकी कार के अंदर का स्पेस है, जहां पर हम बैठे हुए हैं, मेरी माताजी इतने ही साइज के मकान में रहती हैं. उन्होंने बताया कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ओबामा उनकी बात सुनकर आश्चर्यचकित हो गए, क्योंकि इस उत्तर में एक सत्यता उभर कर सामने आई. कहीं ना कहीं बराक ओबामा को उस उत्तर के पश्चात पीएम मोदी के जीवन में जो उनके सफर के संघर्ष थे, वो नजर आई. विनय मोहन क्वात्रा ने आगे कहा कि मेरा जो व्यक्तिगत अनुभव है, इस बातचीत के बाद पूर्व राष्ट्रपति ओबामा और पीएम मोदी के बीच गहरी समझ बनी, क्योंकि ओबामा और पीएम मोदी दोनों ही मामूली परिस्थितियों और समान जीवन संघर्षों से उठ कर अपने राष्ट्र का नेतृत्व कर रहे हैं. साल 2014 में पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा काफी सुर्खियों में रहा था.

मेलबर्न : 47 साल बाद आरोपी इटली में गिरफ्तार

सिडनी । 1977 में मेलबर्न में दो महिलाओं की हत्या के मामले में ऑस्ट्रेलियाई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. 47 साल बाद मामले के आरोपी को इटली में गिरफ्तार हुई है. विक्टोरिया स्टेट की पुलिस ने शनिवार को बताया कि 65 वर्षीय आरोपी, गुरुवार को रोम एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया. आरोपी के पास ग्रीक-ऑस्ट्रेलियाई दोहरी नागरिकता है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था. समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, विक्टोरिया पुलिस ने कहा कि वह सुजैन आर्मस्ट्रांग (27) और सुजैन बार्टलेट (28) की हत्या की जांच के सिलसिले में आरोपी को मेलबर्न लाने के लिए प्रत्यर्पण की मांग करेगी. दोनों महिलाएं 13 जनवरी, 1977 को मेलबर्न के अपने घर में मृत पाई गई थीं.

युवक ने कुत्ते के साथ की क्रूरता

बेल्ट से पीट-पीटकर मार डाला

एजेंसी । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे में एक आवारा कुत्ते के साथ क्रूरता करने के मामले में पुलिस ने आरोपी शख्स के खिलाफ केस दर्ज की है. इसको लेकर अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि पुलिस ने महाराष्ट्र के ठाणे में एक आवारा कुत्ते को मारने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ यह मामला दर्ज किया है. पुलिस ने कहा कि यह घटना गुरुवार को घोड़बंदर इलाके के मोगरपाड़ा में हुई. युवक ने कुत्ते को बेरहमी से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई. एक सामाजिक कार्यकर्ता ने इस संबंध में थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराई थी. उसकी शिकायत के अनुसार, आरोपी गोकुल थोर ने कुत्ते को बेरहमी से बेल्ट से पीटा, जिससे उसे गंभीर घाव हो गए. कुत्ते को अलग-अलग पशु अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन शुक्रवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.



उन्होंने कहा कि पुलिस ने बाद में धारा 325 के प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया है. दो हफ्ते पहले गोवा में भी सामने आया था ऐसा ही मामला बता दें कि अभी दो हफ्ते पहले गोवा में भी ऐसा ही मामला सामने आया था. गोवा में कुत्ते को दोपहिया वाहन से बांधकर कई किलोमीटर तक घसीटा गया था. इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)